रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 18 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 60 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### भारत ने नेपाल को पीटकर रिकॉर्ड आठवीं बार जीता सैफ फुटबॉल खिताब

**माले।** भारत ने नेपाल को एकतरफा अंदाज में शनिवार को 3-0 से पराजित कर रिकॉर्ड आठवीं बार सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने अपने तीनों गोल दूसरे हाफ में दागे। कप्तान सुनील छेत्री ने 48वें मिनट में पहला गोल किया जबकि सुरेश सिंह ने इसके दो मिनट बाद 50वें मिनट में भारत की बढ़त 2-0 कर दी। अब्दुल सहाल ने मैच के निर्धारित समय के आखिरी मिनट में यानी 90वें मिनट में भारत का तीसरा गोल दागा। छेत्री का टूर्नामेंट में यह पांचवां गोल था और वह टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे।छेत्री ने अपना 80वां अंतर्राष्ट्रीय गोल किया। भारतीय टीम ने अपना आठवां खिताब टीम भावना को समर्पित किया।

### मेट्रो ने येलो लाइन पर मुफ्त वाईफाई की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने येलो लाइन के सभी मेट्रो स्टेशनों में मुफ्त हाई स्पीड वाईफाई सेवा की सुविधा रविवार से सफलतापूर्वक शुरू की। यह लाइन-2 हुडा सिटी सेंटर से समयपुर बादली तक है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह सेवा, त्योहारों के मौसम की शुरुआत के साथ, इस लाइन पर शुरू की गई है, जिसमें 37 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इन 37 स्टेशनों पर 330 से अधिक एक्सेस प्वाइंट स्थापित किए गए हैं ताकि यात्रियों को बिना किसी कठिनाई के इंटरनेट उपलब्ध हो सके।

### कोविड से मुक्त होने की दर 98.10 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में कोविड महामारी के प्रकोप को रोकने का अभियान तेजी से चल रहा है जिसके कारण कोविड संक्रमण से मुक्त होने की दर 98.10 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि, पिछले 24 घंटे के दौरान देशभर में 41 लाख 20 हजार 772 कोविड टीके दिए गए हैं। इसके साथ ही आज सुबह 7ः00 बजे तक कुल 97 करोड 65 लाख 89 हजार 540 कोविड टीके दिए जा चुके थे। मंत्रालय ने बताया कि 19,788 कोविड रोगी पिछले 24 घंटों में संक्रमण मुक्त हो गये हैं। अभी तक कुल तीन करोड़ 34 लाख 19 हजार 749 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने बस्तर को 232 करोड़ 37 लाख रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय जगदलपुर प्रवास के दौरान ग्राम आसना स्थित बादल एकेडमी परिसर में आयोजित समारोह में 186 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक के 32 कार्यों का लोकार्पण और 45 करोड़ 82 लाख रुपए से अधिक के 15 कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके तहत बघेल ने लगभग 6 करोड़ रूपए की लागत से बस्तर विश्व विद्यालय जगदलपुर में नव निर्मित एमबीए अध्ययन शाला भवन, 68 लाख रूपए की लागत से ग्राम कुरंदी में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, 95 लाख 35 हजार रूपए की लागत से जगदलपुर विकासखण्ड के पुसपाल में निर्मित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन, 23 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से जगदलपुर शहर में मां दन्तेश्वरी मंदिर से एनएमडीसी रेस्ट हाऊस तक 3.52 किलोमीटर लम्बी प्रगति पथ, 43 करोड़ 21 लाख रूपए की लागत की 25.50 किलोमीटर नानगूर-नेतानार-कोलेंग मार्ग, 14 करोड़ 4 लाख रूपए की लागत से ग्राम-परपा में निर्मित 112 नग जी टाईप पुलिस आवासगृह, 22 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से निर्मित 29 किलोमीटर लंबी दरभा से कटेकल्याण मार्ग, 35 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से निर्मित 45 किलोमीटर लंबी चित्रकोट बारसूर मार्ग, लगभग 2 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से निर्मित सात किलोमीटर लंबी एरमुर से कस्तुरपाल मार्ग, लगभग 2 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5 किलोमीटर लंबी लामकेर-टिकनपाल-बालेंगा मार्ग, लगभग 1 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से निर्मित 3.20 किलोमीटर लंबी घाटपाली से महुपाल बरई मार्ग, लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5.5 किलोमीटर लंबी केशरपाल-सोरगांव मार्ग, लगभग 2 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से निर्मित 7 किलोमीटर लंबी मुंडागांव से राजपुर मार्ग, 1 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से निर्मित 2.20 किलोमीटर लंबी दरभा से तीरथगढ़ मार्ग तथा 1 करोड़ 48 लाख रूपए की लागत से तीरथगढ़ कटेकल्याण मार्ग, 69 लाख 30 हजार रूपए की लागत से 3-3 केव्ही के 6 स्थानों पर स्थापित सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र, 4 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम चित्तालुर में 6 स्थानों में स्थापित 120 एचपी का सामुदायिक सौर सिंचाई योजना, लगभग 2 करोड़ 66 लाख रूपए की लागत से 18 स्थानों में जल जवीन मिशन अन्तर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पम्प, लगभग 1 करोड़ 13 लाख रूपए की लागत से 20 स्थानों में पेजयल सोलर ड्यूल पम्प, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अन्तर्गत लगभग 49 लाख रूपए की लागत से जिला पंचायत जगदलपुर के पास सीएससी भूतल एवं प्रथम तल, लगभग 19 लाख रूपए की लागत से शहीद पार्क जगदलपुर में गढ़कलेवा में निर्मित कार्य का लोकार्पण किया।

### बस्तर की जनजातीय संस्कृति को सहेजने और संवारने में 'बादल एकेडमी' की होगी महत्वपूर्ण भूमिका



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर के समीप आसना ग्राम में बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लेंग्वेज (बादल) के नवनिर्मित परिसर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि जनजातीय संस्कृति के केन्द्र के रुप में प्रसिद्ध बस्तर के लोक नृत्य, स्थानीय बोलियां, साहित्य एवं शिल्पकला के संरक्षण और संवर्द्धन में आज शुरू हुई बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लैंग्वेज (बादल) की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस केन्द्र की स्थापना 5 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से की गई है। बादल एकेडमी के जरिए बस्तर की विभिन्न जनजातीय संस्कृतियों को एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक हस्तान्तरण करना, बाकी देश-दुनिया को इनका परिचय कराना, शासकीय कार्यों का सुचारु सम्पादन के लिए यहां के मैदानी कर्मचारी-अधिकारियों को स्थानीय बोली-भाषा का प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर की गौरवशाली संस्कृति की गूंज हिंदुस्तान ही नहीं देश दुनिया में सुनाई देती है। बादल एकेडमी के जरिये बस्तर की संस्कृति को नई पहचान मिलेगी।

### चाय और काफी की खेती को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ टी काफी बोर्ड के गठन का लिया निर्णय

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में चाय और काफी की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि मंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ टी काफी बोर्ड का गठन किये जाने का निर्णय लिया है। उद्योग मंत्री छत्तीसगढ़ टी काफी बोर्ड के उपाध्यक्ष होंगे। बोर्ड में अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, कृषि उत्पादन आयुक्त , प्रबंध संचालक सीएसआईडीसी, कृषि/उद्यानिकी एवं वन विभाग के एक-एक अधिकारी सहित दो विशेष सदस्य भी शामिल किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य के उत्तरी भाग, विशेषकर जशपुर जिले में चाय तथा दक्षिणी भाग, विशेषकर बस्तर जिले में कॉफी की खेती एवं उनके प्रसंस्करण की व्यापक संभावनाये है। इसमें उद्यानिकी एवं उद्योग विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों से तकनीकी मार्ग दर्शन लेने के साथ ही निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, निवेशकों एवं कन्सल्टेंट्स की सहायता भी ली जाएगी।

# राहुल से मिलकर भी नहीं माने नवजोत सिंह सिद्धू

## सोनिया गांधी को लिखा 13 मांगों वाला खत

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब में कांग्रेस आलाकमान की गले की हड्डी बनते जा रहे हैं क्योंकि ऐसा लगने लगा है कि सिद्धू के रहते हुए पंजाब कांग्रेस का सियापा खत्म ही नहीं हो सकता। दो-तीन दिन पहले ही राहुल गांधी ने नवजोत सिंह सिद्धू से मुलाकात की थी, जिसके बाद उन्होंने पंजाब कांग्रेस पद से इस्तीफा वापस ले लिया था। हालांकि, अब सिद्धू ने सोनिया गांधी को खुली चिट्ठी लिखकर नया बवाल पैदा कर दिया है। सिद्धू ने सोनिया को चिट्ठी लिखकर अब चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाए जाने पर भी सवाल किए हैं और साथ में पंजाब सरकार को 13 मुद्दों पर काम करने के लिए निर्देश देने को भी कहा है। सिद्धू की चिट्ठी से यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी से मिलने के बावजूद उनकी नाराजगी बनी हुई है। सिद्धू ने सोनिया को खुली चिट्ठी लिखकर अनुरोध किया है कि वह पंजाब सरकार को 13 मुद्दों पर काम करने का निर्देश दें। साथ ही सिद्धू ने इन मुद्दों पर चर्चा के लिए सोनिया से मिलने का समय भी मांगा है। सिद्धू ने चिट्ठी में खुद को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बतात हुए कहा कि उनके पास सरकार पर नजर रखने की जिम्मेदारी है।

### चन्नी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

नवजोत सिंह सिद्धू भले ही यह कहते आए हों कि उन्हें सीएम पद का लालच नहीं है लेकिन मुख्यमंत्री न बनाए जाने की टीस गाहे-बगाहे वह बयान करते ही रहे हैं। सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर सिद्धू ने कहा है कि पंजाब में एक दलित को सीएम बनाया गया लेकिन राज्य भर के दलित समाज को समान प्रतिनिधित्व नहीं मिला। सिद्धू ने सोनिया से मांग की है कि चन्नी कैबिनेट में मजहबी सिख समाज से एक, पिछड़े समाज से दो और दोआबा इलाके से मंत्री बनाने चाहिए। बता दें कि पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी रामदसिया सिख हैं।

## दिल्ली में नाबालिग लड़की को अगवा कर 60 हजार में बेचा, दो गिरफ्तार

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राजधानी दिल्ली में 15 साल की एक नाबालिग लड़की को अगवा कर उसे 60,000 रुपए में राजस्थान में बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है । दिल्ली पुलिस ने शालीमार बाग थाने की इस घटना के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लड़की को राजस्थान के सीकर से अभियुक्तों के चंगुल से मुक्त करा लिया। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त आलोक कुमार ने रविवार को बताया कि मुख्य आरोपियों दिल्ली के हैदरपुर के निवासी नीरज सोनकर और राजस्थान के रहने वाले गोपाल लाल को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि नीरज ने दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 2 की निवासी मुस्कान और उत्तर प्रदेश के आगरा की रहने वाली शीतल के साथ मिलकर नाबालिग लड़की को राजस्थान के गोपाल लाल के हाथों 60,000 में बेच दिया था। गोपाल उस लड़की से अपने साले दानवीर उर्फ दाना के साथ शादी करना चाहता था । पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 साल की लड़की को गोपाल लाल के पास से बरामद किया। लड़की को राजस्थान के सीकर से बरामद किया गया, जहां उसे शादी के लिए ले जाया गया था। पुलिस दल ने आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़िता को मुक्त कराने के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा और राजस्थान के सीकर में छापेमारी की थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक आरोपी दानवीर फरार है। वह उस लड़की से शादी करना चाहता था। इस मामले की आरोपी लड़कियों रोहिणी की मुस्कान और आगरा की शीतल के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी जाएगी । श्री कुमार बताया कि लड़की को बेचकर हासिल की गई रकम में से नीरज हिस्से में 30 हजार रुपए आए थे, जो उसकी गिरफ्तारी के साथ ही उससे पुलिस ने बरामद कर लिए गए थे।

## गैर-कश्मीरी मजदूरों पर हमला, आतंकियों ने तीन पर बरसाईं गोलियां, दो की मौत

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की ओर से आम नागरिकों को निशाना बनाने का सिलसिल टूट नहीं रहा है। रविवार को कुलगाम के वानपोह इलाके में आतंकियों ने मंजदूरों पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में गैर कश्मीरी दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया है। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आतंकियों ने घर से घुसकर मजदूरों को निशाना बनाया है। बता दें कि यह लगातार दूसरा दिन है जब आतंकियों ने गैर कश्मीरी मजदूरों को निशाना बनाया गया है। इन दो दिनों में आतंकियों ने अब तक कुल चार गैर-कश्मीरी मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर चुके हैं।

इससे पहले शनिवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और पुलवामा जिले अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने दो गैर स्थानीय लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को लेकर पुलिस अधिकारी ने बताया था मूल रूप से बिहार के बांका जिले के रहने वाले अरविंद कुमार साह (30) को आतंकवादियों ने शनिवार शाम को श्रीनगर में ईदगाह के पास पार्क के बाहर गोली मारी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि साह की मौके पर ही मौत हो गई। साह श्रीनगर में गोलगप्पा बेचते थे और उनका सपना बिहार में मौजूद परिवार को गरीबी से निकालना था जो उनकी मौत के साथ टूट गया है। चश्मदीदों ने बताया कि पिस्तौल से लैस आतंकवादी ने साह के ठेले को रोका और करीब से उनपर गोली मारी जिससे मौके पर ही साह की मौत हो गई।

## विपन्नता से मुक्त समाज की स्थापना का लक्ष्य होना चाहिए : नायडू

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्टपति एम. वेंकैया नायडू ने संसाधनों को साझा करने का आह्वान करते हुए कहा है कि समाज को गरीबी से मुक्त कराना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। नायडू ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर जारी एक संदेश में कहा कि समाज में उपलब्ध संसाधनों को समान रूप से साझा किया जाना चाहिए जिससे गरीबी का उन्मूलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे समाज में समृद्धि लायी जा सकती है। श्री नायडू ने अपने संदेश में महात्मा गांधी की उक्ति गरीबी, हिंसा का सबसे विकृत रूप है का भी उल्लेख किया। उप राष्ट्रपति ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर, सभी के लिए जीविका के स्थायी स्रोत उपलब्ध कराने के लिए साझा प्रयास करें। विपन्नता से मुक्त एक आदर्श संपन्न समाज हमारा लक्ष्य है।


### नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से शुरू होने वाले नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सुरक्षा चुनौतियां पर संबोधित करेंगे। नौसेना के शीर्ष कमांडरों के पांच दिनों के सम्मेलन का दूसरा सत्र सोमवार से शुरू होकर 22 अक्टूबर तक चलेगा। सम्मेलन में समुद्री महत्व के मुद्दों पर शीर्ष कमांडरों तथा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सैन्य तथा सामरिक स्तर पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। क्षेत्र की भू सामरिक स्थिति में तेजी से हो रहे बदलाव को देखते हुए इस सम्मेलन को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हुए अलाई बलाई एक मंच को प्रस्तुत करता है

# अलाई बलाई सामाजिक एकता और सद्भावना को देता है बढ़ावा : मोदी

एजेंसी ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद के नेकलेस रोड पर जल विहार में आयोजित अलाई बलाई समारोह के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हुए अलाई बलाई एक बेहतरीन मंच को प्रस्तुत करता है, जिसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी कला को प्रस्तुत कर सकेंगे। हरियाणा के राज्यपाल बण्डारु दत्तात्रेय को संबोधित एक पत्र में मोदी ने कहा कि हैदराबाद में आयोजित अलाई बलाई समारोह के बारे में जानकर खुशी हो रही है। विजयादशमी के तुरंत बाद मनाए जा रहे इस उत्सव ने तेलंगाना के लोगों में त्यौहार के जश्न की भावना को और बढ़ा दिया है। यह हमारी अदम्य इच्छाशक्ति का भी सबूत है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति के एक हिस्से के रूप में अलाई बलाई समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देती है। इस तरह के खुशी के अवसर सभी बाधाओं को तोड़ते हुए लोगों को साथ में लाते हैं। यह अवसर सभी को एक मौका देता है कि वे तेलंगाना की संस्कृति, परंपराओं और व्यंजनों के बारे में जाने। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मुझे यकीन है कि यह उत्सव समावेशी भावना के साथ-साथ सामाजिक सद्भभावना की दिशा में अपना योगदान देगा। एकता और अच्छाई की भावना हर किसी के दिल में हो। तेलंगाना के राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन किया, जिसे दत्तात्रेय की बेटी बंडारू विजयलक्ष्मी द्वारा दशहरा मिलन के रूप में आयोजित किया गया है। अलाई बलाई दशहरे से पहले नवरात्रि के जश्न के रूप में आयोजित किया जाने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। यह तेलंगाना में रहने वाले लोगों के जीवन को दर्शाता है। इस त्योहार का मकसद लोगों में भाईचारे की भावना को पैदा करना है। इसकी शुरुआत हरियाणा के राज्यपाल, पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री बण्डारु दत्तात्रेय ने निजाम कॉलेज में की थी। इसे हर साल हैदराबाद में दशहरे के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।इसमें समाज के सभी वर्गों क लोग और हर प्रांत के नेता भाग लेते हैं।

### नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने मोदी से कहाः संबंध मजबूत बनाने के लिए आपके साथ काम करने की है इच्छा

**ओस्लो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री जोनस गाहर स्टोरे को प्रेषित शुभकामना और बधाई संदेश के जवाब में उन्होंने मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में नॉर्डिक-भारत शिखर सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन सहित अन्य मुद्दों पर भारत के साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि शनिवार को, श्री मोदी ने सरकार की बागडोर संभालने पर प्रधान मंत्री जोनस गाहर स्टोरे को बधाई दी थी और कहा था कि वह भारत-नॉर्वे संबंधों को मजबूत करने के लिए वह उनके साथ काम करने के इच्छुक हैं। इसके बाद स्टोरे ने उनके बधाई संदेश का जवाब देते हुए ट्वीट किया, 'धन्यवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। मैं भी एक नियम-आधारित विश्व व्यवस्था, महासागरों, जलवायु, पर्यावरण, ऊर्जा और नॉर्डिक-भारत शिखर सम्मेलन पर यूएनएससी में नॉर्वे-भारत सहयोग को मजबूत करने के लिए आपके साथ काम करने का इच्छुक हूं। नार्वे की केन्द्र-वाम लेबर पार्टी के नेता प्रधानमंत्री जोनस ने इस हफ्ते की शुरुआत में एर्ना सोलबर्ग की जगह ली, जो दो कार्यकाल तक इस पद पर बनी रहीं। गौरतलब है कि यूएनएससी में सहयोग पर बात इसलिए की जा रही है क्योंकि भारत और नॉर्वे दोनों ही 2021-22 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य हैं। भारत ने इस साल अगस्त के महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की थी और दिसंबर, 2022 में भारत इसका कार्यभार संभालेगा।

## लैंडस्लाइड में अब तक 21 लोगों की मौत, 8 लापता, 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

एजेंसी ◄ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



केरल में लगातार हो रही भारी बारिश से हालात काफी बिगड़ गए हैं। राज्य में बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 21 लोगों की मौत हो गई है और 8 लापता हैं। इनमें से 13 की मौत कोट्टायम तो 8 की इडुक्की में हुई हैं। पठानमथिट्टा के पहाड़ी इलाके बाढ़ से ज्यादा प्रभावित हैं।

वहीं, मीनाचल और मनीमाला में नदियां उफान पर हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। साथ ही कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। यहां तक कि कई जिलों में बांध अपनी पूरी क्षमता के करीब पहुंच गए हैं। राज्य के पहाड़ी इलाकों में कई छोटे कस्बे और गांव बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट गए हैं।

**तिरुवनंतपुरम, कोल्लम समेत इन 11 जिलों में यलो अलर्ट-** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पठानमथिट्टा, कोट्टायम, अलाप्पुझा, एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम और कोझीकोड जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (हृष्टक्र) के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों के लिए भारी बारिश को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**मुरिया दरबार में शामिल हुए मुख्यमंत्री बघेल ने की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं, दंतेश्वरी मंदिर में बनेगा आधुनिक ज्योति कक्ष**

## टेम्पल कमेटी के लिए लिपिक और भृत्य की होगी भर्ती

# बस्तर के विकास की चर्चा का सार्थक स्थल है मुरिया दरबार : मुख्यमंत्री बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुरिया दरबार को विश्वसनीय दरबार बताते हुए कहा कि इस दरबार में की गई मांगे पूरी होती हैं। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा के तहत सिरहासार में आज आयोजित मुरिया दरबार में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने टेम्पल कमेटी के लिए एक लिपिक और एक भृत्य की भर्ती की घोषणा करने के साथ ही यहां स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय का नामकरण वीर झाड़ा सिरहा के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने दंतेश्वरी मंदिर में आधुनिक ज्योति कक्ष के निर्माण की घोषणा भी की।



### मुरिया दरबार में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए सिरहासार पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत मांझी-चालकियों द्वारा पारंपरिक पगड़ी पहनाकर किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री एवं बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी, कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा, बस्तर के माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव, क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, मांझी, चालकी, मेम्बर-मेम्बरिन, नाईक-पाईक, जोगी-पुजारी सहित बस्तर दशहरा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### सिरहासार पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर विश्व में सबसे ज्यादा दिनों तक चलने वाले बस्तर के दशहरे का इस साल भी मिलकर किए गए संचालन को बहुत सुंदर बताते हुए इसके लिए बस्तर दशहरा समिति के सभी सदस्यों और प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरे की कई विशेषताएं हैं, जिसके कारण देश-विदेश के लोग हर साल इसमें शामिल होने के लिए बस्तर आते हैं। शासन-प्रशासन और पूरे बस्तर संभाग के लोग जिस तरह एकजुटता और आपसी सहयोग के साथ 75 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन को सफल बनाते हैं, वह भी बस्तर दशहरे की विशेषता है। उन्होंने लोगों को एकजूट रखने के लिए इस संस्कृति और परंपराओं को आवश्यक बताते हुए इसे सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पीछे अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने की चिंता भी एक बड़ा कारण थी। आज हम लोग इसी दिशा में प्राथमिकता के साथ काम कर रहे हैं।

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि मिलेगी राज्य स्थापना दिवस पर

बस्तर के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने के लिए बीते तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पहले तीजा-पोरा, कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस, छठ पर्व जैसे लोक त्यौहारों में सरकारी छुट्टी नहीं मिलती थी। हमारी सरकार ने छुट्टियां शुरु की, ताकि छत्तीसगढ़ के लोग अपने त्यौहारों का ठीक तरह से आनंद ले सकें। इन्हीं त्यौहारों के माध्यम से हमारे संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचते है। बस्तर में देवी-देवताओं को मानने की संस्कृति को विशिष्ट बताते हुए कहा कि बस्तर इकलौता स्थान है, जहां देवी-देवताओं की आराधना करने के साथ ही उनके साथ अपना संपूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं। वे अपने देवताओं के साथ खाते हैं, गाते हैं, नाचते हैं और देवताओं से रुष्ट भी होते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की इस संस्कृति के बारे में देश-दुनिया को जानने और समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए ही बस्तर संभाग में देवगुड़ियों और गोटुलों का संरक्षण किया जा रहा है। देवगुड़ियों के विकास और सौंदर्यीकरण के काम में पैसों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बस्तर और बस्तर की आदिम संस्कृति की चर्चा तो पूरी दुनिया में होती है, लेकिन लोग आज भी इसके बारे में अच्छी तरह नहीं जानते हैं। यहां की आदिवासी संस्कृति से पूरी दुनिया को परिचित कराने के लिए ही हम लोगों ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन शुरु किया है। सन् 2019 में रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था। इसमें देश के 25 राज्यों के 2500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। साथ ही साथ बांग्लादेश, श्रीलंका, बेलारूस, मालदीव, थाईलैंड और युगांडा के कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया था। यह आयोजन तीन दिनों तक चला था। सन् 2020 में कोरोना.संकट के कारण यह आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन अब स्थिति बेहतर है, इसलिए इस साल भी राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी है। हमारे जनप्रतिनिधि पूरे देश में यात्रा करके न्योता बांट रहे हैं। इस बार राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव 28 से 30 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित होगा। देशभर के आदिवासी कलाकार इस बार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

## जशपुर मामले में भाजपा स्तरहीन राजनीति कर रही : सुशील शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जशपुर मामले में भाजपा द्वारा लिये गये प्रेस कांफ्रेस और आंदोलन को कांग्रेस ने भाजपा की स्तरहीन राजनीति बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि जब घटना के अपराधी गिरफ्तार हो चुके है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलॉफधारा 302 के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज हो चुका है। अपराधियों के विरूद्ध गांजा तस्करी के लिये 20 बी एन डी पीएस एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। प्रथम दृष्टया लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की जा चुकी है।

मृतक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने कर दिया है। घायलों का समुचित बेहतर ईलाज करवाया जा रहा है। फिर भारतीय जनता पार्टी इस दुर्घटना को लेकर किस बात का आंदोलन कर रही है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में रोड एक्सीडेंट की घटना पर इतनी कड़ी कार्यवाही के बाद आंदोलन की नौटंकी कर रही है। लखीमपुर की घटना के समय भाजपाईयों की संवेदना कहां गयी थी। वहां पर तो भाजपा नेता के पुत्र ने आंदोलनरत किसानों को मारने का इरादा बनाकर गाड़ी चढ़ा कर उनकी हत्या किया था तब भी योगी सरकार को हत्या का मुकदमा दर्ज करने में पांच दिन लग गये थे। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भाजपा नेता के पुत्र को सरेंडर करने का अवसर दिया गया था। हत्या के आरोपी को सरेंडर का अवसर दिया जाता है या उसका गिरेबान पकड़ कर सलाखों के पीछे डाला जाता है। भाजपा बताये जशपुर के जैसे त्वरित कार्यवाही लखीमपुर में क्यों नही हुयी थी? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने लाश पर राजनीति कर रही है। पहले भाजपा ने घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जब सफल नहीं हुये तब आंदोलन को नौटंकी कर रहे है। भाजपा को स्पष्ट करना चाहिये कि घटना में पकड़ाये अपराधी का मध्यप्रदेश के सिंगरौली की भाजपा नेत्री से क्या संबंध है? भाजपा शासित मध्यप्रदेश नशा और गांजा की खपत का इतना बड़ा अड्डा कैसे बन गया है। आज उड़ीसा से निकलने वाला गांजा जो छत्तीसगढ़ में लगातार पकड़ा जा रहा है।

## गांजा तस्करी रोकने सीमावर्ती जिलों में बनेंगे स्थाई चेक पोस्ट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओडिशा राज्य से गांजा तस्करी को रोकने के लिए ओडिशा और छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक आहूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गांजा तस्करी को रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने और सीमावर्ती चेक पोस्ट में सी.सी.टी.वी कैमरे की व्यवस्था के साथ ही चौबीस घंटे निगरानी के लिए पुलिस बल तैनात करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने राज्य के पुलिस महानिदेशक और विशेष पुलिस महानिदेशक नक्सल आपरेशन को इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।,द्यह्यश्च द्भड्डस्र - दंतेवाड़ाः 22 हजार रेडीमेड कपड़ों का लॉट बेंगलुरु हुआ रवाना मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के सभी सीमावर्ती जिलों में जिनकी सीमाएं ओडिशा राज्य से लगती हैं वहां के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को स्थाई अधोसंरचना और चेक पोस्ट बनाने को कहा है। इन स्थानों में सी.सी.टीवी कैमरा की व्यवस्था के साथ ही 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेंगे और निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक और विशेष पुलिस महानिदेशक नक्सल आपरेशन को तत्काल इस दिशा में पहल करते हुए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने को कहा है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक इंटेलिजेंस के साथ-साथ सीमावर्ती जिले के पुलिस अधीक्षक और ओडिशा पुलिस के उच्चाधिकारी शामिल होंगे।

### राज्यपाल उइके स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बूढ़ानशाह की पुण्यतिथि पर शामिल होंगी

**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके 18 अक्टूबर 2021 को महासमुंद जिले के ग्राम अरण्ड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बूढ़ानशाह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। उइके दोपहर 12:45 बजे पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से रवाना होंगी और दोपहर 01:15 बजे खुटेरी मैदान हेलीपेड, ग्राम-अरंड, जिला-महासमुंद पहुंचेगी।

वे वहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बूढ़ानशाह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में शामिल होंगी। राज्यपाल उइके खुटेरी मैदान हेलीपेड, ग्राम-अरंड से दोपहर 02:40 बजे रवाना होंगी और दोपहर 03:10 बजे पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर पहुंचेंगी।

### 'मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में 18 को मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह राजीव भवन में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे'



**रायपुर।** मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ और जनसामान्य से मिल कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने मांझी, चालकी, पुजारी और जनजातीय समाज प्रमुखों के साथ किया भोजन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बादल एकेडमी के लोकार्पण के बाद परिसर में मांझी, चालकी, पुजारी और जनजातीय समाज प्रमुखों के साथ पंगत में बैठकर दोपहर का भोजन ग्रहण किया। इस अवसर उद्योग मंत्री एवं बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, विधायक कोंडागाँव मोहन मरकाम, विधायक राजमन बेंजाम, विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चन्दन कश्यप, क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार भी उपस्थित थे।

## नेशनल योगासन स्पोर्टस फेडरेशन के महेन्द्र त्रिवेदी बने अध्यक्ष और डी के शर्मा को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

गत तीन अक्टूबर को नेशनल योगासन स्पोर्टस फेडरेशन में सर्वसम्मति से महेन्द्र भाई त्रिवेदी को अध्यक्ष एवं डी के शर्मा को महामंत्री चुना गया। युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत नेशनल योगासन स्पोर्टस फेडरेशन की अहमदाबाद में स्थित एक निजी होटल में स्पेशल जनरल बॉडी की बैठक में देश के 25 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उक्त जानकारी छग एमेच्योर योग संघ के महासचिव अजित पंडा ने देते हुए बताया कि बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री को नई कार्यकारिणी के लिए अधिकृत किया गया। स्पेशल जनरल मीटिंग में राज्यों के प्रतिनिधियों से फेडरेशन के बेहतर ढंग से संचालन के लिए सुझाव मांगे गये। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव अन्य प्रदेशों से आये प्रतिनिधियों ने दिये। जिसको मंथन के साथ अमल करने की बात नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कही। उन्होनें योगा के विकास व प्रचार के साथ योग खिलाडियों के हित हमारा सर्वोपरि होगा। आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा नवनिर्वाचित महामंत्री डी के शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य एसोसिएशन को हम सिर्फ मार्गदर्शन देंगे ,बाकी किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप फेडरेशन की ओर से नही होगा। जल्द ही विधिवत विभिन्न कार्यकारिणी के साथ ही नये योगासन स्पोर्ट्स का कलैंडर जारी किया जायेगा।

प्रदेश एसोसिएशन को उसी अनुरूप अपनी प्रतियोगिता करानी होगी ताकि नेशनल चैम्पियनशिप में किसी भी प्राकर का व्यवधान नही आने पाये। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. गोपाल, डे, देशवाल, रमेश लोहाना गुरूजी, डॉ. हर्षद सोलंकी, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के डीन डॉ. ईश्वर भारद्वाज, पतांजलि यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. शर्मा, सभी राज्यों के एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सदर बाजार की बिल्डिंग देर रात को हुई धराशायी



**रायपुर।** सदर बाजार रायपुर में देर रात क़ानूगा ज्वेलर्स की बिल्डिंग धराशायी हो गई। जानकारी मिलते ही दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल निरीक्षण करने पहुंचे। साथ में नगर निगम अधिकारियों की टीम भी स्पॉट में थी।विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने तत्काल मलमा हटाने और बची हुई बिल्डिंग को पूरा तोड़ने का निर्देश दिया। अधिकारियों से कहा कि बाजू बिल्डिंग को नुकसान न पहुंचे, इसका ध्यान रखा जाए। विधायक अग्रवाल के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ भी उपस्थित थे।

## चाकूबाजी कर रहे आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस



**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना इलाके में देर रात कोटा के बालाजी फैंसी स्टोर के सामने चाकूबाजी हुई थी। इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए। इस वारदात में शामिल दो आरोपी नितिन गोढ और सचिन गौतम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इसके बाद दोनों आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला। मामले को लेकर सरस्वती नगर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष नशे में थे दुर्गा विसर्जन के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई जिसमें आवेश में आकर नीतिन गोढ और सचिन गौतम ने तीन युवक शिवम सिंह, अजय, भोला पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में धारा 307, मारपीट की धारा और आर्म्स एक्ट लगाकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया और जूलूस निकाला गया।

## शराब के नशे में जयस्तंभ चौराहे पर कार खड़ी कर सड़क पर बैठकर बात करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में शराबियों की मस्ती बढ़ते ही जा रही है। इसी के तहत एक खबर राजधानी रायपुर से 2 शराबियों की खबर सामने आ रही है। दरअसल शहर के जयस्तंभ चौक पर गाड़ी रोक कर दो दोस्त सड़क पर बैठ गए और बातें करने लगे।



इसके बाद दोनों ने करीब 10 मिनट तक यहां हंगामा किया। सूचना के बाद सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर अब पुलिस ने इनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार शराबी का नाम अरूण कुमार सोनी है। गोलबाजार थाने की पुलिस ने इन शराबियों के खिलाफ चौराहे पर गाड़ी रोककर सार्वजनिक रास्ते को बाधित करने और लोगों को तकलीफ पहुंचाने का केस दर्ज किया है। यह घटना शुक्रवार देर रात 12:00 बजे के बाद की बताई जा रही है। इस मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम पर पहुंची तो शनिवार शाम तक कार को ड्राइव कर रहे अरुण गिरफ्तार कर लिया गया। इस केस में इसके साथी केपी की तलाश की जा रही है, पुलिस को पता चला है कि केपी राजनांदगांव का रहने वाला है।

### अमित जोगी ने एसआई भर्ती में अभ्यर्थियों की लंबाई 165 सेमी. करने शासन से की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने राज्य सरकार से एसआई भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की लंबाई न्यूनतम 165 सेमी. किये जाने की मांग की है। जोगी ने इस संबंध में ट्वीट भी किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि प्रदेश में वर्तमान में पुलिस एसआई की भर्ती की जा रही है, जिसमें सभी वर्ग के लिए ऊंचाई 168 सेमी. कर दिया गया है जो कि ज्यादा है। इससे योग्य और देशप्रेमी युवा वर्ग वंचित हो रहे है।

जोगी ने छत्तीसगढ़ के युवाओं की औसत लम्बाई को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से आग्रह किया है कि एसआई भर्ती में चयनित अभ्यर्थियो की लम्बाई 168 सेमी. से 165 सेमी. किया जाए ताकि प्रदेश के युवाओं को मौका मिल सके। अगर ऐसा नहीं किया गया तो पूर्व की तरह अधिकांश पदों में अन्य प्रांतों के लोगों का कब्जा हो जाएगा।

## चोरों ने संस्कृति विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के घर में कैश और मोबाइल कर दिया पार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के घर चोरी हो गई। इस मामले में मंदिरहसौद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। यह घटना नवा रायपुर इलाके में हुई। डिप्टी डायरेक्टर जेआर भगत के सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। बदमाशों ने बड़े ही आसानी से अफसर के धर के अंदर घुसकर और कैश और मोबाइल फोन पर हाथ साफ किया और फरार हो गए हैं। जेआर भगत ने पुलिस से अपनी शिकायत में बताया है कि 15 अक्टूबर को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने की वजह से वह रायपुर से भिलाई चले गए थे। नवा रायपुर के सेक्टर 17 में उन्हें एक सरकारी आवास मिला है। श्व 1/38 नंबर के इस सरकारी आवास में ताला लगाकर भगत अपने परिवार के साथ भिलाई रवाना हो गए। मकान में अपने निजी स्टाफको भी उन्होंने छुट्टी दे दी। अब जब लौटे तो मकान के गेट का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था और टूटा हुआ ताला भी वहीं पड़ा मिला। भगत ने देखा कि उनकी अलमारी का पल्ला भी खुला हुआ है और लॉकर से छेड़छाड़ की गई है। अलमारी के अंदर रखे 60 हजार रुपए दो मोबाइल फोन चोरी हो चुके थे। मकान के पिछले हिस्से का गेट भी तोड़ा गया था। इसके बाद उन्होंने मंदिरहसौद थाने में इस घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक इस घटना को आसपास के ही किसी गिरोह ने अंजाम दिया है। नवा रायपुर का इलाका काफी सुनसान रहता है।

**अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजय दशमी के अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव द्वारा मंत्री का अभिवादन किया**

## मंदिरहसौद में मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने दशहरा मैदान उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के लिए दी 2.50 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर पंचायत मंदिर हसौद में विजय दशमी के अवसर पर दशहरा महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष मंदिर हसौद ओमप्रकाश यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजय दशमी के अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव द्वारा मंत्री का अभिवादन किया गया साथ ही नगर में होने वाले विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।



**हसौद में विजय दशमी के अवसर पर दशहरा महोत्सव का** भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष मंदिर हसौद श्री ओमप्रकाश यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजय दशमी के अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव द्वारा मंत्री जी का अभिवादन किया गया साथ ही नगर में होने वाले विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. शिवकुमार डहरिया द्वारा नगर के लोगों को विजय दशमी की बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही दशहरा मैदान को खेल मैदान के रूप में उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण हेतु 2.50 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत कर नगरवासियों को सौगात दी। इस अवसर पर नगरवासियों व आसपास से पहुँचे लोगों को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने बताया की प्रदेश सरकार किसान, मजदूर, को सबल बनाने, मूलभूत विकास कार्य के साथ-साथ प्रभु श्रीराम जी के भी कार्य को आगे बढ़ा रहे है। इसी क्रम में आरंग विधानसभा अंतर्गत चंदखुरी में माता कौशल्या के भव्य मंदिर निर्माण के साथ राम वन गमन पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### सट्टा पट्टी के साथ एक गिरफ्तार,नगदी 6500 रुपये व 3 नग सट्टा पर्ची जब्त

**रायपुर।** सट्टा पट्टी लिखने की सुचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर नगदी रुपये व 3 नग सट्टा–पट्टी जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक न्यू मार्केट माना कैम्प में अवैध रूप से सट्टा लिखने की सुचना पर माना कैम्प थाना पुलिस ने मौका पहुंच घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी से पुछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपेश डे पिता उत्तम डे 22 वर्ष निवासी पुराना सब्जी मार्केट माना कैम्प बताया है। आरोपी के कब्जे से 03 नग सट्टा पर्ची 01 नग डाट पेन ,कार्बन का टुकडा तथा सट्टा का नकदी रकम 6500 रुपये जब्त की है। आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4 क के तहत कार्यवाही कर जमानतीय मुचलका पर रिहा कर दिया गया है।

## अंबेडकर अस्पताल में 6 माह बाद बच्चों की ओपीडी, पहले दिन पहुंचे 50 पेशेंट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




अंबेडकर अस्पताल में बच्चों का अस्पताल यानी पीडियाट्रिक विभाग शिफ्ट हो गया। सुबह 9 बजे बच्चों की ओपीडी शुरु हो गई है। पहले दिन 50 बच्चे ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे। ज्यादातर बच्चे सीजनल वायरल फ्लू से पीड़ित थे। अस्पताल की आईपीडी यानी वार्ड में 30 बच्चे भर्ती है। सभी बच्चे शुक्रवार को ही कालीबाड़ी अस्पताल से अंबेडकर अस्पताल के वार्ड नंबर-1 और 2 में शिफ्ट कर दिए गए थे। डाक्टरों की पूरी यूनिट भी आ गई है। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अफसरों के अनुसार जल्द ही पंडरी जिला अस्पताल में नवजात बच्चों का नियोनेटल यूनिट भी शिफ्ट हो जाएगा। दरअसल, कोरोना के दौर में अंबेडकर अस्पताल से पीडियाट्रिक, नियोनेटल और गायनी विभाग को पंडरी जिला अस्पताल व कालीबाड़ी के चाइल्ड एंड मदर हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था। अब उनकी वापसी शुरू हो गई है। हालांकि कई लोगों की इसकी जानकारी नहीं थी। इस वजह से वे शनिवार को भी अपने बच्चों के इलाज के लिए कालीबाड़ी में पहुंच गए थे। वहां से उन्हें अंबेडकर अस्पताल भिजवाया गया। अंबेडकर अस्पताल के अलावा सरकारी सिस्टम में बच्चों के इलाज के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल में भी व्यवस्था की गई है। यहां भी बच्चों की ओपीडी में हर दिन औसतन 100 से अधिक मरीज आ रहे हैं।

# सपनों को पंख लगाने पहुंची प्रवेश परीक्षा देने एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना के अंतर्गत 1300 आदिवासी छात्राएं

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी सीएसआर अंतर्गत दंतेवाडा जिला में लगभग 2000 गतिविधियाँ संचालित हैं जिनमें से अनेक गतिविधियाँ राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना एक ऐसी पहल है जिसके अंतर्गत बस्तर क्षेत्र की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 40 आदिवासी छात्राओं को भारत वर्ष में प्रसिद्ध अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद में नर्सिंग कोर्स हेतु भेजा जाता हैं बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत 40 छात्राओं के 10 बैच को अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग मे पढाई हेतु हैदराबाद भेजा जा चुका है। अब तक जितनी भी छात्राएं पढ़ाई पूरी करके इस संस्थान से निकली हैं उनमें से लगभग सभी को अच्छी नौकरी प्राप्त हो चुकी है।

2021 में उपरोक्त योजना अंतर्गत जो बैच पढ़ने हेतु हैदराबाद भेजा जाना है वह 11 वाँ बैच होगा जिस हेतु दिनांक 24 अगस्त 2021 तक बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, कोंडागाँव, बीजापुर जिलों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे जिसमें लग-भग 1542 छात्राएं प्रवेश परीक्षा हेतु 17 अक्टूबर रविवार को बचेली में उपस्थित हुई।शीघ्र ही अपोलो एवं एनएमडीसी द्वारा चयनित छात्राओं को विभिन्न माध्यमों से आगामी प्रक्रिया हेतु सूचित किया जायेगा। चयन के उपरांत चयनित छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण होगा जो छात्राएं स्वास्थ्य परीक्षण में स्वस्थ पाई जाऐंगी उनको नर्सिंग की पढ़ाई हेतु अपोलो इंस्टीयूट ऑफ नर्सिंग भेजा जाऐगा। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि इन छात्राओं का संपूर्ण खर्च जैसे पढ़ाई किताबें, प्रेक्टिकल, यूनिफार्म, हॉस्टल एवं भोजन इत्यादि सुविधाएं एनएमडीसी द्वारा प्रदाय की जाएंगी। इस योजना अंतर्गत चयनित लग-भग सारी छात्राएं अपनी पढ़ाई के उपरांत वापस बस्तर आकर विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों में चयनित होकर काम करती है इससे यह फायदा होता है कि उन्हें स्थानीय भाषा का ज्ञान होता है जिसकी वजह से स्थानीय आबादी/समुदाओं का ये छात्राएँ बेहतर उपचार कर पाती है।

# ग्रामीण अंचल के कृषक कर रहे अब अंजीर का उत्पादन, हॅाट बाजारों में बिकने आ रहा स्थानिय सब्जियों के साथ अंजीर



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर संभाग की जलवायु नारियल कोका, काली मिर्च के साथ ही विविध फसलों के लिए उपयुक्त साबित हो रही है अब स्थानीय हाट बाजारों में मौसमी शुद्ध देसी सब्जियों के साथ ग्रामीण कृषक अंजीर भी अपनी बाड़ियों से तोड़ बाजार में बेचने पहुंच रहे हैं, बाजार में स्थानिय शाक सब्जियों के साथ अंजीर के फल भी बेचने पहुंच रहे हैं। जानकारी देते हुए कृषक सोनू राम ने बताया कि वे ग्राम चिलपुट्टी कोण्डागाँव के किसान है। पिछले 5 सालों से वह अंजीर के फलों को बेच रहे हैं, शुरुआती दिनों में थोड़ी मुश्किल आई थी लेकिन अब खुद ही ग्राहक उनकी बाड़ी तक पहुंचते हैं अंजीर खरीदने, जिनमें उड़ीसा के ग्राहक भी शामिल हैं। कृषक ने बताया कि उसने 10 साल पहले अंजीर का पेड़ लगाया था जिसमें 5 साल में ही फल आने शुरू हो गए थे जिसे बाजार में वे प्रति किलो 500 रुपये के दाम से बेचते है, वही जानकारी देते है सोनू राम ने आगे बताया कि अंजीर का पेड़ बारह मास फल देता है, जिससे साल भर में वे 100 किलो से 150 किलो तक उत्पादन अर्जित कर लेते हैं। कृषक सोनू राम ने कहा कि जिला प्रशासन अगर कृषकों को नारियल व अन्य फसलों के साथ अंजीर के लिए भी प्रोत्साहित करें तो कृषकों को अच्छी आमदनी प्राप्त हो सकती हैं। अंजीर को जिले में उद्यानिकी फ़सल के रूप में शामिल करने व किसी प्रकार की कार्ययोजना संचालित होने की जानकारी पूछने पर सहायक संचालक उद्यानिकी अजय कुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि कुछ किसानों ने अपनी बाड़ियों में अंजीर लागाया है, यहाँ की जलवायु के अनुसार कौन सी वेरायटी बेहतर होगी उस पर केवीके के माध्यम से ट्रायल करवाया जायेगा, ट्रायल के बाद अगर अच्छा रिजल्ट आता है तो किसानों को अंजीर की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# किरन्दुल में असामाजिक तत्वों की उत्पात बढ़ रही



पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में असामाजिक तत्वों की उत्पात बढ़ रही है जो चिंता का विषय है। बता दें आज रात अज्ञात लोगों ने नगर के रामपुर कैम्प में दुर्गा साहू की गुमटी को पलट दिया एवं गजराज कैम्प में वर्तमान एल्डरमैन सुनीता ठाकुर की सड़क किनारे खड़ी चार चक्का वाहन के सामने की शीशा तोड़ दी। इसके अलावा व्होरा कैम्प में फैज़ल के खड़ी इनोवा का पीछे से शीशा तोड़ दिया। इस विषय में थाना प्रभारी डी के बरवा ने कहा कि उक्त लोगों की पतासाजी कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# चैम्बर सदस्यों ने स्टेट बैंक प्रबंधक से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स और छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने किरंदुल स्तिथ भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर विगत कई माह से नगर में व्याप्त चिल्हर के समस्या से अवगत करवाया और समस्या के त्वरित निराकरण की मांग की,चैम्बर के सदस्यों ने शाखा प्रबंधक रबिन्द्र कुमार को बताया कि विगत 6 माह से भी अधिक समय से नगर में 10,20,50 और सौ रुपये के नोटों की किल्लत बनी हुई है और व्यापारिक लेन देन में व्यवसाइयों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बस्तर चैम्बर के उपाध्यक्ष धीरज माकन ने कहा कि आगे त्यौहारी मौसम होने की वजह से व्यापारियों को चिल्हर की खासी जरूरत रहती है और छोटे चिल्हर के एकदम से नही होने की वजह से व्यपार प्रभावित हो रहा है और ग्राहक और व्यापारी के बीच सामंजस्य खराब हो रहा है।छत्तीसगढ़ चैम्बर के जिला अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सोनी ने मांग की कि व्यापारिक लेनदेन में बैंक में जमा होने वाले चेकों को प्राथमिकता के आधार पर क्लीयर किया जाए जिससे व्यापारी उसी दिन उस पैसों का उपयोग अन्य व्यापारिक गतिविधि के लिए कर सके। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक रबिन्द्र कुमार ने चैम्बर सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और इसके त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया इस दौरान बस्तर चैम्बर के उपाध्यक्ष धीरज माकन, छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी, एस पी राज, सुधांशु साहा, विकास स्वामी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# राज्यपाल अनुसुइया उइके ने लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं समूह के महिलाओं से भेंट मुलाकात

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए यहां तीन दिवसीय प्रवास पर बस्तर पहुंची राज्यपाल अनुसुइया उइके ने आज चित्रकोट विश्राम भवन में क्षेत्र के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और समूह की महिलाओं से भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह के महिलाओं ने अपनी मांगों को निराकरण कराने के लिए राज्यपाल को आवेदन भी प्रस्तुत किया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग बस्तर के अध्यक्ष एवं उनके साथियों द्वारा बस्तर जिले में बेराजगार आदिवासी युवक-युवतियों को स्वरोजगार जोड़ने हेतु बैंक से ऋण स्वीकृत कराए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। राष्ट्र सेविका समिति और एकल विद्यालय के महिला समिति ने अपनी समस्याओं से अवगत कराई। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित सदस्यों को उनके मांगों एवं समस्याओं शीघ्र निराकरण करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी राज्यपाल के समक्ष अपने मांगों एवं समस्याओं को रखते हुए इसका शीघ्र निराकरण करने की मांग की। राज्यपाल ने उइके ने सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों एवं उपस्थित ग्रामीणों और समिति के सदस्यों को उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों को देवगुड़ी बनाने तथा देव स्थलों में मूर्तियों को संरक्षित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा पुजारियों को मानदेय दिया जा रहा है, उन्होंने इसका बेहतर उपयोग करने की समझाईश भी दी। उइके ने उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों से आदिवासी संस्कृति को सुरक्षित एवं संरक्षित करने की अपील भी की। नगर पंचायत बस्तर के बुधराम बघेल, रामचन्द्र बघेल, रिकेश कश्यप और रामप्रसाद मौर्य ने भी भेंटकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल उइके द्वारा आश्वसन देते हुए कहा कि आदिवासी समाज को संगठित बनाए रखने के लिए आव्हान किया। राज्यपान ने ग्रामीणों की मांग पर मौके पर उपस्थित राजस्व अधिकारियों को जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मिसल रिकार्ड का मिलान कर इसका शीघ्र निराकरण कर निर्देशित किया गया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री पहुचे दंतेश्वरी मंदिर, दर्शन कर प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को जगदलपुर में दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल बस्तर दशहरा में शामिल होने दो दिवसीय प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे हुए हैं। उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, उपाध्यक्ष विक्रम मण्डावी, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, विधायकगण मोहन मरकाम, राजमन बेंजाम, देवती कर्मा, क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार और जगदलपुर नगर निगम की अध्यक्ष सफीरा साहू भी मौजूद थीं।

## मुख्यमंत्री ने किया मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट में लगेज कन्वेयर बेल्ट का शुभारंभ



**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने जगदलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर के मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट में यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार के तहत् लगेज कन्वेयर बेल्ट का शुभारंभ किए। मुख्यमंत्री बघेल के आगमन पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मण्डावी, संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, विधायक मोहन मरकाम विधायक चित्रकोट राजमन बैंजाम, बस्तर क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, युवा आयोग के सदस्य अजय सिंह छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र, आईजी सुन्दरराज पी., कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शासन की योजनाओं से अवगत कराने ई-मेगा कैंप का आयोजन 24 को

**जगदलपुर।** जिले के लोगो को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में लोगों को अवगत कराने के लिए ई-मेगा कैम्प का आयोजन 24 अक्टूबर को होगा। कलेक्टर रजत बंसल ने अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। समिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहायक परियोजना, जिला श्रम अधिकारी, साक्षर भारत कार्यक्रम, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और सदस्य सचिव समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को बनाया गया है। समिति के सदस्य आम लोगों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराएंगे तथा उसी समय उनकी समस्याओं का निराकरण कराना भी सुनिश्चित करेंगे। शिविर की मुख्य थीम से जुड़े हुए लोगों को चिह्नांकित किए जाने के उद्देश्य से आवश्यक मैदानी भ्रमण कर चिन्हांकित किया जा सकता है। इस थीम के द्वारा मेगा कैम्प के महत्व तथा उद्देश्य के बारे में लोगों को जानकारी साझा की जाएगी।

## सातों जिलों के लिए टेलीफोन अदालत 28 को

**जगदलपुर।** वृंदावन कालोनी स्थित महाप्रबंधक के कार्यालय में सातों जिलों के उपभोक्ताओं के लिए टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस का आयोजन 28 को किया गया है। टेलीफोन संयोजन-वियोजन, स्थानांतरण, खराबी और अधिक बिलिंग के संबंध में शिकायत, जो 04 माह से अधिक अवधि की लंबित हों, जिन पर विभाग द्वारा अब तक कोई एक्शन न लिया गया हो।

## वन्य प्राणी जंगली भालू के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हुई

**दंतेवाड़ा।** जिले के ग्राम माढ़पाल कोदोपारा के जंगल से लगे खेत में धान की फसल की कटाई करने गई महिला कोपेबाई पर वन्य प्राणी जंगली भालू ने हमला कर दिया, हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को 108 की मदद से जिला अस्पताल उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल से लगे खेत में धान की फसल की कटाई करने गई महिला कोपेबाई पर भालू ने हमला कर दिया।

महिला की चीख-पुकार पर पास के खेत में काम कर रहे ग्रामीण तत्काल वहां पंहुचे तब तक भालू ग्रामीणों को आता देखकर जंगल में भाग गया। हमले में बुरी तरह से घायल महिला को ग्रामीणों ने 108 की मदद से डॉ. सचिन के सलाहनुसार जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

# आदिवासियों की शिक्षा एवं संस्कृति पर दिया जायेगा जोर, मुख्यमंत्री संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी देंगे मार्गदर्शन

- **राज्य योजना आयोग की सदस्य कांति देवी नाग की अध्यक्षता में आयोजित होगी कार्यशाला**

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



राज्य योजना आयोग के जनजातीय समूह की शिक्षा एवं संस्कृति विभाग की सदस्य कांति देवी नाग ने आदिवासियों की शिक्षा एवं संस्कृति के विकास के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी को शहीद वीर गैंद सिंह की जन्मभूमि परलकोट में आने का न्योता दिया है। नाग ने बताया की हमारे अग्रज राजेश तिवारी ने आदिवासियों के शिक्षा एवं संस्कृति के लिए आयोजित की जाने वाली कार्यशाला में आने के लिए हमारा निमंत्रण स्वीकार कर लिया है उन्होंने बताया की वे अभी उत्तर प्रदेश में है जैसे ही वे छत्तीसगढ़ आयेंगे वे सबसे पहले परलकोट की भूमि में आदिवासी भाई, बहनों एवं युवा पीढ़ी से मुलाकात कर उन्हें मार्गदर्शित करेंगे। कांति नाग ने यह भी बताया की राजेश तिवारी अपने राजनैतिक और समाजसेवी जीवन के शुरुआत से ही आदिवासी समाज के कल्याण उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे है उन्होंने अपने जीवन में आदिवासी समाज के लिए हर संभव प्रयास करते आए है और अभी भी कर कर रहे है, उनका परलकोट की भूमि में पुनः आना और आदिवासी समाज को मार्गदर्शन देना न सिर्फ हमारा सौभाग्य है बल्कि पूरे परलकोट क्षेत्र के मेरे आदिवासी समाज के लिए भी सौभाग्य है। कांति नाग ने आगे बताया की जब राजेश तिवारी बस्तर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष से लेकर कार्यकारी अध्यक्ष थे उन्होंने उस दौरान पुरे बस्तर संभाग के आदिवासी समाज के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए कई योजनाओं का बस्तर में संचालन करवाया साथ ही आदिवासी समाज के प्रति राजेश तिवारी का प्रेम हमे कई अहम मौकों पर देखने को भी मिला है और अभी भी वे बस्तर में आदिवासियों के हितों की रक्षा एवं समाज के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन भी कर रहे है। कांति नाग ने आगे यह भी कहा की जहा भाजपा आदिवासियों की 15 वर्षो से भेदभाव और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास करते आए है वही राजेश तिवारी पुरे बस्तर के शेर है क्योंकि उन्होंने भाजपा के कुशासन में आदिवासियों के हितों की रक्षा शेर की तरह किए है आदिवासियों की आवाज को विपक्ष हो या सरकार हमेशा शेर की तरह उठाते आए है साथ ही जहा जहा अन्याय हुआ है वहा न्याय के लिए भी चट्टान की तरह आदिवासी समाज के साथ खड़े हुए है।

# आपसी भाईचारा के साथ मनाया जायेगा ईद-मिलादुन्नबी त्यौहार

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार जिले में आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। कलेक्टर चन्दन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा की विशेष उपस्थिति में आज जिला कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमे मुस्लिम समाज सहित अन्य समाज के पदाधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे। शांति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ईद-मिलादुन्नबी त्यौहार के अवसर पर 19 अक्टूबर को संजय नगर मस्जिद से गिल्ली चौक स्थित बड़े मस्जिद तक शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है। जुलूस में डीजे साऊण्ड सर्विस का उपयोग नही किया जायेगा और न ही बाईक रैली निकालने की अनुमति होगी, राष्ट्रीय राजमार्ग पर जुलूस की अनुमति भी नहीं होगी। जुलूस में सीमित संख्या में लोगों को शामिल करने की समझाईश भी दिया गया। कलेक्टर चन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने जिले के नागरिकों से अपील किया है कि ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जावे। बैठक में नगर पालिका परिषद कांकेर के उपाध्यक्ष मकबुल खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.एन. बघेल, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव, एसडीओपी चित्रा वर्मा, अंजुमन इस्लामिया कमेटी कांकेर के अध्यक्ष अमजद वारसी, अध्यक्ष हुजूर अमीने शरीयत, मो. लतीफ मेमन, हनीफ मेमन, ऐल्डरमेन यासिन कराणी, सोमेश सोनी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद थे।


## आधे घंटे तक चली मुठभेड़ में नक्सली भाग खड़े हुए

**नारायणपुर।** जिले के एंजरेल लौह अयस्क खदान की सुरक्षा में लगे बीएसएफ जवानों के साथ लगभग शाम 7:30 बजे मुठभेड़ हुई। मिली जानकारी के अनुसार एंजरेल लौह अयस्क खदान की सुरक्षा में लगे बीएसएफ जवानों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया लगभग आधे घंटे तक दोनों ओर से फायरिंग चलती रही। बीएसएफ के जवानों के जवाबी कार्यवाही में नक्सली भाग खड़े हुए। नारायणपुर एसपी उदय किरण ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मुठभेड़ में कोई हताहत नही हुआ है।

# बढते गैस की कीमतों का प्रभाव उज्जवला गैस कनेक्शनधारियों पर पड़ा

## मंहगाई के साथ सबसिडी नही बढने से मात्र 60 प्रतिशत उज्जवला कनेक्शनधारियॅा करा रहे रिफलिंग

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गरीबों के नाम से संचालित उज्जवला गैस कनेक्शन सरकार के द्वारा गॉव गॉव में निशुल्क वितरण किया गया है। परंतु बढते मंहगाई व घटते सबसिडी के कारण इनके रिफलिंग कराने वाले उपभोक्ता भी घट रहे हैं। जहॉ एक तरफ पेट्रोल डीजल व घरेलू गैस की कीमत आसमान छू रहा है वहीं सरकार द्वारा दिए जाने वाले सबसिडी में बढोतरी नही होने से यह साधन मंहगा प्रतीत हो रहा है वहीं माना भी जा रहा है गैस सिलेंडर में वृद्धि होने के कारण कच्चे तेलों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि भी इसका मुख्य कारण है इससे आम आदमी का मंहगाई का बोझ बढ गया है। एक जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में दिए जाने वाला सबसिडी आज के वर्तमान समय में भी यथावत है जबकि गैस सिलेण्डरों के दामों में वृद्धि पर आम जनता को मिलने वाली सबसिडी बढाए जाना भी जरूरी था। वहीं भाटापारा के बजरंग गैस एजेंसी के संचालक देवांगन ने बताया कि भाटापारा क्षेत्र के अंतर्गत उज्वला गैस कनेक्शन लिए गए कुल कनेक्शन में से मात्र 65 प्रतिशत हितग्राही ही रिफलिंग कराते है। साथ ही राज लक्ष्मी गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि उज्जवला गैस कनेक्शन के कुल कनेक्शन धारियों में से मात्र 60 प्रतिशत ही गैस रिफलिंग करा रहे हैं। जिसमें पूछे जाने पर बताया गया कि एक कनेक्शन के पीछे एजेंसी संचालक को पूर्व की भांति ही 60 रू ही कमीशन दिया जाता है। साथ ही अंतराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल डीजल 100 रू से उपर चला गया है और यह लगातार मंहगा हो रहा है ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि घरेलू गैस की कीमत में फिलहाल कोई राहत नही मिलने की संभावना है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में रिफलिंग नहीं कराने का क्या है कारण

गौरतलब है कि वर्तमान परिवेश में गैस रिफलिंग को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर पहुँच सुविधा उपलब्ध हो चुकी है परंतु बढे हुए दर के कारण वह गैस की रिफलिंग नही करा रहे हैं इसके विकल्प में उर्जा के स्त्रोत के रूप में परम्परागत पद्धति लकडी और कण्डे का उपयोग करने के लिए ही बाध्य है।

वहीं सिंगारपुर के ग्रामीण मंगलू पाल से पूछे जाने पर कहा कि हजार रू में रिफलिंग कराने से अच्छा मेहनत कर लकडी और छेना उपलब्ध कर लेते हैं जिसके बचत से एक माह का किराना सामान उपलब्ध हो जाता है और रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है।

# कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने सतीश अग्रवाल का जन्मदिन मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मृदुल भाषी अपने सहज व सरल व्यक्तित्व से लोगों के बीच विशेष पहचान कायम करने वाले अपने ओहदे व प्रभाव का तनिक गुमान ना आने देने वाले पूर्व विधायक जगदीश अग्रवाल के सुपुत्र व अपने स्वयं के कर्म व पुरुषार्थ से जनता के बीच परोपकारी व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले अपने कांग्रेस पार्टी संगठन के मजबूती के लिये सदैव संघर्षशील क्रियावान सक्रिय जनप्रतिनिधित्व के बागडोर को सदैव आगे बढाने हेतु दृढसंकल्पित संकल्पित ऊर्जावान नेता सतीश अग्रवाल को 17 अक्टूबर के जन्मदिवस पर सुबह से उन्हें बधाई देने वालों का ताता उनके नयापारा वार्ड स्थित निवास पर भारी संख्या मे आम लोगों सहित सभी राजनीतिक वर्गो का देखा गया। जिसमे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण जन जनप्रतिनिधि पंच सरपंच के साथ साथ सिमगा व भाटापारा शहरी क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता व्यवसाई सहित वार्ड पार्षद के साथ सभी वर्ग के लोगों ने सीध सम्पर्क कर व मोबाईल के माध्यम उनके जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाऐ दिये। जिस पर छ.ग शासन मे निगम मंडल सदस्य के रुप मे पदस्थ सतीश अग्रवाल ने सभी बधाई देने वाले शुभचिंतकों शुभकामनाओं को सहर्ष स्वीकार करते हुये भाटापारा विधानसभा क्षेत्रवासियों सहित कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया। गौरतलब है कि छ.ग. शासन मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विशेष नजदीकी होने के चलते क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं का निराकरण, क्षेत्र मे निर्माण कार्यो हेतु राशि कि स्वीकृति प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु प्रयत्नशील रहना, सामजिक धार्मिक आदि सभी आयोजनो मे सामंजस्यता सजगता व सक्रियता के साथ साथ विवादों से तटस्थ रहना व अपने बेदाग छवि के कारण भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्गों के बीच मे उनकी लोकप्रियता इसका सबसे प्रमुख कारण रहा है, जो कि उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके शुभचिंतकों द्वारा कई हजारों की संख्या मे दिये गये बधाई शुभकामनाओ के माध्यम से देखा गया।

# छत्तीसगढ़ सरकार शराब बेचने में मस्त अवैध कारोबारियों का हौसला बुलंद



**बागबाहरा।** आम आदमी पार्टी प्रदेश कमेटी सदस्य खल्लारी विधानसभा प्रभारी संतोष चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जशपुर जिले के पत्थलगांव में हुए हृदय विदारक दुर्घटना पूरे छत्तीसगढ़ सहित देश और दुनिया में मानवता को शर्मसार करने वाला छत्तीसगढ़ में इतना बड़ा दुर्घटना होने पर भी मृतक, घायल परिवारों से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश सरकार का ना मिलना एवं अन्य राज्यों में इस तरह का दुर्घटना होने पर तत्काल वहां जाना राजनीति से प्रेरित होना एवं एक संवेदनहीन मुख्यमंत्री के होने को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार सत्ता में रहते हुए शराब बेचने का कार्य किया जिसे कांग्रेस विपक्ष में रहते हुए सरकार में आने पर गंगाजल की कसम खाकर छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी एवं नशा बंदी के लिए आम जनता से वादा किया था लेकिन आज इसके विपरीत पूरे छत्तीसगढ़ में धड़ल्ले से वर्तमान कांग्रेस सरकार में शराब के अलावा अन्य नशा का कारोबार दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ता जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण पत्थलगांव का दुर्घटना है दुर्गा विसर्जन करने जा रहे हैं 20 से ज्यादा श्रद्धालुओं को जिस तरह नशे के कारोबारियों ने बेखौफ होकर अपने गाड़ी में कीड़े मकोड़ों की तरह कुचला रौंदा मौत के घाट उतारा गया उसका पूरा जिम्मेदार छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार एवं प्रशासन की है। ऐसा प्रतीत होता है इस नशे के कारोबार में शासन एवं प्रशासन को कमीशन मिलने की वजह से नशा को रोकने के लिए खानापूर्ति का काम किया जाता है कुछ नशा के कारोबारियों को पकड़ कर दिखाया जाता है लेकिन उसके बावजूद अवैध नशे का कारोबार नहीं रुक पा रहा है तो पूरे छत्तीसगढ़ में यह साफ जाहिर होता है कि इस नशे के कारोबार में सरकार का एवं प्रशासन की सुस्त रवैया कारण है।

# मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार की शव यात्रा भाजपा कार्यालय से निकाली गई

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पत्थलगांव में दशहरा त्यौहार के दिन एकत्रित हुए लोगों को गांजे से भरी वाहन से कुचले जाने वाले श्रद्धालुओं को उचित न्याय देने में प्रदेश सरकार के द्वारा कोताही बरते जाने के विरोध में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार की शव यात्रा भाजपा कार्यालय से निकाली गई जोकि प्रमुख मार्गो से प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस भवन के सामने फावारा चौक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में पिछले दिनों हुई घटना पर यहां के मुख्यमंत्री लखीमपुर जाकर धरना देते हैं और यहां अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव में उसी तरह से भीड़ को जब जीप के द्वारा कुचला गया वहां मुख्यमंत्री पीड़ितों को न्याय नहीं दे पा रहे हैं और ना ही पत्थलगांव जाने की जहमत उठा रहे हैं। जब प्रदेश के मुखिया अपने ही प्रदेश में हो रही घटनाओं चाहे कवर्धा में ध्वज लगाने का मामला हो चाहे पत्थलगांव में लोगों को न्याय दिलाने का मामला हो यहां पर वे क्यों शांत बैठे हैं। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि आप उत्तरप्रदेश के लखीमपुर जाकर मृत व्यक्तियों को 50-50 लाख रुपए की राशि दे सकते हो तो यहां के दुर्घटना में मृत व्यक्ति को एक करोड़ रुपए की राशि दी जाए तथा उन्हें सरकारी नौकरी दी जाए एवं घायल व्यक्तियों को 25 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाए। शर्मा ने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है अपराधियों के हौसले बुलंद है अगर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रही है तो उसे पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। कार्यकर्ताओं को जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह सोनी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साहड़ा में जन्मोत्सव छट्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई संसदीय सचिव शकुन्तला साहू



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत साहड़ा में छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल शकुन्तला साहू, सुरेश-टीलेश्वरी साहू को द्वितीय पुत्रिरत्न की प्राप्ति पर आयोजित जन्मोत्सव छट्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मंगल शुभकामनाएं आशीर्वाद प्रदान की तथा शिशु की उज्जवल भविष्य की कामना की।साथ मे इस अवसर पर उत्तम साहू सरपंच साहड़ा, अंगद साहू, कली सेन, डोमार साहू, परस साहू, पीताम्बर साहू, क्रेशलाल साहू, मोहन साहू, रूपेंद्र साहू, सावित्री साहू, एस कुमार साहू, अनंद साहू, नरेश कन्नौजे, होमेश साहू, नीलकंठ साहू, भुखन साहू, साहू परिवार एवं उनके परिजन, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर-एसपी ने ली शांति समिति की बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जिले की मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा करने के कार्यक्रम आयोजित होंगे। लेकिन राज्य वक्फ बोर्ड से प्राप्त गाईडलाइन के अनुरूप जुलूस एवं जलसा की अनुमति नहीं होगी। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए राज्य वक्फ बोर्ड ने ईद पर्व के अवसर पर उक्त सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जिला प्रशासन एवं पुलिस को दिए हैं।

कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं एसपी आई के ऐलिसेला ने इस सिलसिले में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अफसरों के साथ मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने वक्फ बोर्ड और जिला प्रशासन की गाईडलाइन का पालन करते हुए धार्मिक उल्लास के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। इसके बचाव के लिए प्रचलित तमाम उपायों का पालन करते हुए धार्मिक भावना के अनुरूप सौहाद्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर एडिशनल एसपी पीताम्बर पटेल, डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत सहित मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मो.जिलानी, जाकिर हुसैन, मो.रियाज, तनवीर अहमद, सैयद आरिफ अली, अजमल अली टीआई विजय चौधरी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया जी ने पलारी में 221.75 लाख के कार्यो का लोकार्पण व 454.14 लाख का भूमिपूजन किया




**लवन।** नगर पंचायत पलारी में दशहरा के पावन अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के मुख्य आतिथ्य में सतनाम भवन पलारी में 221.75 लाख के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण व 454.14 लाख के कार्यो का भूमिपूजन किया ।ततपश्चात माननीय मंत्री ने पलारी नगर के विकास लिये 2 करोड़ की घोषणा किया। इस अवसर पर विधायक शकुंतला साहू जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य, सुनील भतपहरि, बाबूखान, मोहन बंजारे, रोहित साहू, ललित घृतलहरे, मनीष चन्द्राकर, पुष्पा बंजारे, जानकी ध्रुव, एल्डरमेन शेरखान रज्जु सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सच्चे मन से किये गए गरबा नृत्य कभी व्यर्थ नहीं जाता माँ दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती हैं : शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत कसडोल में नवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिदिवसीय गरबा का आयोजन को रखा गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवक- युवतियां, एवं बच्चे शामिल हुए।इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गरबाप्रेमियों एवं नगरवासियों ने आनंद लिया। त्रिदिवसीय इस गरबा उत्सव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति व छत्तीसगढ़ी गीतों पर प्रस्तुतियां दी गई।

अंतिम दिवस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कार्यक्रम की मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू रही जिन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानस पांडे सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदधिकारियों सहित छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी गीत संगीत में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु गरबा किया। अंत मे विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदाय किये गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू ने कहा कि हमारी छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ परंपराओं संस्कृति तीज त्योहार को सहेजने का कार्य कर रही है।अंतिम दिवस गरबा खेलने व उत्सव देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जो कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है ,इससे युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने जय अम्बे गरबा समिति के सदस्यों को भव्य आयोजन के लिए बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार सेन जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना,राम खिलावन डहरिया, मोहरसाय चेलक, सेवती कैवर्त्य, विकास यादव, कमलेश साहू, सुरेंद्र साहू, चंदन साहू, नीरेंद्र क्षत्रिय, देवेंद्र साहू, बसंत श्रीवास, नोमेश साहू, छत राम साहू,, तरुण पड़वार, ललिता यदु, संतोष वर्मा, प्रशांत जायसवाल,लक्की मिश्रा, छोटा चौहान, मितेश चौहान, अभिषेक कुर्रे, राजा विश्वकर्मा, अनीश निषाद, प्रितेश पटेल, सुयश तिवारी, शेर सिंग ध्रुव, बनारसी चौहान, इस्वर यादव, हेमेश दास, आयोजक समिति के सदस्यगण, प्रायोजक समिति, समस्त नगरवासी एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बड़ी उपलब्धि,एक ही रात में 7 महिलाओं का प्रसव, सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिलें में लागातार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जिससे आम जिलें वासियों का सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र की तरफ लगातार रुझान बढ़ रहा है। जिससे सकारात्मक परिणाम मिलने लगे है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा ने एक नया आयाम स्थापित किया है। जहां पर बीती रात सात प्रसव संपादित करवाए गए है। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि यह सभी सामान्य प्रसव थे और किसी प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने बताया कि अस्पताल का भवन छोटा है और वहाँ कुल 5 बिस्तर ही उपलब्ध थे तो ऐसे में विभाग द्वारा 6 वें एवं 7 वें मरीज को पास के जिला अस्पताल रेफर करने का प्रयास किया गया। लेकिन वहाँ पदस्थ स्टाफ के प्रति मरीज एवं परिजनों को विश्वास था। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत एवं घर वालों के सहयोग से आनन फानन में वैकल्पिक व्यवस्था की पेशकश की गयी। जिस पर अस्पताल के स्टाफ ने इस हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार प्रेमी को अवगत करवाया और उनकी सहमति से परिजनों को अनुमति दे दी जिससे प्रसव सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया गया। वही सातवाँ मरीज अन्य गांव से था ऐसे में उसके लिए समस्या हो गई,जिसके निराकरण हेतु संस्था प्रभारी आरएमए डॉ. अविनाश केसरवानी द्वारा ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों से संपर्क किया गया। जिस पर सरपंच जितेंद्र खूंटे,उपसरपंच परेश वैष्णव एवं पंच भगवती जायसवाल द्वारा तत्काल किराया भंडार के माध्यम से बिस्तर की व्यवस्था करवाई गई। होने वाले सभी प्रसव प्राइमी केस थे तथा कुल 7 प्रसव में से 5 लड़कियां और 2 लड़के हैं। जच्चा और बच्चा सभी स्वस्थ हैं। गौरतलब है की हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा में जनवरी 2021 से आज दिनांक तक कुल 256 प्रसव संपादित किए जा चुके है। जिसमे से 200 केस को डॉक्टर खूबचंद बघेल एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभ भी दिया गया है। इस कार्य में नर्स प्रमिला जांगडे, शशिलता आजाद, खिलेश्वरी दिवाकर सहित अन्य स्टाफ ने सहयोग दिया।

कलेक्टर ने दी बधाई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा की इस उपलब्धि पर कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने पूरे रिसदा की स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा ऐसे उपलब्धियों से आम जनता का शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों के तरफ रुझान बढ़ता है साथ ही संस्था गत प्रसव को बढ़ावा मिलता है। जो कि जच्चा और बच्चा दोनों के लिए लाभदायक होता हैं। इसके साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# दशहरा के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुई संसदीय सचिव शकुन्तला साहू

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com






दशहरा के पावन अवसर पर बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करदा में प्रेमसुधा लोककला मंच तथा नगर पंचायत कसडोल में संचालक छोटेलाल साहू का 'रात के रानी' लोककला मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर श्री परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य ब.बा., मोनिका पटेल जनपद सदस्य, नीलू चंदन साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, मानस पांडे अध्यक्ष जिला यूवा कांग्रेस बलौदाबाजार, कोमल वर्मा जनपद सदस्य, राम खिलावन डहरिया, सुरेंद्र साहू, चंदन साहू, संतोष वर्मा, महेश कुमार साहू सरपंचजी करदा, भुनेश्वर साहू सरपंच लाटा, विनोद अनंत, नारायण साहू, अजय बारवे, नारायण मांझी, त्रिभुवन वर्मा, अरविंद गोयल, उमाशंकर, फुलसाय साहू, पटेल सर, देवा पटेल, रामाधार बघेल, सोनाराम निषाद, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ब्लड कैंसर से पीड़ित बालक की सहायता के लिए रंगोली फाउंडेशन ने उपलब्ध करवाई 50000 की सहयोग राशि

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

मात्र 6 वर्ष की छोटी सी आयु में ब्लड कैंसर की बीमारी से पीड़ित कोरबा जिले के बालक प्रशांत यादव के बेहतर इलाज के लिए एक बार फिर रंगोली फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया, रंगोली फ ाउंडेशन के संस्थापक निलेश खांडे ने बताया कि बच्चा कोरबा जिले के कोरबी गांव का है, जिसके पिता मजदूरी का काम करते है,एवं माता उसी जिले के एक छात्रावास में अंशकालीन सफाई कर्मी के रूप में कार्य करती है। परिवार की आय सीमित है, इसी बीच बच्चा लगातार किसी न किसी तरीके से स्वस्थ नहीं रहता था, जब उसका इलाज कराने बिलासपुर लाया गया तब जानकारी हुई की बच्चा ब्लड कैंसर से पीड़ित हो चुका है।



ऐसे समय में बिलासपुर की समाज सेविका रश्मि जी के द्वारा उनको रायपुर के संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं इलाज शुरू कराया गया। जब यह सारी जानकारी बालक की माता के द्वारा अपनी अधीक्षिका चंद्रलता मानिकपुरी को दी गई, और आर्थिक सहयोग की मांग की गई तो उन्होने रंगोली फाउंडेशन से संपर्क किया,जहां के सदस्यों एवं अधीक्षक साथियों के द्वारा दो दिन में ही रु 50000/- पचास हजार रुपये की राशि एकत्र कर इलाज हेतु दिया गया, रंगोली फाउंडेशन के निलेश खांडे और चित्ररेखा तारक बच्चे से मिलने रायपुर अस्पताल गए जहा बच्चे के लिए संस्था की ओर से नए कपड़े और आर्थिक सहयोग दिया गया। बच्चे को इलाज के दौरान अभी प्लेटलेट्स की आवश्यकता भी थी, तो निलेश खांडे के द्वारा तत्काल एक यूनिट रक्तदान भी किया गया। रंगोली फाउंडेशन के सदस्यों के इस सहयोग से माता पिता के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई,फाउंडेशन के द्वारा आगे भी बच्चे के बेहतर इलाज हेतु सहयोग का वादा सदस्यों द्वारा किया गया,ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी रंगोली फाउंडेशन आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए इलाज का सहारा बनता आया है। एवं समाज सेवा के क्षेत्र में संस्था के सदस्य सदैव आगे बढ़कर मदद का हाथ बढ़ाते रहे है।

# हरीलीला ट्रस्ट के चेयरमैन लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन पर निःशुल्क शिविर के आयोजन में 1239 लोगों ने करवाई जांच

- **425 हितग्राहियों को चश्मा, तो वही 22 श्रवण बाधितो को दी गई मशीन**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित जांजगीर-चांपा जिले के बनारी के सेवा कार्यो में सदैव अग्रणी रहने वाली हरिलीला ट्रस्ट द्वारा 16 अक्टूबर को ट्रस्ट के चेयरमैन लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन के मौके पर नैला के श्री अग्रसेन भवन में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से पधारे विभिन्न रोगों के प्रसिद्ध चिकित्सकों ने शिविर में आने वाले लोगों को उनकी जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया, तो वही शिविर के दौरान लगभग 1239 लोगों ने अपना पंजीयन करवाया, जिसमें 425 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें निशुल्क चश्मे का वितरण किया गया, साथ ही 22 श्रवण बाधितों को मशीन दी गई एवं निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ



वीणा वादिनी मां सरस्वती, एवं भारत माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ तथा इस कार्यक्रम के दौरान जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न स्थानों से लोग चिकित्सा शिविर में पहुंचे हुए थे, एवं इस शिविर में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगळे, अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह सहित गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए,साथ ही शिविर में सभी ने समाजसेवी लीलाधर सुल्तानिया जो कि हरीलीला ट्रस्ट बनारी जांजगीर के चेयरमैन है, एवं पूर्व में लीलाधर सुल्तानिया भारतीय जनता पार्टी के जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष, व्यापारियों की अखिल भारतीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्था केट के छत्तीसगढ़ प्रदेश के चेयरमैन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष, सहित विभिन्न स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक, संस्थाओं में अनेकों जिम्मेदारियों का तत्परता के साथ निर्वहन कर चुके हैं, एवं वर्तमान में बनारी जांजगीर के श्री श्याम एग्रो पावर प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन भी हैं।

तथा 16 अक्टूबर को उनके जन्मदिन के मौके पर सेवा कार्य के रूप में इस चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था, तथा विगत वर्ष भी वर्ष 2020 में हरीलीला ट्रस्ट द्वारा लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन के मौके पर जिला प्रशासन जांजगीर को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव से संबंधित विभिन्न सामग्रियों वेंटीलेटर एवं अन्य मेडिकल उपकरण प्रदान किए गए थे, तथा लीलाधर सुल्तानिया द्वारा किये गए इस सेवा कार्य को लेकर जहां लोगों ने उनकी प्रशंसा की, तो स्वयं लोगों ने उपस्थित होकर उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की, इस दौरान जिले के सांसद एवं विधायक सहित कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी इस निशुल्क शिविर के आयोजन से लोगों को लाभ मिलने की बात कही,तो वही शिविर को सफल बनाने में हरीलीला ट्रस्ट बनारी जांजगीर के सदस्य अमर सुल्तानिया भी अपनी पूरी टीम के साथ जुटे रहे एवं शिविर में आने वाले सभी लोगों को बेहतर चिकित्सीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई थी, एवं कार्यक्रम में रायपुर से समाजसेवी लोकेश कावड़िया भी चिकित्सकों की टीम के साथ पहुंचे हुए थे, तथा उन्होंने भी इस आयोजन को एक सेवा कार्य का सशक्त माध्यम बताया,वही लीलाधर सुल्तानिया के 16 अक्टूबर को जन्मदिन के मौके पर उनके निवास बनारी में भी पहुंचकर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की, तथा उनके दीर्घायु जीवन की कामना की वही लीलाधर सुल्तानिया ने भी अपने जन्मदिन के मौके पर कहा कि आज ईश्वर ने उन्हें सेवा कार्य करने का अवसर प्रदान किया है, तथा वे सेवा कार्यों से संतुष्ट हैं, एवं भविष्य में भी ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कार्यों को भी उनकी ट्रस्ट एवं उनका पूरा परिवार गति देगा तथा जरूरतमंदों की सेवा को ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य बताते हुए लीलाधर सुल्तानिया ने सभी शुभचिंतकों का भी आभार व्यक्त किया।

उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अपितु देश के अन्य राज्यों में भी सुल्तानिया परिवार द्वारा धर्मादा के रूप में तथा सेवा के विभिन्न कार्य किए गए हैं, समय-समय पर सुल्तानिया परिवार द्वारा जरूरतमंदों की सहायता बढ़-चढ़कर की जाती है, एवं चाहे समाज के कल्याण की बात हो या की शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों में सहयोग की बात हो यह परिवार सदैव बढ़-चढ़कर योगदान देता है,वही इस अवसर पर हरीलीला ट्रस्ट के सदस्य युवा समाजसेवी अमर सुल्तानिया ने भी कहा कि आज ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है तथा सभी के सहयोग से यह स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ है एवं उनके ट्रस्ट द्वारा ऐसे ही जन कल्याण के क्षेत्र में भी कार्य किया जाएगा तथा दीन दुखियों गरीबों जरूरतमंदों की सहायता करना ही उनके इस परिवार का मुख्य उद्देश्य है।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की कोरबा जिला इकाई ने दिए 100 टी शर्ट




- **मंच की कोरबा जिला इकाई द्वारा किए जा रहे निरंतर विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा के कार्य**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रांतीय संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरीवल्लभ अग्रवाल रायपुर के मार्गदर्शन में मंच के जिला-कोरबा इकाई के सदस्यों द्वारा रायटर पेंटर वेलफ़ेयर एसोसिएशन आफ कोरबा के सदस्यों को 100 टी शर्ट प्रदान किया गया, तथा सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाये दी गई। इस अवसर पर पेंटर एसोसिएशन के अध्यक्ष-मालिक राम साहू, सभापति-संतोष कुमार कैवर्त, सचिव-प्रहलाद अहोर, कोषाध्यक्ष-मुकेश कुमार श्रीवास, सदस्य-अजंता कुम्भकार, सुरेन्द्र शांडिल्य, प्रहलाद सारथी, कैलाश पैकरा, अजीत चौहान उपस्थित थे। सभी सदस्यों को मंच द्वारा टी शर्ट प्रदान किया गया, सभी ने मंच के इस कार्य हेतु आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच कोरबा जिला इकाई के संरक्षक-राकेश नागरमल अग्रवाल, अध्यक्ष-रवि अग्रवाल, मंत्री-अभिषेक अग्रवाल (c.a.), कार्यक्रम संयोजक-अंशुल केडिया, कार्यसमिति सदस्य-मनीष अग्रवाल(दिशा)आकाश अग्रवाल, आतिश बंशल, विशेष आमंत्रित सदस्य-विनय जिंदल उपस्थित कहीं रहे ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की कोरबा जिला इकाई द्वारा समय-समय पर विभिन्न रचनात्मक कार्य एवं सेवा के कार्य किए जा रहे हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वीन शिल्प एजुकेशन सोसाइटी ने आयोजित की बालिका प्रशिक्षण कार्यशाला




## निः शुल्क सिलाई-कढ़ाईं और कम्प्यूटर प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वीन के द्वारा आर्थिक रूप से अक्षम वर्ग की छात्राओं को स्वावलंबी बनाने के लिए रोटरी क्वीन शिल्प एजुकेशन सोसाइटी बिलासपुर की एक पहल महिलाओं और बच्चियों को 15 दिनो का निः शुल्क सिलाई-कढ़ाई टेली अकाउंटेंसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो लगातार हर महीने चलेगा, 15 दिनों तक निशुल्क 30 छात्राओं को निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी, रोटरी क्वीन अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, क्वीन चेयरपर्सन शिल्पी चैधरी, सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा, मनीषा जायसवाल, प्रेसिडेंट इलेक्ट वंदना सिंह, मृणाल राजनकर, शिल्प शिक्षा सोसायटी कि उपस्थिति में 16 अक्टूबर को बिलासपुर में इस नयी पहल की शुरुआत की गयी, अंधेरे से उजाले प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्वींज़ और भी कई ट्रेनिंग कार्यक्रम आगे भी होंगे।

# पुलिया के पास गड्ढा, दुर्घटना की आशंका

पायनियर संवाददाता ◀ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

टीपनी से सैंगोना मार्ग में ग्राम कुरूद के पास निर्मित पुल जर्जर स्थिति में है इसके पाएगी और बहुत बड़ा गड्ढा हो गया है और मिट्टी के कटाव से बड़ा खाई जैसा निर्माण हो गया है विदित हो कि इस पुलिया के निर्माण में मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए पुलिया की राइट साइड की मिट्टी को पत्थरों से बांधा नहीं गया था ठेकेदार द्वारा स्तर हीन काम एवं इंजीनियर व ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया निर्माण हुआ है इसका मुख्य जिम्मेदार यहां के इंजिनियर है जिन्होंने ने उस स्थान पर सड़क बनाते समय पुल के किनारे पिचिंग नहीं कराया है जिसके कारण पुल के नीचे की मिट्टी बाढ़ में बह गया उसके बाद भी उसी पुल के नीचे किसी ने 20 फिट और गहरा गड्ढा और उसके मिट्टी को पुल के ऊपर ही छोड़कर चला गया है जिसके कारण कटाव और बढ़ जाएगा और पुल नीचे गिर सकता है गौरतलब है कि इस मुख्य मार्ग में भारी वाहनों का लगातार आना जाना लगा रहता है और एक बड़ी दुर्घटना हो सकतीं है।



ग्राम सौंरी निवासी दीपचंद सिन्हा ने बताया कि पिचिंग नहीं होने के कारण पुल से लगी कृषि भूमि का अत्यधिक कटाव हो रहा है ग्राम सोना निवासी बबला ताम्रकार ने बताया कि थान खमरिया से कोने मुख्य मार्ग होने की वजह से लगाकर वाहनों का आना जाना लगा रहता है जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है आसपास के किसानों को फसल लाने ले जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है किसान बहुत ही पीड़ित महसूस कर रहा है। इसके साथ ही इस भूमि का का बिना अधिग्रण के मार्ग बनाया गया है और किसान को सूचना भी नहीं दिया गया था।

# मीडिया में चेहरा चमकाने विधायक विनय ने लुटाया सरकारी खजाना

- **पत्रकारों को कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल ने बांटे 5-5 हजार रुपये के चेक**

पायनियर संवाददाता ◀ कोरिया
www.dailypioneer.com

गरीब व जरूरतमंदों को निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा दी जाने वाली जनसंपर्क व स्वेच्छानुदान निधि की राशि का सत्ताधारी दल के विधायक मीडिया में चेहरा चमकाने के नाम पर उपयोग कर रहे हैं। मनेन्द्रगढ़ से कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल ने शनिवार को मनेंद्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल ने अपने चिरमिरी स्थित निवास में पत्रकारों को दशहरा दिवाली मिलन के नाम पर आमंत्रित किया वहां पत्रकारों को भेंट के तौर पर विधायक जनसंपर्क निधि की राशि का चेक वितरित किया गया विधानसभा क्षेत्र के लगभग 60 पत्रकारों को पांच, 5 हजार रुपये की राशि का चेक वितरित किया गया। पत्रकारों को वितरित किए गए चेक में कोरिया जिले के अपर कलेक्टर के हस्ताक्षर हैं। गौरतलब है कि विधायक ने इससे पूर्व अपने विधानसभा क्षेत्र



की महिला कांग्रेस नेताओं को भी जनसंपर्क निधि की राशि का चेक वितरित किया था जबकि वह जरूरतमंदों की श्रेणी से बाहर थी।

**मीडिया में चेहरा चमकाने की कवायद** :कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को ढाई वर्ष से ज्यादा हो चुके है। 2023 में प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव है ऐसे में विधायक अपने कार्यो का मीडिया के माध्यम से बखान करने के लिए पत्रकारों को जनसंपर्क निधि की राशि का चेक वितरित कर उपकृत करने में लगे है जिससे मीडिया में विधायक विनय जायसवाल अपने पक्ष में पॉजिटिव खबरे प्रकाशित करवा सके।

**पूर्व में महिला कांग्रेस अध्यक्ष को दी थी स्वेक्षानुदान की राशि:** गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल ने डेढ़ साल पहले मनेन्द्रगढ़ की महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष को शिक्षा के नाम पर स्वेक्षानुदान की राशि वितरित की थी।

> विधायक जिन नामो की अनुशंसा करते है उनके नाम से विधायक जनसपंर्क निधि की राशि का चेक प्रशासन जारी करता है। इस विषय मे विस्तृत जानकारी फ़ाइल देखकर दे पाऊंगा।
> **-श्याम धावड़े,** कलेक्टर
>
> त्योहार में पत्रकारों को उपहार देना गलत नही है। लेकिन व्यक्ति गत वाहवाही लूटने के लिए मीडिया में चेहरा चमकाने के लिए सरकारी खजाने का दुरुपयोग करना गलत है।
> **-श्यामबिहारी जायसवाल,** पूर्व विधायक
>
> जिले के भाजपा के विधायक जनसम्पर्क व स्वेक्षानुदान का उपयोग अपने लिए कपड़े खरीदने घर की साज सज्जा के लिए करते थे मैंने तो लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ जो जरूरतमंद है उनको उपहार दिया है। जो उनके काम आएगी। जनसम्पर्क और स्वेक्षानुदान कि राशि कहा देनी है ये मेरा अधिकार है।
> **-विनय जायसवाल,** विधायक

विधायक ने महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष के साथ ही महिला कांग्रेस नेत्रियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही स्वेक्षानुदान कि राशि वितरित की थी। लेकिन किरकिरी होने पर महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष ने उस राशि को गरीबो को वितरित किया था।

# पुलिस थाना शक्ति के अंतर्गत महिला के मोबाइल में अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस थाना शक्ति के अंतर्गत एक प्रार्थीया महिला ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मोबाईल जिसमें व्हाट्सअप उपयोग करती है, उसमें दिनांक 05.09.2021 को रात्रि करीबन 11.00 किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से एक अश्लील गंदी विडियो भेजा जिसे कुछ समय बाद स्वयं डिलिट कर दिया एवं उसी दिन से उक्त व्यक्ति द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से लगातार दिनांक 05.09.21 से 09.09.21 तक अश्लील गंदी विडियो, मैसेज, गंदी-गंदी नंगी फोटो भेज रहा है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध 289/2021 धारा 509(ख) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में जांजगीर-चांपा जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। घटना की गंभीरता व महिला से संबंधित अपराध को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर (भापुसे) जिला जांजगीर चांपा तथा अति. पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा एवं अनु. अधि. सक्ती मो0तस्लीम आरिफ निरीक्षक रूपक शर्मा थाना प्रभारी सक्ती के द्वारा त्वरित



कार्यवाही हेतु निर्देशित करने पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में उप निरी, नवीन पटेल के द्वारा हमराह स्टॉफ टीम गठित कर सायबर सेल कीसहायता से प्राप्त लोकेशन के आधार पर दबिश दिया गया । विवेचना दौरान आरोपी मो0 रिहान पिता मो0 अजीज उम्र27 वर्ष साकिन वार्ड क. 08 कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) का मेमोरेण्डम कथन पर से घटना में प्रयुक्तएक नग मोबाईल जप्त किया गया है तथा आरोपी की विधिवत गिरफ्तार किया गया,उक्त कार्यवाही एवं विवेचना सहयोग में निरी. रूपक शर्मा, उप निरी. नवीन पटेल, आर विवेक सिंहसायबर सेल जॉजगीर, प्र.आर कमल किशोर साहू, आर. राजेन्द्र कुरे, आर. महेश सिदार, आर. हिरेन्द्र राजपूत, आर. किशोरउरांव, आर. वेदप्रकाश, आर. नवधा कंवर, आर. जोगेश राठौर का सराहनीय योगदान रहा।

## लगातार तीन वर्षों से हो रहे है इस कार्यक्रम में पिछले दो वर्षों की अपेक्षा अधिक भीड़ देखने को मिले

# लौहनगरी किरंदुल में रहा डीजे डांडिया नाइट्स की धूम

पायनियर संवाददाता ◀ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

इस वर्ष नवरात्रि में लौहनगरी किरंदुल में डीजे डांडिया नाइट्स की धूम रही। राघव मंदिर परिसर में डांडिया नाइट्स समिति द्वारा आयोजित डांडिया कार्यक्रम में पूरा लौहनगरी झूम उठा । लगातार तीन वर्षो से हो रहे है इस कार्यक्रम में पिछले दो वर्षो की अपेक्षा अधिक भीड़ देखने को मिले साथ मे डांडिया खेलने बचेली और दंतेवाड़ा तक से लोग इस आयोजन में सम्मिलित हुए । लगातार तीन दिन चले इस आयोजन में पूरा शहर झूम उठा ।



कार्यक्रम आयोजनकर्ता एवं समिति अध्यक्ष राहुल महाजन ने कहा यह डांडिया नाइट्स का इतज़ार पूरा शहर साल भर करता है और कोरोना काल मे आयोजन न होने की वजह से इस वर्ष लोगो मे पहले से काफी उत्साह था तो हमारी सबसे बड़ी चुनौती थी कि आयोजन पिछली बार की अपेक्षा और अच्छे से करने की। जिसका प्रमाण इसी बात से मिल गया कि लोगो की भीड़ इस बार बेकाबू थी और साथ दूसरे शहरों से आये हुए डांडिया प्रेमियो ने भी आयोजन को सफ्ल बनाया । तीन दिन चले इस आयोजन के बारे में समिति अध्यक्ष राहुल महाजन ने आगे बताया कि इस बार प्रतिभागियों के बेस्ट कपल, बेस्ट ग्रुप डांस, बेस्ट परफॉर्मर एवं बेस्ट ड्रेस श्रेणियों में पुरस्कृत भी किया गया जिसमे बेस्ट ग्रुप का विजेता अभी एंड अभी ग्रुप रहा तो वही बेस्ट कपल का इनाम पूनम एवं आदित्य को मिला। इस कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन के लिए समिति द्वारा जिला प्रशासन एवं पत्रकार संघ को भी सादर धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति सदस्य कुणाल सोनी, योगी, अनंत, आदिल, थानेश्वर, परिमेश्वर, दुर्गेश आदि का भी योगदान अतुल्य रहा ।

DOC टॉक



बीरेन नाडकर्णी
सीनियर कंसल्टेंट
ऑर्थोपेडिक और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
सीताराम भरतिया इंस्टीट्यूट और होली फैमिली हॉस्पिटल, नई दिल्ली

# गठिया हो जाए तो लापरवाही न करें




**हर** साल विश्व गठिया दिवस 12 अक्टूबर को पड़ता है, और इस साल की थीम है -डोंट डिले, कनेक्ट टुडे। यह इस स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, यानी एक सूजन की स्थिति, जो जोड़ों में दर्द और जकड़न का कारण बनती है जो उम्र के साथ बिगड़ती जा सकती है। यह एक जोड़ या एकाधिक जोड़ों को प्रभावित कर सकती है। गठिया दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। यह एक कमजोर करने वाली स्थिति है जो आपके चलने फिरने का दायरा प्रतिबंधित करती है और आपके क्रियाशील जीवन को प्रभावित करती है। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो यह आपका चलना फिरना पूरी तरह से रोक सकती है।

## लक्षण

- जोड़ों का दर्द
- जोड़ों में अकड़न और सूजन
- आपके चलने फिरने की सीमा भी घट सकती है
- जोड़ के आसपास की त्वचा का लाल होना।
- गुमनाम जोड़ों का दर्द आमतौर पर बुखार के साथ होता है
- जोड़ों के दर्द के कारण दैनिक कार्य करने में कठिनाई
- दर्द निवारक दवाइयां भी जोड़ों के दर्द का इलाज नहीं कर सकतीं

## गठिया के आम प्रकार

गठिया के 100 से अधिक विभिन्न प्रकार हैं, जिनके विभिन्न कारण और विभिन्न उपचार विधियां हैं। दो सबसे आम प्रकार हैं -ऑस्टियोआर्थराइटिस (ओए) और रूमेटोइड आर्थराइटिस या गठिया (आरए)।

ऑस्टियोआर्थराइटिस वृद्ध लोगों को विशेष रूप से 50 वर्ष की आयु के बाद प्रभावित करता है। यह एक बिगड़ता हुआ जोड़ का रोग है जिसमें जोड़ों में कार्टिलेज के घटते जाने से दर्द या सूजन होती है।

रुमेटीइड गठिया किसी भी उम्र में हो सकता है, यह 30 साल से कम उम्र के लोगों में भी हो सकता है और ज्यादातर 30-50 साल की उम्र के लोगों के बीच पाया जाता है।

## इसकी चपेट में आने वाले लोग

- जो लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें गठिया विकसित होने की संभावना अधिक होती है। आप जितना अधिक भार ढोते हैं, उतना ही अधिक भार आप अपने कूल्हों, पीठ और पैरों पर देते हैं।
- अधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे चीनी व सफेद आटा आदि के सेवन से वजन बढ़ सकता है, जो तकलीफदेह जोड़ों पर भारी पड़ता है। उन्हें उपरोक्त के बजाय फलों, नट्स और साबुत अनाज का सेवन करना चाहिए।
- अंगूठे से बार-बार लिखने और अपने फोन को ठीक उसी स्थिति में रखने से स्मार्टफोन पर निशान आ सकता है। अंगूठे से लिखने से आपके हाथों में जोड़ों पर जोर पड़ता है, खासकर आपके अंगूठे पर। इसलिए, यदि आप गठिया को दूर रखना चाहते हैं - अंगूठे से निखना कम करें या लेखन कार्य को हाथों से मुक्त रखने के लिए वॉयस फंक्शन का उपयोग करें। फोन पर लिखना आपके कंधों व गर्दन के लिए भी खराब हो सकता है।
- हर समय ऊंची एड़ी के जूते पहनना, आपके पैरों को एक अजीब स्थिति में रखता है जो जोड़ों पर दबाव डालता है, मांसपेशियों को तनाव देता है, और आपकी पीठ के सीधेपन को बिगाड़ सकता है। इसलिए, जो महिलाएं रोजाना हील्स पहनती हैं, उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस आदत से उन्हें ऑस्टियोआर्थराइटिस और पैर के पंजों में दर्द होने का खतरा बढ़ सकता है।
- चोटें भी जोखिम-कारक के रूप में कार्य करती हैं। जिन लोगों ने किशोरावस्था या युवा वयस्कता में अपने घुटने को घायल कर दिया था, उनमें उन लोगों की तुलना में घुटने में ऑस्टियोआर्थराइटिस विकसित होने की संभावना तीन गुना अधिक थी, जिन्हें चोट नहीं लगी थी।

## इलाज

गठिया का इलाज व्यावसायिक या शारीरिक उपचार, व्यायाम और बिना पर्ची के मिलने वाली दर्द निवारक दवा से किया जा सकता है। आयुर्वेद जैसी वैकल्पिक चिकित्सा, औषधीय तेलों से मालिश और होम्योपैथी भी गठिया के शुरुआती चरणों में कुछ लोगों को राहत प्रदान करती है।

गठिया के उपचार के लिए सर्जिकल विकल्पों में आर्थ्रोस्कोपी, सिनोवेक्टोमी, ऑस्टियोटॉमी और टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट शामिल हैं। जबकि पहले तीन विकल्प दर्द से राहत देते हैं, वे इस स्थिति को ठीक नहीं कर सकते। गठिया का एकमात्र इलाज जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी है।

## जीवन शैली में परिवर्तन

- स्वस्थ शारीरिक वजन बनाए रखें
- चोटों को दूर रखें
- अपने आसन पर ध्यान दें, ऊंची एड़ी के जूतों से बचें
- अपने विटामिन बी 12 और विटामिन डी 3 स्तरों का नियमित ध्यान रखें, डी 3 गठिया के मामले में थोड़ा अधिक महत्वपूर्ण है।
- अच्छा आहार लें, अपने आहार में अखरोट, काजू और पिस्ता जैसे मेवे व बीज शामिल करें। इसके अलावा अपने आहार में लहसुन और प्याज जैसी अधिक सब्जियां शामिल करें।
- अगर आपकी रोटियों की बात आती है, तो ज्वार, नाचनी, रागी और बाजरा से बनी रोटियों का आजमाएं। ये आपके गठिया ग्रसित जोड़ों के लिए बहुत अच्छे हैं क्योंकि इनमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके दर्द को कम करने में मदद करते हैं।



# जोखिम कम करें

डॉक्टर **एकता बजाज** का कहना है कि स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता की कमी और एक स्क्रीनिंग कार्यक्रम न होने के कारण, स्तन कैंसर से जुड़े अधिकांश मामलों का निदान अपेक्षाकृत उन्नत चरण में किया जाता है, जिससे मृत्यु दर का खतरा बढ़ जाता है।

**चूंकि** स्तन कैंसर की शुरुआत 50 वर्ष से घटकर 30 वर्ष की औसत आयु के साथ होती है, इसलिए स्तन कैंसर न केवल शहरी भारतीय महिलाओं में बल्कि ग्रामीण महिलाओं में भी दूसरा सबसे आम कैंसर बन गया है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता की कमी और स्तन कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अभाव में, अधिकांश स्तन कैंसर का निदान अपेक्षाकृत उन्नत चरण में किया जाता है, जिससे मृत्यु दर का खतरा बढ़ जाता है। सभी महिलाओं के लिए स्तन के संबंध में जागरूक होना अनिवार्य हो गया है, और स्तनों में किसी भी प्रकार के बदलाव का पता लगाने के लिए नियमित स्व-परीक्षा करना महिला की स्वास्थ्य दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। जितनी जल्दी कैंसर का पता चलता है, इलाज और जीवित रहने की संभावना उतनी ही बेहतर होती है।




**कारण**

डॉक्टरों का कहना है कि स्तन कैंसर आमतौर पर तब होता है जब कुछ स्तन कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं। ये कोशिकाएं स्वस्थ कोशिकाओं की तुलना में तेजी से विभाजित होती हैं और जमा होती रहती हैं जिससे एक गांठ या द्रव्यमान बनता है। कोशिकाएं स्तन के माध्यम से महिला के लिम्फनोड्स और फिर शरीर के अन्य हिस्सों में मेटास्टेसाइज कर सकती हैं। शोध और अध्ययन के अनुसार स्तन कैंसर आमतौर पर स्तनों के दूध पैदा करने वाली नलिकाओं में शुरू होता है और इसे शुरू में इनवेसिव डक्टल कार्सिनोमा कहा जाता है। एक अन्य सामान्य क्षेत्र जहां स्तन कैंसर शुरू हो सकता है वह ग्रंथि ऊतक है जिसे लोब्यूल कहा जाता है जिसे आक्रामक लोब्युलर कार्सिनोमा के रूप में निदान किया जाता है।

इसके अलावा डॉक्टरों का दावा है कि पांच से 10 प्रतिशत स्तन कैंसर परिवार के भीतर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में पारित जीन उत्परिवर्तन से जुड़े होते हैं। सबसे प्रसिद्ध स्तन कैंसर जीन बीआरसीए 1 और बीआरसीए 2 हैं।

बीआरसीए 1 या बीआरसीए 2 जीन के माध्यम से, यह प्रोटीन का उत्पादन करता है जो क्षतिग्रस्त डीएनए की मरम्मत में मदद करता है और कुछ कैंसर के खिलाफ ढाल प्रदान करता है। हालांकि, जब कोई आनुवंशिक असामान्यता होती है, तो यह इन जीनों के स्वस्थ कामकाज को प्रतिबंधित करता है और कैंसर का खतरा बढ़ाता है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, लगभग 3प्रतिशत स्तन कैंसर (प्रति वर्ष लगभग 7,500 महिलाएं) और 10 प्रतिशत डिम्बग्रंथि के कैंसर (प्रति वर्ष लगभग 2,000 महिलाएं) बीआरसीए 1 और बीआरसीए 2 जीन में विरासत में मिले उत्परिवर्तन के परिणामस्वरूप होते हैं।



फल, सब्जियों, नट्स, वर्जिन ऑलिव ऑयल, साबुत अनाज और फलियों के साथ मछली को शामिल करने से स्तन कैंसर का खतरा कम होगा। यह आपको अपना वजन बनाए रखने में भी मदद करेगा। आपको जितना चाहिए उससे अधिक कैलोरी का उपभोग नहीं करना चाहिए।

**अन्य चेतावनी संकेत**

- स्तन के आकार, प्रकार और रूप में परिवर्तन
- स्तन के आसपास की त्वचा में डिंपल बनना या परिवर्तन होना
- एक स्तन गांठ या मोटापन होना जो आसपास के ऊतक से अलग महसूस होता है
- आपके स्तन के ऊपर संतरे की त्वचा जैसा लाली या गड्ढा
- निप्पल (एरिओला) या स्तन की त्वचा के आसपास के पिगमेंटेड क्षेत्र में क्रस्टिंग, छीलना, स्केलिंग या फ्लेकिंग
- एक नया उल्टा निप्पल होना

**जोखिम**

- **उम्र :** आपकी उम्र जितनी अधिक होगी, आपको स्तन कैंसर होने का खतरा उतना ही अधिक होगा।
- **पारिवारिक और व्यक्तिगत इतिहास :** यदि आपके परिवार में किसी को स्तन कैंसर था या यदि आपने स्तन बायोप्सी कराई हो जिसमें लोबुलर कार्सिनोमा या एटिपिकल हाइपरप्लासिया का पता चला था, तो आपको स्तन कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।
- **विकिरण जोखिम :** यदि आपने बचपन में अपनी छाती पर विकिरण उपचार कराया है तो आपको स्तन कैंसर का अधिक खतरा है।
- **हार्मोन थेरेपी :** जो महिलाएं रजोनिवृत्ति के लक्षणों व लक्षणों का इलाज करने के लिए एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन को मिलाने वाली हार्मोन थेरेपी दवाएं लेती हैं, उनमें स्तन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।
- **मोटापा :** अधिक वजन वाले लोगों को स्तन कैंसर का अधिक खतरा होता है
- **पीरियड्स :** जिन लड़कियों को 12 साल की उम्र से पहले पीरियड्स हो जाते हैं, उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा ज्यादा होता है
- **रजोनिवृत्ति :** जिन महिलाओं को अधिक उम्र में रजोनिवृत्ति हो जाती है, उनमें स्तन कैंसर का अधिक खतरा होता है
- **प्रसव :** जो महिलाएं 30 साल की उम्र के बाद अपने बच्चे को जन्म देती हैं, उनमें कैंसर का खतरा बढ़ जाता है
- **गर्भावस्था नहीं :** जो महिलाएं कभी गर्भवती नहीं हुई हैं, उनमें गर्भवती महिलाओं की तुलना में कैंसर होने का खतरा अधिक होता है
- **शराब का सेवन :** शराब पीने से बढ़ जाता है ब्रेस्ट कैंसर का खतरा

**निवारण या रोकथाम**

जब स्तन कैंसर की रोकथाम की बात आती है, तो जागरूक रहना और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे आप स्तन कैंसर को उसके प्रारंभिक चरण में रोक सकते हैं।

**नियमित स्तन कैंसर जांच का विकल्प चुनें :** आपका अपने डॉक्टर के साथ किया गया परामर्श-सत्र आपको यह समझने में मदद करेगा कि नैदानिक स्तन परीक्षा और मैमोग्राम के लिए जाना है या नहीं, क्योंकि आप जांच के सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों को तौलने में सक्षम होंगी।

**स्व-परीक्षा :** स्तन कैंसर का निदान करने का यह सबसे आसान तरीका है और इसे किसी भी संभावित गांठ या अन्य असामान्य संकेतों के लिए अपने स्तनों का निरीक्षण करके किया जा सकता है।

**शराब सीमित पीएं :** शराब सेवन को दिन में केवल एक पेय तक सीमित करें।

**नियमित व्यायाम :** नियमित रूप से व्यायाम करने से आपके स्तन कैंसर का खतरा कम हो जाएगा। इसलिए हर दिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करने का लक्ष्य रखें।

**स्वस्थ आहार :** रेड मीट के बजाय अपने आहार में फलों, सब्जियों, नट्स, वर्जिन ऑलिव ऑयल, साबुत अनाज और फलियों के साथ मछली को शामिल करने से स्तन कैंसर का खतरा कम होगा। यह आपको अपना वजन बनाए रखने में भी मदद करेगा। आपको जितना चाहिए उससे अधिक कैलोरी का उपभोग नहीं करना चाहिए।

**हार्मोन थेरेपी से बचें :** कुछ महिलाएं रजोनिवृत्ति से नहीं निपट पाती हैं और हार्मोन थेरेपी का विकल्प चुन सकती हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है और उन्हें स्तन कैंसर का खतरा हो सकता है। उनको अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए और यदि वे अनुमति देते हैं तो ही उन्हें सबसे कम खुराक लेनी चाहिए।

**- लेखक उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स में प्रसूति और स्त्री रोग प्रमुख एवं वरिष्ठ सलाहकार हैं।**

# स्वस्थ बच्चे के लिए तनाव से बचें



**डीआर अर्चना धवन बजाज का कहना है कि तनाव से बच्चे का मानसिक विकास प्रभावित न हो, इसके लिए व्यायाम करना, सही खाना और अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है।**

**गर्भावस्था** हर महिला के जीवन में एक रोमांचक समय होता है। प्रत्येक गर्भवती माँ अपने स्वास्थ्य की हर संभव तरीके से अच्छी देखभाल करने का प्रयास करती है ताकि गर्भावस्था सामान्य रहे और बच्चा स्वस्थ हो।

जबकि उन नौ महीनों के दौरान कुछ मात्रा में तनाव की उम्मीद की जाती है, हालांकि, उच्च स्तर की चिंता, जो महिला के रोजमर्रा कामों को सफलतापूर्वक करने की क्षमता में हस्तक्षेप करती है और जिम्मेदारियों का भ्रूण की मानसिक अवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है, गर्भाशय में गढ़ी और दर्ज हो रही होती है। भ्रूण के मस्तिष्क परीक्षण ने गर्भावस्था के दौरान एक अजन्मे बच्चे के विकासशील मस्तिष्क पर तनाव के प्रभावों का भी दस्तावेजीकरण किया है।

अनेक अध्ययनों में शिशु के भावी विकास पर मां के तनाव का सीधा संबंध पाया गया है। इसके अतिरिक्त, उच्च स्तर का तनाव झेलने वाली गर्भवती माताओं के भ्रूण में भावनात्मक व आचरणगत संयम से जुड़े मस्तिष्क के कुछ हिस्सों तथा कार्यकारी व उच्च संज्ञानात्मक कार्यों में शामिल दो मस्तिष्क क्षेत्रों के बीच कमजोर संबंध होने की अधिक संभावना दिखी।

तनाव के परिणामस्वरूप लड़ाई-या-पलायन हार्मोन की बाढ़ आ जाती है जो मूल रूप से हमें आसन्न खतरों से बचने में मदद करने के लिए होती है। आज, हम जटिल तनाव के साथ जी रहे हैं, और महामारी ने इस तनाव-स्तर को और बढ़ा दिया है। वे रसायन, जिनमें स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल शामिल होते है, मां और बच्चे के बीच प्लेसेंटल अवरोध को लांघने की क्षमता रखते हैं और अजन्मे बच्चे पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं।

## निपटने के तरीके

शोध में पाया गया है कि कोविड-19 ने गर्भवती महिलाओं के तनाव को दोगुना या तिगुना कर दिया है। साथ ही, माता-पिता व अन्य देखभाल कर्ता समान रूप से तनावग्रस्त हैं और महामारी के कारण बुरे स्वास्थ्य में हैं। जबकि वायरस के प्रसार पर हमारा नियंत्रण नहीं है, पर गर्भवती महिलाएं निश्चित रूप से तनाव के स्तर और अपने बच्चे के विकास पर इसके प्रभावों को नियंत्रित कर सकती हैं और इस महामारी व उसके बाद की स्थिति के दौरान अपने तनाव का बेहतर प्रबंधन कर सकती हैं। अध्ययन में कहा गया है कि तनाव, चिंता व अवसाद के जोखिम कारकों में बदलाव किया जा सकता है।

व्यायाम, सही खाना और अच्छी नींद तनाव को दूर रखने व अनेक बीमारियों को रोकने के शीर्ष तीन तरीके हैं। तनाव घटाने में व्यायाम की भूमिका होती है और यह गर्भावस्था की सामान्य दिक्कतों को रोकने में मदद करता है। गर्भावस्था से संबंधित तनाव से निपटने के कुछ अन्य तरीके इस प्रकार हैं, मसलन, उन गतिविधियों में कटौती करना, जिन पर आपको ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है, प्रसवपूर्व योग या ध्यान जैसी विश्राम गतिविधियों का अभ्यास करें। प्रसव शिक्षा कक्षाएं यह जानने में मदद करती हैं कि गर्भावस्था के दौरान व जब आपके बच्चे का जन्म होने को आता है-विशेष रूप से पहली बार गर्भावस्था के दौरान, तो क्या उम्मीद करें।

गर्भावस्था के दौरान तनाव से संबंधित समस्याओं का बच्चे पर, महीनों और शायद वर्षों तक, लंबे समय तक प्रभाव पड़ता है।

**- लेखक नर्चर आईवीएफ सेंटर में स्त्री रोग व प्रसूति विशेषज्ञ तथा आईवीएफ विशेषज्ञ हैं।**

# कम-आयु वर्ग में बढ़ रहे हैं ह्रदय विफलता के मामले

## कम आयु वर्ग में ह्रदय रोगों के मामलों में वृद्धि हुई है। इसे रोकने के तरीके बता रहे हैं **डॉ. राजीव अगरवाल**

**पिछले** कुछ वर्षों में, ह्रदय रोग भारत में मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक बन गए हैं। 2019 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में चार में से एक मौत ह्रदय रोगों के कारण हुई है। हालांकि कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों को समस्त आयु वर्गों को प्रभावित करने वाला जाना जाता है, मगर इधर युवा आबादी में इन बीमारियों में वृद्धि हुई है।

दरअसल, अध्ययनों से पता चलता है कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ह्रदय रोगों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। तनाव-स्तर में वृद्धि जैसे कारक युवाओं में ह्रदय रोग की घटना को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे ह्रदय-गति रुकने जैसी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं।

ह्रदय की विफलता एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब ह्रदय शरीर के चारों ओर पर्याप्त रक्त पंप करने में असमर्थ होता है, जिससे

शरीर के बाकी हिस्सों को आवश्यक ऑक्सीजन व पोषण की आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके परिणामस्वरूप फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण भी हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

यह अक्सर अंतर्निहित उन चिकित्सा स्थितियों के कारण होता है जो ह्रदय को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिनमें कोरोनरी ह्रदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, व उच्च कोलेस्ट्रॉल, एनीमिया, गुर्दे की बीमारी आदि रोग शामिल हैं।

यह रोग हमारी वयस्क आबादी के लगभग 1-2 प्रतिशत को प्रभावित करता है, जबकि बुजुर्गों में प्रायः इसकी वृद्धि की प्रवृत्ति है। हमारे दक्षिण-एशियाई मूल के लोगों में ह्रदय-विफलता का जोखिम अपेक्षाकृत लगभग 80 प्रतिशत अधिक होता है।



हालांकि वृद्धावस्था में ह्रदय गति रुकने का खतरा बढ़ जाता है, मगर हमारी आबादी में समय से पहले कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों का खतरा बढ़ जाता है, और इसके फलस्वरूप, अपेक्षाकृत कम उम्र में ह्रदय गति रुकने की संभावना भी बन सकती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, उच्च लिपिड-स्तर, धूम्रपान, तंबाकू-सेवन और तनाव जैसे अनेक परिवर्तनीय पहलू, कम उम्र में समय से पहले ह्रदय रोग विकसित करने का पूर्वाभास दे सकते हैं।

आज का युवा व्यस्त दिनचर्या, बेहद दबाव वाली नौकरियों, दावेदारी वाली शैक्षणिक व्यवस्था, खराब आहार विकल्प व शारीरिक सक्रियता के अभाव की समस्या में फस गया है। यह कम नींद, नींद की खराब गुणवत्ता, धूम्रपान की बढ़ती घटनाओं और प्रायः शराब सेवन करने के साथ-साथ तनाव-स्तर में वृद्धि कर रहा है। लंबे समय तक रहने वाले तनाव के दीर्घकालिक परिणाम होते हैं जो शरीर की ठीक होने व आराम करने की क्षमता को बाधित करते हैं। इस तरह की दुर्भावनापूर्ण स्थिति से रक्तचाप में वृद्धि हो सकती है, चयापचय संबंधी विकार व स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं। यह सीधे ह्रदय प्रणाली को प्रभावित कर सकता है, स्वास्थ्य स्थिति कमजोर कर सकता है और इसे अनके बीमारियों के प्रति संवेदनशील बना सकता है।

स्वस्थ ह्रदय, आपके द्वारा खाए जाने वाले भोजन, आपकी नींद की मात्रा व गुणवत्ता, आपके द्वारा अनुपालन की जाने वाली दिनचर्या, आपके द्वारा पालन की जाने वाली व्यायाम व्यवस्था व आपके द्वारा अपने तनाव- स्तर के प्रबंधन का कुल योग है। स्वस्थ जीवन शैली के उपायों को अपनाना अच्छे ह्रदय-स्वास्थ्य की कुंजी है। पर्याप्त शारीरिक गतिविधि, तंबाकू-सेवन से बचना, नमक-सेवन कम करके रक्तचाप को नियंत्रित रखना और या उचित दवा लेना, संतुलित आहार के साथ लिपिड स्तर का प्रबंधन करना, पर्याप्त व उचित समय पर नींद लेना अत्यावश्यक हैं। मधुमेह, मोटापा या उच्च रक्तचाप को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

**-लेखक जसवंत राय स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में डीएमसी कार्डियोलॉजी, निदेशक हैं।**

# भूमिपूजन एव दशहरा उत्सव में लेजवारा पहुंचे विधायक आशीष छाबड़ा

## किए 40 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लेजवारा में आयोजित भूमिपूजन एव दशहरा उत्सव में मुख्य आतिथ्य आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल। ग्राम वासियों ने उपस्थित अतिथिगणों का भव्य स्वागत किए।
विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य मुख्य मार्ग से पंचायत भवन पहुंच मार्ग लागत 19.96 लाख,मुख्यमार्ग से प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग 19.97 लाख रुपए का पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ कर नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

इस अवसर पर विधायक श्री आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है, ग्राम लेजवारा में दशहरा उत्सव सहित भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया है, विजयदशमी का त्योहार असत्य पर सत्य की विजय के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाते है विजयदशमी का त्योहार भारतीय संस्कृति के वीरता का पूजक, शौर्य का उपासक है, भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाते है, अंचल में पुरोधाओं के द्वारा प्रारंभ किया गया रामलीला का मंचन आज भी गांव में अनवरत जारी है हमारे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है ग्राम में जो आरा में अनवरत 108 वर्षो से रामलीला मंचन का प्रस्तुति किया जा रहा है जब हम सभी मित्रगण छोटे छोटे उस समय बेसिक स्कूल मैदान दशहरे देखने के लिए जाया करते थे दशहरे में रामलीला का आयोजन होता था, पहले रामलीला 10 से 11 दिनों का होता था लेकिन आज दशहरे में 2 से 3 दिनों का ही आयोजन होता है रामलीला के माध्यम से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र के कुछ अंश भी हम अपने जीवन में धारण ग्रहण करते हैं हमारा ये जीवन सफल होगा रामलीला के माध्यम से बहुत सारी ऐसे पात्र हैं जिसमें कुछ अच्छाइयां कुछ बुराइयां देखने,सुनने को मिलता है हम सभी को अपने जीवन में अच्छाइयों को चरितार्थ करना है तभी हमारा ये जीवन सफल होगा,साथ ही ग्राम लेजवारा में सुगम सड़क योजना अंतर्गत गांव के आगनबाड़ी, स्कूल,पंचायत भवन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 02 रोड़ की स्वीकृती मिली है, जिसकी लागत राशि 40 लाख रुपए है,जिला आज हम सभी ने मिलकर भूमिपूजन किए है,बहुत जल्द दोनो रोड़ बनकर तैयार हो जाएगा जिससे आवागमन में आसानी होगी साथ ही ग्राम लेजवारा में नल जल योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य 285.65 लाख,हाट बाजार निर्माण कार्य 54 लाख, हाई स्कूल में अहाता निर्माण कार्य 10 लाख,साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख सहित अन्य विकास कार्यों को मिलाकर ग्राम पंचायत लेजवारा में लगभग 403.65 लाख रुपए (चार करोड़ तीन लाख पैसठ हजार रुपए) के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है, बहुत जल्द कार्य प्रारभ हो जायेगा साथ ही ग्राम वासियों की मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा ने हाई मास्क लाईट लगाने की अपनी स्वीकृति प्रदान की इस अवसर पर थानेश्वर साहू अध्यक्ष छ. ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, पुष्पा टंकेश साहू सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, सूर्यकांत साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज बेरला,किशन साहू, प्रवीण शर्मा, हुलास साहू, भावसिंह राज, मनहरण पाठक सरपंच,सुरेश साहू, जलील खान, परेटु गोड,खिहीराम साहू, योगेन्द्र सेन,राजकुमार सेन,गुड्डु सेन,योगेन्द्र सेन,उमाशंकर पाटिल राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मिसाइल मैन ऑफ इंडिया ,भारत के 11 वें राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर बच्चों द्वारा गायन, वादन एवं प्रदर्शनी के माध्यम से कार्यक्रम संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगीरी में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम (मिसाइल मैन ऑफ इंडिया ,भारत के 11 वे राष्ट्रपति) का जन्म दिवस एक अनोखे अंदाज में मनाया गया। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी की उपलब्धियां, पुरस्कार ,उनके द्वारा किए गए महान कार्य और जीवन के विशेष क्षण की प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही उनके संपूर्ण जीवन चक्र का नाट्य रूपांतरण संगीत की विशेष विधा 'गायन नाट्य वादन' तीनो विधा के समाहित रूप में प्रस्तुत किया गया। कहानी का प्रस्तुतीकरण रेडियो के मशहूर कार्यक्रम 'गीतों भरी कहानी' के रूप में किया गया जिसमें संस्कृत के श्लोक से लेकर उर्दू की शायरी व फलसफो मस्जिद की अजान के द्वारा पात्रों का चित्रण इस तरह से किया गया कि वहां उपस्थित प्राचार्य अतिथि शिक्षक विद्यार्थियों सभी ने यही कहा इस तरह का कार्यक्रम पहली बार शाला में संचालित हो रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय है कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक तानपुरा और तबले का भी प्रयोग किया गया टेबल वादन का कार्य रूद्र प्रताप कक्षा नवमी के द्वारा किया गया भाग लेने वाले विद्यार्थी अमन साहू बारहवीं पल्लवी वर्मा, मानसी ठाकुर, अर्पण देवांगन, प्रियांशु, नरेश शर्मा, विशेष यादव धनंजय देवांगन सभी आठवीं तथा रूद्र प्रताप नवमी के द्वारा किया गया। प्राचार्या मिनी गोपीनाथन ने विशेष तौर पर एक बात कही कि सपने वो नहीं होते जो सोती हुई आंखों से देखे जाते हैं बल्कि सपने वह होते हैं जो हमें सोने ही नहीं देते। कार्यक्रम ,सांस्कृतिक प्रभारी अंजना सिंह तथा शिक्षिका का जागृति साहू के दिशा निर्देशन मे संपन्न कराया गया।

## पुलिस चौकी पोंड़ी प्रभारी ने किया सियान पान सम्मान कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके के दिशा निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में पुलिस चौकी चौकी प्रभारी स उ नी मानसिंह एवं समस्त समस्त स्टाफ द्वारा आज दिनांक 15 10 21 को पुलिस चौकी पौड़ी में विजयादशमी के उपलक्ष में सियान पान सम्मान कार्यक्रम रखा गया।

जिसमें पौड़ी के बुजुर्गों को सादर आमंत्रित कर मिठाई एवं पान खिला कर सम्मान किया गया और लोगों को असत्य पर सत्य की विजय तथा भाईचारे से रहने का संदेश दिया गया। विजयादशमी पर्व की दी बधाई मान सिंह चौकी प्रभारी ने सभी को विजयादशमी की बधाई दी साथ ही सम्मान के साथ उनको चौकी बुलाकर उनका सम्मान किया चौकी प्रभारी मान सिंह लगातार इस तरह के अनेकों कार्य करते आ रहे है उनके प्रभार लेने से अब तक लगातार उनके द्वारा कार्यवाही जारी है जिससे क्षेत्र में अपराध में कमी आई है उनके द्वारा समाज में शांति स्थापित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जिले के विभिन्न कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के नगर पंचायत डौण्डी, नगर पंचायत अर्जुन्दा और नगर पंचायत गुण्डरदेही में कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ कोविड-19 टीकाकरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण स्थल में बैठक व्यवस्था व पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कोविड-19 टीका लगवाने पहुँचे आमजनों से चर्चा की और उन्हें कोविड-19 टीकाकरण के फायदे बताए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित कुमार साहू मौजूद थे।

## पोंड़ी में देवी विसर्जन में दिखा आपसी भाईचारा

पायनियर संवाददाता ◄ पोंडी
www.dailypioneer.com





सभी धर्मो के लोगों ने मिलकर मनाया दशहरा पर्व सभी ने सौहाद्र पूर्ण शांति के साथ दुर्गा विसर्जन ग्राम पंचायत पोंडी में शनिवार को विराजित माँ दुर्गा का मूर्ति को विसर्जित किया गया नव दिन तक नवरात्रि में माँ पूजा पंडाल में विराजमान थे नव दिनों तक पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना बना था सुबह से शाम तक देवी पंडाल में भक्तों ताता लगा रहेता था, देवी विसर्जन में लगा भक्तो का तांता शनिवार की सुबह माँ दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए निकला गया इस बार ग्राम के सभी मूर्ति को एक साथ सामूहिक रूप से निकाला गया था इस लिए सैकड़ो की संख्या में महिला सहित भारी संख्या में पुरूष उपस्थित थे, सर्वसमाज के लोग थे उपस्थित, कुछ समय पूर्व में हुवे कबीरधाम में दो गुटों में हुए हिंसा ने पूरे जिले को झकझोर कर दिया था जिसके बाद पोंडी में आपसी भाईचारा का संदेश दिया देवी विसर्जन में सभी वर्गविशेष के उपस्थित थे विसर्जन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भागवत साहू, जिला महामंत्री अमित अवस्थी, जनपद सदस्य विजय सिंह, ब्लाक अल्पसंख्यक अध्यक्ष इस्लामुदद्दीन, ब्लाक अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष गुड्डू मिस्त्री,सरपंच प्रतिनिधि नंदकुमार कुर्रे, उपसरपंच इदरीस खान,समाज सेवक सोनू खान, रिकू खान, मोहित यादव, सुरेश साहू, मोती साहू, कान्हा गुप्ता, मोंटू निषाद, दीपेश साहू, विजय साहू,रामु यादव, वेद साहू, सही भारी संख्या मे युवा और महिला मौजूद थे।

## जिले के सभी ब्लॉक में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की 20 अक्टूबर से होगी शुरुआत



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में श्री धन्वंतरी दवा योजना की शुरुआत की जा रही हैं। इसमें जिले के पांचों ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल स्टोर्स खोले जाएंगे, जिसमे मरीजो को अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी) में 50 प्रतिशत से अधिक छूट दी जाएगी। जिसकी शुरुआत सूबे के मुखिया 20 अक्टूबर को करेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने रविवार को अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कोविड वैक्सीनेशन की प्रगति की भी जानकारी ली। महोबे ने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडीकल स्टोर्स स्थल चयन का भी निरीक्षण किया और अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। इस दौरान श्री महोबे ने शत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर बात कही। इस दौरान कोविड प्रभारी डॉ. संजीव ग्लैड, अर्जुन्दा अस्पताल प्रभारी डॉ. एसपी खान, भानुप्रताप एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भाजयुमो ने प्रदेश सरकार का शवयात्रा में पुलिस के साथ झूमाझटकी

### भाजपा युवा मोर्चा ने भूपेश के पुतले की निकाली शव यात्रा, झलमला से कलेक्ट्रेट सड़क तक किया अंतिम संस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जशपुर जिला के पत्थलगांव में दुर्गा विसर्जन में तस्करों के बड़ी वाहन में रौंद कर एक श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा बड़ी संख्या में घायल हुए है। भाजपा युवा मोर्चा जिला बालोद ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतले की शव यात्रा झलमला से कलेक्ट्रेट सड़क तक निकालकर अंतिम संस्कार किया। जिसके बाद नहावन क साथ मौन सभा का आयोजन किया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह पीपरे ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता की उपेक्षा किया है। अपना असंवेदनशीलता का परिचय देते मृत परिवार को किसी भी प्रकार के राहत नही दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पंवार ने कहा प्रदेश सरकार से मृत परिवार को 1 करोड़ और प्रत्येक घायल व्यक्ति को 50 लाख देने का मांग किया। अभी तक प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता ने पूरे प्रदेश की जनता को शर्मसार किया है। कांग्रेस को प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम में नरेश साहू, राजीव शर्मा, दानवीर साहू, प्रेम साहू, जितेंद्र साहू, खिलेश्वरी साहू, कृतिका साहू, बीरेंद्र साहू, दानेश्वर मिश्रा, पूनम साहू, मोहनी देवांगन, खेमलाल देवांगन, विकास जैन, संजय साहू, एकांत पंवार, संदीप साहू, पंकज चौधरी, रौनक कत्याल, प्रवीण सारडा, संजय शर्मा, पार्थ साहू, श्रीकांत वर्मा, कांशी सोनकर, संजीव सिंह, संजीव मानकर, मितेश साहू, नेमलाल यादव, विश्वजीत तिवारी, देवेंद्र, निखिल अग्रवाल, कुलदीप यादव, पुष्पजीत बैस, आकाश बोरकर, लोकेश पटेल, किशोर पटेल, राजकुमार गुप्ता, महेंद्र सिंह, दमनदीप सिंह, जयंत साहू, धनेंद्र साहू, नीतीश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकताओं ने भूपेश सरकार के आक्रमण जमकर नारेबाजी कर पुतले की शव यात्रा निकालीकर दहन किया।

## स्कूली छात्रों के साथ शिक्षकों ने आदर्शगौठान का किया शैक्षणिक भ्रमण



**कुम्हारी।** शहीद स्मारक स्कूल चौबे कॉलोनी रायपुर से स्कूली छात्रों के साथ शिक्षकों ने शैक्षणिक भ्रमण कर स्थानीय आदर्श गोठान का निरीक्षण करते हुए जानकारियां प्राप्त की । बच्चों को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने गौठान के विषय में विस्तार पूर्वक बताया इससे होने वाले लाभ की भी जानकारी प्रदान की गौठान में अन्य कार्यों के बारे में लोक निर्माण प्रभारी मनहरण यादव ने विस्तार से बातें करते हुए और बच्चों को भूमि के सदुपयोग के संबंध में बताया कि बंजर भूमि का उपयोग किस प्रकार किया जा कर उसका भरपूर लाभ लिया जा सके इस संबंध में उन्होंने जानकारी प्रदान की साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी जीतेंद्र कुशवाहा ने सहज सरल शब्दों में गौठान में किए जा रहे लाभोन्मुखी कार्यों के विषय में बताते हुए डॉक्टरों की महत्ता को प्रतिपादित किया छात्रों ने रुचिकर ढंग से समझाएं गए विषय को कौतूहल पूर्वक सुना। अन्य संबंधित जानकारियां भी प्राप्त किया। ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण कारी छात्रों को गौठान संबंधी अनेक अनेक जानकारियां सफाई इंस्पेक्टर अनिल झा, सफाई दरोगा ओम प्रकाश सोनकर, एस एम एल आर सेंटर प्रभारी शोभा चौधरी द्वारा विशेष ढंग से जानकारियां छात्रों को दी गई जिसे छात्रों एवं शिक्षकों ने बहुत ही ज्ञानवर्धक और रोचक बताया।

### ध्वज प्रणाम के बाद समापन पथ संचलन का हुआ

## धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व की गई शस्त्रों की विधिवत पूजा

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





दशहरा उत्सव अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुम्हारी द्वारा भगत सिंह शाखा वार्ड क्रमांक 15 दुर्गा पंडाल के सामने दशहरा उत्सव शस्त्र पूजन कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया।

सुबह 6:30 बजे से संघ का संचालन कार्यक्रम स्थल वार्ड क्रमांक 15 से निकलकर विद्युत कार्यालय के सामने वार्ड वार्ड क्रमांक 14 होते हुए वार्ड क्रमांक तेरा सत्यनाम मोहल्ला घासीदास मंदिर के सामने होते हुए पति बाजार चौक से वार्ड क्रमांक सात रामनगर से होते हुए शांति नगर तालाब के पास से वापस बाजार चौक महामाया मार्ग से होते हुए वार्ड क्रमांक 10 एवं 15 के बीच वाले बस्ती महामाया मार्ग से पुनः वार्ड क्रमांक 15 शाखा स्थल पर पहुंचकर ध्वज प्रणाम के बाद समापन पथ संचलन का हुआ। तत्पश्चात शस्त्र पूजन कर सुभाषित अमृत वचन एकल गीत एवं सामूहिक गीत के पश्चात योगाभ्यास का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नेतराम जी निवासी जामुल जिला के सेवा प्रमुख है उनके द्वारा उद्बोधन दिया गया तत्पश्चात ध्वज प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 50 स्वयंसेवकों के साथ प्रांत के हिंदू जागरण महासचिव अवधेश दुबे जिले के सहकार व सुनील पटेल जिले के धर्म जागरण संयोजक राम बिहारी मिश्रा नगर के कारवां नरेंद्र वर्मा वीरेंद्र सिंह सहित शाखा के मुख्य शिक्षक संजय पांडे आज सभी उपस्थित थे कार्यक्रम संयमित एवं प्रशंसनीय रहा।

## जिला मुख्यालय में सद्भावना सम्मान समारोह 20 को, 36 समाज प्रमुखों का होगा सम्मान

- कवि सम्मेलन में पद्मश्री हास्य कवि सुरेंद्र दुबे का होगा सम्मान
- किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सामाजिक सौहार्द और प्रेम के भाव को जागृत करने 20 अक्टूबर को शाम 7:00 बजे से जिला मुख्यालय में मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में सद्भावना सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन रखा गया है।

किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम होंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के 36 समाज प्रमुखों को का सम्मान किया जाएगा। कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि व पद्मश्री सुरेंद्र दुबे शामिल होंगे।

वही आयोजकों की ओर से उनका सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा होंगे। अध्यक्षता आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद शफी अहमद अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल प्रशासन, ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष योगा आयोग, अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, प्रवीण वर्मा सदस्य लोक सेवा आयोग, शकुंतला मंगल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, ओम प्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष भाजपा बेमेतरा, बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, राजकुमार तिवारी जिला प्रमुख शिवसेना बेमेतरा होंगे। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर समाज के लोग एक दूसरे के समाज और इष्ट देव का सम्मान करते हैं। यह सामाजिक सौहार्द आगे भी बना रहे इसलिए सद्भावना सम्मान समारोह रखा गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के 36 समाज प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा पत्रकार संगठन के प्रमुखों का भी सम्मान होगा।

कवि अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि सुरेंद्र दुबे, रामानन्द त्रिपाठी हास्य व्यंग्य कवि बेमेतरा, देवेन्द्र परिहार वीर रस मुंगेली, निशा आनंद तिवारी श्रृंगार रस भिलाई, शशीभूषण स्नेही गीत एवं हास्य व्यंग्य बिलाईगढ़, रामदेव शर्मा हास्य व्यंग्य धमधा अपने हास्य व्यंगो से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### अवैध शराब की बिक्री पर लगाम कसने लगातार मुहिम चलाई जा रही



**मुंगेली।** अवैध शराब की बिक्री पर लगाम कसने लगातार मुहिम चलाई जा रही है ताकि शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रहे शराब पर काबू पाया जा सके। इसी तारतम्य में आबकारी वृत्त मुंगेली अंतर्गत ग्राम विचार पुर पुलिस थाना फ़ास्टर पुर जिला मुंगेली निवासी वीरेंद्र मिरी पिता गोरधन मिरी जाति सतनामी उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर हा भ म शराब जप्त कर मोटर साइकिल हीरो सुपर स्पलेंडर क्र. सी जी 28 जे - 3412 से परिवहन करते हुए आबकारी एक्ट 34 (1) (क) 34 (2), 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त मुंगेली प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज, आबकारी आरक्षक वीरभद्र जायसवाल, नगर सैनिक शम्भु बर्मन महिला नगर सैनिक बिन्दीया राजपूत का उक्त कार्यवाही में विशेष योगदान रहा।

### अनुसूचित जाति बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु 23 तक आवेदन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति वर्ग के शालेय खिलाड़ियों हेतु जिले में एक नवीन अनुसूचित जाति बालक क्रीड़ा परिसर प्रारंभ किया गया है। इस क्रीड़ा परिसर में जिले में नियुक्त प्रशिक्षकों एवं व्यायाम अनुदेशकों द्वारा कोच के सहयोग से प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स, कबड्डी, व्हॉलीवल एवं तीरंदाजी विधा में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। क्रीड़ा परिसर में चयन हेतु माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों जिनका उम्र जुलाई 2021 को 12 से 14 वर्ष के मध्य हो।

# घरघोड़ा पुलिस की कार्रवाई चोर से चार बाइक बरामद

■ आरोपी पहले भी चोरियों में चुका है जेल, घरघोड़ा-तमनार क्षेत्र से चोरी की गई है बाइक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शनिवार को घरघोड़ा स्टाफ द्वारा घरघोड़ा के किरोडी शर्मा होटल में काम करने वाले मान सिंह राठिया निवासी ऐड्कला, छाल को नूतन कालोनी घरघोड़ा से बाइक चोरी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया, जिससे बाइक चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ किये जाने पर आरोपी के पास से चोरी की हुई अन्य तीन सोल्ड बाइक बरामद किया गया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी के अपराध में जेल जा चुका है, आरोपी को आज बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार सुरेश अग्रवाल निवासी नवापारा छाल दिनांक 11/10/2021 को अपने दोस्त के घर नूतन कालोनी घरघोड़ा आया हुआ था, जहां उसके दोस्त के घर के बाहर अपनी काले रंग की ड्रीम युगा बाइक छग 13,रु 2607 (कीमती 45,000 रूपये) को खड़ी कर घर अंदर गया वापस आया तो बाइक नहीं थी। 14/10/2021 को सुरेश अग्रवाल द्वारा थाना घरघोड़ा में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया जिस पर अप.क्र. 328/2021 धारा 379 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी अमित सिंह द्वारा बाइक चोरी के अज्ञात आरोपी की पतासाजी के लिये स्टाफ को मुखबिरों से जानकारी लेकर पतासाजी का निर्देश देकर प्रमुख चौंक-चौराहों के छ्ष्ट्ड्ड्ड् फुटेज चेक करने का निर्देश दिया गया। अज्ञात आरोपी की पतासाजी दौरान स्टाफ को एक स्थान के सीसीटीवी फुटेज पर दिनांक घटना को एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की ड्रीम युगा मोटर सायकल के साथ दिखा। संदिग्ध व्यक्ति के फोटो को घरघोड़ा स्टाफ एक-दूसरे से साझा किये जिसमें संदिग्ध व्यक्ति की पहचान घरघोड़ा के किरोड़ी शर्मा होटल में काम करने वाले मानसिंह राठिया निवासी ऐड्कला के रूप में हुई, जिसे पूर्व में भी चोरी के अपराध में कार्रवाई की गई है। संदिग्ध मान सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर नूतन कालोनी घरघोड़ा से ड्रीम युगा तथा पूर्व में कुडेकेला घरघोड़ा, घरघोड़ा एवं तमनार से सोल्ड एच एफ डिलक्स बाइक की चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखना बताया। आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी के निशादेही पर तीन सोल्ड एच.एफ. डिलक्स मोटर सायकल कीमती करीब ?1,10,000 रूपये का बरामद किया गया है। आरोपी एक एचएफ डिलक्स बाइक पर किसी और वाहन का नम्बर प्लेट लगाकर रखा था। आरोपी से जप्त 03 नग सोल्ड मोटरसाइकल के संबंध में धारा 41(1+4)जाफौ/379 भादवि के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपी मान सिंह राठिया पिता सुख सिंह राठिया निवासी ऐड्कला थाना छाल को आज दिनांक 16-10-2021 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, आरक्षक नरेंद्र पैकरा, नंदू पैकरा, बीरबल भगत आशिक पन्ना ही सराहनीय भूमिका रही है। एक दिन पहले घरघोड़ा पुलिस ग्राम कुडुमकेला में नगदी व जेवरात चोरी के आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।

## दशहरा उत्सव में ड्यूटी का निर्वहन करने वाले पुलिस वाले के साथ मारपीट एवं वर्दी को फाड़ने वाले आरोपी गए जेल

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



हमेशा सुर्खियों में रहने वाला नगर पंचायत जैजैपुर चाहे वह राजनीति हो ,सामाजिक हो, धार्मिक हो हर क्षेत्र में आगे रहता है। वहीं पर देखा जाए तो यहां पर आने वाले अधिकारी भी जैजैपुर आने से कतराते हैं। क्योंकि उन्हें हमेशा डर बना रहता है कि कहीं हम हमारे ऊपर किसी प्रकार की कोई घटना न घट जाए जिससे हमें शर्म महसूस होना पड़े। यह नगर पंचायत छत्तीसगढ़ का जिसे काला पानी के नाम से लोग जानते हैं। विजयादशमी के दिन भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ड्यूटी लगाई गई थी। जहां पर आरक्षक अमित कुजूर 610, एएसआई मथुरा प्रसाद मन्नेवार जो ,कि अपने दल बल के साथ दशहरा ड्यूटी मुख्य सड़क पर थे। जहां पर रात के लगभग 10.30 बजे विकास चन्द्रा ने बीच सड़क में बाईक खड़ा कर आने जाने वाले राहगीरों को अवरूद्ध किया जिसमें ड्यूटी पर रहे पुलिसकर्मी बाइक को हटाने के लिए विकास चंद्रा से कहा लेकिन विकास चंद्रा शराब की नशे में पुलिसकर्मी को अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज एवं मारपीट किया। उसे देखते हुए नगर के लोग उनके सहयोगी संदीप चंद्रा , गिरधारी चंद्रा, अनुज चंद्रा, यस चंद्रा माइकल साहू, संजय चंद्रा, पप्पू चंद्रा, मोहन वैष्णव तथा उनके अन्य साथी आकर ड्यूटी में रहे पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट एवं जातिसूचक गाली देते हुए उनके वर्दी को भी फाड़ दिए। ड्यूटी में तैनात अमित कुजूर एएसआई मथुरा प्रसाद मन्नेवार ने अपनी जान बचाकर दशहरे की भीड़ से भागे और अमित कुजूर ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद उच्च अधिकारी को पुलिस को मारने की घटना की सूचना दिया गया जिसके बाद रात्रि में ही पुलिस दल बल आकर आरोपियों की खोज में लगे रहे जिसमें कि कुछ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों ने पुलिस वाले के साथ बेल्ट एवं डंडे से मारपीट करते हुए जातिसूचक के साथ भद्दी भद्दी गालियां भी दी तथा पुलिस वर्दी को भी फाड़ दिए और उन्होंने कहा कि आप लोग बीच सड़क में पुलिस का रौब दिखाते हो जिसमें आरोपियों के खिलाफ 147, 149 ,186 ,294 ,323 332 ,353 ,506 भा द वी के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपियों को व्यवहार न्यायालय जैजैपुर से भी जमानत नहीं मिली। सुबह होते ही पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान चलाया गया जिसमें विकास चंद्रा, संदीप चंद्रा, गिरधारी चंद्रा, अनुज चंद्रा, एवं यश चंद्रा लोगों को गिरफ्तार कर रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

रात को दशहरा गढ़ में ड्यूटी पर रहने वाले आरक्षक एवं ए एस आई अधिकारी के साथ गाली गलौच, डंडे एवं बेल्ट से मारपीट करने वालों को जेल भेजा गया है एवं जो आरोपी पकड़ में नहीं आए हैं उनकी खोजबीन जारी है।
**विवेक पांडे थाना प्रभारी जैजैपुर**

## 19 अक्टूबर को धर्मेंद्र सिंह का राज्याभिषेक करेंगे शक्ति रियासत के राजा बहादुर सुरेंद्र बहादुर सिंह

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





19 अक्टूबर दिन- मंगलवार को क्वार शुक्ल पक्ष चतुर्दशी दोपहर 1.00 बजे राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा अपने दत्तक पुत्र धर्मेंद्र सिंह को अपने 79 वें जन्म दिवस पर अपने जीवन काल में ही अपना उत्तराधिकारी घोषित कर राज्याभिषेक किया जाएगा, उक्तआशय की जानकारी एक भेंटवार्ता में राजा बहादुर सुरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन ने देते हुए बताया है कि 19 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे धर्मेंद्र सिंह को मेरे द्वारा राज्याभिषेक करने का निर्णय लिया गया है, जो कि राज परिवार की परंपरा को गौरवान्वित करेगी, एवं इस अवसर पर राजा बहादुर सुरेंद्र बहादुर सिंह ने अपना स्नेहिल आशीष एवं शुभकामनाएं प्रदान करने के लिए गणमान्य जनों को अपनी गरिमामय उपस्थिति देने का आग्रह भी किया है, वही सक्ति राजमहल से प्राप्त सूत्रों के अनुसार 19 अक्टूबर दिन- मंगलवार को राजमहल शक्ति में राजा सुरेंद्र राजा बहादुर सुरेंद्र बहादुर सिंह के 79 वे जन्मदिवस के मौके पर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, शक्ति रियासत का देश की राजनीति में भी विगत कई दशकों से काफी प्रभाव रहा है, तथा वर्तमान में राजमहल शक्ति के धर्मेंद्र सिंह जिन्हें की शक्ति राजा बहादुर सुरेंद्र बहादुर सिंह ने गोद लिया हुआ है, तथा धर्मेंद्र सिंह वर्तमान में जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य हैं, 19 अक्टूबर को राजमहल शक्ति में होने वाले इस राज्य अभिषेक कार्यक्रम को लेकर राजमहल ने भी अपने शुभचिंतकों तथा देश की विभिन्न रियासतों के सदस्यों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया है, तथा 19 अक्टूबर का दिन शक्ति शहर में भी एक यादगार क्षण होगा, राजा बहादुर सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा प्रेषित आमंत्रण पत्र में 108 श्री महामाया देवी की कृपा से यह शुभ अवसर आया है, कि देव पुरुष हरि गुजर के वंशज स्व. चित्रभान सिंह के सुपुत्र स्व. राजा बहादुर लीलाधर सिंह रुलिंग चीफ शक्ति स्टेट, उप नेता विपक्ष के सुपुत्र स्व. युवराज जिवेंद्र बहादुर सिंह के सुपुत्र राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं महाराज कुमार स्व. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह मैं राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह अपने दत्तक पुत्र धर्मेंद्र सिंह को दिनांक 19 अक्टूबर 2021 दिन-मंगलवार को तिथि क्वार शुक्ल पक्ष चतुर्दशी समय दोपहर 1.00 बजे अपनी 79 वी वर्षगांठ पर अपने जीवन काल में अपना उत्तराधिकारी घोषित कर राज्य अभिषेक करने का निर्णय लिया हूं।

## जस गीत प्रतियोगिता में जय मां गोटीन दाई जस गीत पार्टी बोरसी को प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नव दुर्गा उत्सव समिति जैजैपुर द्वारा नवरात्रि पर्व से प्रारंभ होकर 9 दिनों तक चले जस गीत पार्टी प्रतियोगिता का संपन्न हुआ। जिसमें की जस गीत पार्टी जय मां जय मां गोटिन दाई जस गीत पार्टी बोरसी प्रथम 10001?, जय मां सर्वमंगला ग्रुप लिमतरा द्वितीय 7001, जय ठाकुर देव जस गीत पार्टी बिर्रा तृतीय 5101?,जय मां जगदंबा जय ठाकुर देव चतुर्थ 3101? सोना दुला ,जय बजरंग माता सेवा 2101 ओडेकेरा पंचम, जय मां शारदा जस गीत पार्टी 1501 उच्च भट्टी छठवां , जय मां की पीली दाई जस गीत पार्टी 1101 ओडेकेरा सातवां, होली खेला सत्यम जय लाला चौराहा जस गीत पार्टी 701 पेंड्री, जय खोरी बैगीन दाई 601 काशी गढ़ नवम, जय शीत बाबा जसगीत पार्टी 501 दसवा स्थान के साथ जय मां शीतला देवी परसाडीह, महानंदी सेवा संगम ओडेकेरा ,और न्यू स्टार जय मां मोली दाई परसाडीह को सांत्वना पुरस्कार सुभाष अग्रवाल के द्वारा 500 -500 प्रदान किया गया। नव दुर्गा उत्सव समिति जयजयपुर में विशेष रुप से सुभाष अग्रवाल, सूरज देवांगन, जीवन सोनी, दक्ष सिंह चंद्रा, गणेश राम श्रीवास, सुशील साहू, नरेश यादव, विवेक श्रीवास, मनीष थवाईत, विष्णु साहू, राजू साहू, विश्वकामता साहू, देवी दयाल साहू ,मनोज चंद्रा, राजकुमार प्रजापति ,जीवेंद्र बहादुर साहू ,लक्ष्मण साहू, संजय साहू एवं खीकराम यादव का विशेष योगदान रहा।

## अयोग्य होने के बावजूद भी महत्वपूर्ण पदो पर बैठे कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में लंबे से चल रहे अटेचमेंट के खेल में अयोग्य कर्मचारियों को उस जगह बैठने का मौका मिला जा रहा है जिस पर की योग्यता न होने के बावजूद भी कभी अधिकारियों के वदरहस्त का प्रभाव हो या नेताओं के रहमोकरम का खेल पद पर काफी लंबे समय से कब्जा जमाये बैठे है।

ऐसा ही एक मामला पीडब्ल्यूडी डिवीजन पद में बैठने की योग्यता नही होने के बावजूद अधिकारियों के रहमोकरम से जमा है मलाईदार पद में बैठे इस बाबू के मलाईदार पद में बैठने की योग्यता न होने के बावजूद भी लंबे समय से बैठे है।

मिली जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी का डिवीजन ऑफिस मुंगेली जिले का लोक निर्माण विभाग का डिविजन ऑफिस वैसे तो हर समय सुर्खियों में रहा है। बिना काम के रातोरात बिल भुगतान की कार्यवाही से लगभग लाखों रुपये वारे न्यारे करने जैसी भ्रष्टाचार के मामले बहुत हुए मगर समय और सत्ता में बैठे कुछ ओहदेदार की दखल के बाद सभी मामले दबाए ही जाते रहे है। इसके अलावा मुंगेली पीडब्ल्यूडी विभाग में कुछ अयोग्य और शासकीय सेवा में एक अदने से क्लर्क के रूप में अनुबंध के साथ नक्सल प्रभावित जिले के लिए भर्ती निकाल पदस्थ किए गए जिसमे तीन दर्जन से अधिक लोगो की भर्ती ली गई मगर दुर्भाग्य से कहे अथवा पिछले दरवाजे से एक क्लर्क जो मुंगेली जिले में पदस्थ रहने के लिए अयोग्य है बावजूद दाएं बाए से मुंगेली डिवीजन में आ पदस्थ हो गए हैं। वही मिली जानकारी के अनुसार एक क्लर्क जिनकी पदस्थापना नक्सल जिले के लिए हुई उन्हें सुकमा जिले स्थानांतरित किया गया। मगर हाई कोर्ट में एक विभागीय पेंच के सहारे अब तक मुंगेली डिवीजन में अयोग्य होने के बावजूद संवेदनशील, महत्वपूर्ण पद पर बने हुए है। जिस पद में वो बैठे हुए है उस पद में शासन के पूरे पंढ की जवाबदेही होती है बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता से लेकर सभी अधिकारी आंख बन्द कर बैठे हुए है।

## मुंगेली पुलिस लाइन में विजयादशमी के अवसर पर एसपी ने की शस्त्र पूजा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के पुलिस लाइन में विजयादशमी के अवसर पर शस्त्रों की पूजा विधि- विधान से की गई शस्त्र पूजा के बाद हवाई फायरिंग की गई हर वर्ष के तरह इस साल भी पुलिस विभाग द्वारा शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया शस्त्र पूजा के बाद जिले के पुलिस अधीक्षक डीआर आँचला ने विजयादशमी के मौके पर सुख शांति की कामना के साथ ही लोगों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। मुंगेली पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा के बाद हवाई फायरिंग - इस दौरान पुलिस अधीक्षक डी.आर. आँचला ने बताया कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। इस अवसर पर पुलिस लाइन में भी हर साल की तरह शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा एस.पी. डी.आर. आँचला एवं आर.आई. मनीष ठाकुर ने किया और शस्त्र पूजा के साथ हवन भी किया गया। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जिले के कप्तान डीआर आँचला ने सबसे पहले हवाई फायरिंग की। उसके बाद पुलिस के दूसरे अधिकारियों ने भी हवाई फायरिंग में भाग लिया।

## झांकीयों के साथ माता रानी की विदाई हुई



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर के विभिन्न स्थानो में विराजित मां दुर्गा का विसर्जन रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ किया गया। मां दुर्गा के प्रतिमा के साथ-साथ टोलियों ने माता की आराधना गीत जसगीत गाते हुए निकले, इसी प्रकार नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न समिति मंडी परिसर से आकर्शक झांकी निकाल कर प्रतिमा का विसर्जन धार्मिक वातावरण के साथ किया गया। वही सभी समितियों के द्वारा माताराणी की मूर्तियों का विसर्जन प्रशासन द्वारा निर्धारित में किया गया।

**जगह जगह हुआ स्वागत -** नगर के पंडालो में विराजित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन लिए प्रशासन ने 17 तारीख निर्धारित किया था, जिसके लिए सभी दुर्गा प्रतिमाओं को मंडी परिसर में एकत्रित हो कर एक साथ आकर्शक झाकी के रूप निकाली गई, जिसमें नगर में विराजित लगभग 10 से 12 समितियों ने हिस्सा लिया जिसके स्वागत के लिए अलग अलग जगहो पर पंडाल बनाये गये थे,

**पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद-** नगर में दुर्गा विसर्जन को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी एवं स्टाफके द्वारा दुर्गा विसर्जन में पूरे मुस्तैद रहे ट्रेफिक व्यवस्था को संभाले जिनके कारण यातायात बाधित नही रहा।

## कोंड़तराई एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### पाउच पन्नी पॉलिथिन मुक्ति के लिए लोगों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



अक्टूबर माह में 1 से 31 तारीख तक युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश में स्वच्छ भारत ( क्लिन इंडिया) कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ ( छत्तीसगढ़)के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का एवं जिला संगठक भोजराम पटेल के कुशल निर्देशन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंड़तराई प्राचार्य एस. आर. भगत सरजी एवं कार्यक्रम अधिकार राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में पूरे कोंड़तराई ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस दौरान गाँव के गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख मार्गों में पड़े हुए पाऊचों, पन्नीयों एवं कचरों की सफाई की गई. लगभग 50 किलो पॉलिथिन कचरे एकत्रित किए गए। सभी स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक इस कार्य को करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व को बताया। गाँव के लोग भी इस कार्य में भरपूर सहयोग किये तथा स्वयंसेवकों का सम्मान करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए चाय एवं बिस्किट का प्रबंध किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्रा, नेहरू युवा केन्द्र रायगढ़ के स्वयंसेवक नंदकिशोर दुबे एवं नवीन कुमार दुबे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा जिसमे एनएसएस के स्वयं सेवकों की उत्साहजनक भागीदारी रही।

## त्रिवेणी संगम में हुआ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में शारदीय नवरात्रि बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। नगर के सभी देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित होने के साथ ही साथ नगर के विभिन्न चौक-चौराहों ठाकुर देव चौक, महावीर चौक, लम्बा दुकान शीत बाबा चौक, गौरा चौक, बाबा घाट रंगमंच, सेठी नगर, जनकपुर वार्ड बम्बे मार्केट, आदि दस स्थानों पर आकर्षक पंडाल बनाकर माता दुर्गा की मनमोहक मूर्ति विराजित कर दुर्गा समितियों के सदस्यों व्दारा विधि विधान से नौ दिन तक पूजा अर्चना एवं जसगीत से सेवा किया गया और 16 अक्टूबर एकादशी के दिन माँ दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन महानदी त्रिवेणी संगम शिवरीनारायण में किया गया। समिति के सदस्यों ने दोपहर लगभग 12 बजे पंडाल में माताराणी दुर्गा की आरती एवं स्तुति किया तत्पश्चात उन्हे खुले चार पहिया वाहन में विराजित कर श्रद्धालु युवक युवती माँ दुर्गा के प्रतिमा के आगे डी जे के धून एवं मांदर मंजिरा के थाप में नाचते गाते नगर का भ्रमण करते हुए महानदी के घाट में पहुंचे और वहां पर माँ दुर्गा की प्रतिमा का अंतिम बार पूजा अर्चना कर उन्हे नम आंखों से विदाई देते हुए त्रिवेणी संगम में विसर्जन कर दिया इसी दौरान शाम को मौसम का मिजाज भी बदला और नगर में हल्की बारिश भी होने लगी जिसे देख कर ऐसा लग रहा था की माताराणी की विदाई में आसमान भी रो रहा है।

## BCCI अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बताया, कहां होना चाहिए IPL 2022 का आयोजन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआइ के अध्यक्ष सौरव गांगुली को उम्मीद है कि अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) देश में खेली जाएगी, क्योंकि कोरोना महामारी ने उन्हें संयुक्त अरब अमीरात में इस साल के टूर्नामेंट के दूसरे भाग का मंचन करने के लिए मजबूर किया। आठ टीमों वाला ये टूर्नामेंट मई में अपने आधे रास्ते के करीब रुक गया था, क्योंकि दो फ्रेंचाइजियों के बबल में कोरोना वायरस के मामले सामने आ गए थे।

कोरोना के केस सामने आने के बाद आइपीएल 2021 को स्थगित करना पड़ा और करीब साढ़े 4 महीने के बाद इसे यूएई में फिर से शुरू किया गया था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के नेतृत्व में दुबई में शुक्रवार को फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर अपना चौथा आइपीएल खिताब जीता। लीग अपने अगले संस्करण में दो और टीमों के साथ आएगी और इससे पहले गांगुली का मानना है कि भारत में ये टूर्नामेंट खेला जाएगा।

शनिवार को एक वर्चुअल कान्फ्रेंस में सौरव गांगुली ने कहा, ÷मैं आशा करता हूं कि इसका आयोजन भारत में हो, क्योंकि ये इंडिया का टूर्नामेंट है। दुबई में आप जितना शानदार माहौल देखते हैं, भारत में वह अलग है। स्टैंड फुल के साथ भारत में यह बिल्कुल पागलपन है। हम इसे भारत में वापस लाना पसंद करेंगे। मुझे यकीन है कि अगले सात-आठ महीनों में, COVID-19 की स्थिति बहुत अलग होगी, और हम इसे भारत में पैक्ड स्टैंड और समर्थकों के साथ होस्ट कर सकते हैं।

# श्रीवत्स गोस्वामी ने चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर किया बड़ा खुलासा

**दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीवत्स गोस्वामी ने चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर जो बातें बताई हैं, उन बातों से किसी भी फ्रेंचाइजी को सीख लेनी चाहिए। हर कोई जानता है कि आइपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीम निश्चित रूप से चेन्नई सुपर किंग्स है। भले ही टीम ने मुंबई इंडियंस की बराबर खिताब नहीं जीते हैं, लेकिन टीम ने अब तक 9 बार आइपीएल का फाइनल मैच खेला है, जो अपने आप में सीएसके की महानता की कहानी बयां करता है। श्रीवत्स गोस्वामी ने भी यही कहा है कि महान आइपीएल टीम से अन्य फ्रेंचाइजियों को सीखने की जरूरत है।



दरअसल, बाएं हाथ के बल्लेबाज श्रीवत्स गोस्वामी ने ट्वीट कर कहा है कि महान टीम से सीखने की जरूरत है। उन्होंने लिखा, ÷सबसे बड़ी आइपीएल टीम से सीख मिलती है कि अनुभव का सम्मान होना चाहिए। खिलाड़ियों को फार्म में चरणों के माध्यम से प्राप्त करने के लिए पर्याप्त अवसर और समय देना चाहिए। खिलाड़ियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। बंद कमरे की बैठकें कम होनी चाहिए और अभ्यास सत्र के दौरान वन टू वन होना चाहिए। मैच नहीं खेलने वाले सदस्यों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए।

श्रीवत्स गोस्वामी इस सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद का थे, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के बावजूद श्रीवत्स गोस्वामी को एक भी मैच खेलने को नहीं मिला। श्रीवत्स गोस्वामी ने टीम के साथ भारत और यूएई दोनों जगह ट्रेवल किया, लेकिन उनको इस साल एक भी मैच में खिलाया नहीं गया। हैदराबाद के कप्तान डेविड वार्नर ने पहले विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जानी बेयरस्टो को मौका दिया और बाद में कप्तान केन विलियमसन और मनीष पांडे ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा पर भरोसा जताया। हालांकि, श्रीवत्स के पास भी अच्छा खासा अनुभव है, क्योंकि वे आइपीएल के पहले संस्करण से खेल रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ 31 मैच ही खेल पाए हैं। एक सीजन में राजस्थान रायल्स के लिए उन्होंने 12 मैच खेले थे।

### एशेज सीरीज शुरू होने से पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने बताई अपनी टीम की रणनीति

**लंदन.** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा है कि इस साल के आखिर में एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज स्पीड से बॉलिंग नहीं, बल्कि लगातार दबाव बनाए रखना उनकी टीम के लिए जरूरी होगा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोहनी की चोट के



कारण इस दौरे से बाहर हो गए हैं तो वहीं ओली स्टोन पीठ दर्द की समस्या से परेशान हैं। ऐसे में अनुभवी जेम्स एंडरसन गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें मार्क वुड के रूप में सिर्फ एकमात्र गेंदबाज होगा, जो लगातार 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से बॉलिंग कर सकता है। ब्रॉड को चोट से उबरने के बाद कोच क्रिस सिल्वरवुड की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर से ब्रिसबेन में शुरू होने वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए इंग्लैंड के पास मुख्य योजना के अलावा दूसरी योजना भी है।

## एमएस धोनी के फैन्स के लिए खुशखबरी, IPL 2022 के मेगा ऑक्शन में थाला को रिटेन करेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**नई दिल्ली.** चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को केकेआर को हराकर चौथी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद जब मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले ने सीएसके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से कहा कि आप अपने पीछे एक विरासत छोड़कर जा रहे हैं तो धोनी ने इसके रिप्लाई में कहा कि लेकिन मैंने अभी तक छोड़ा नहीं है। धोनी के इस बयान के बाद इस बात की उम्मीद की जाने लगी थी कि वे चेन्नई की तरफ से एक सीजन में और खेलते नजर आ सकते हैं। लेकिन अब सीएसके के अधिकारियों ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगले सीजन में भी धोनी ही सीएसके की तरफ से खेलते नजर आएंगे क्योंकि टीम उन्हें मेगा आईपीएल ऑक्शन में रिटेन करेगी।

मुताबिक सीएसके मैनजमेंट ने धोनी को रिटेन करने की पुष्टि कर दी है। एएनआई से बात करते हुए सीएसके के एक अधिकारी ने कहा कि पहले रिटेंशन कार्ड का इस्तेमाल कप्तान को रिटेन करने के लिए किया जाएगा। ये एक फैक्ट है। रिटेन कोई ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हम नहीं जानते हैं। धोनी के मामले में ये कोई महत्व नहीं रखता है। उनके केस में वो सेकेंडरी चीज होगी। क्योंकि उनके लिए पहला रिटेंशन कार्ड



इस्तेमाल किया जाएगा। टीम को धोनी की जरूरत है और निश्चिंत रहें कि वह अगले साल वापस आएंगे।

# महिला बिग बैश लीग में चमकीं हरमनप्रीत कौर व जेमिमा रोड्रिग्ज

### स्मृति मंधाना दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की दबाव में खेली गई 24 रन की नाबाद पारी और सलामी बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के 33 रन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने शनिवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच में मेजबान होबार्ट हरिकेन्स को छह विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोड्रिग्स और कप्तान सोफी मोलिनेक्स 16) ने पहले विकेट के लिए 22 रन की पार्टनरशिप की। रोड्रिग्स ने दो चौके और एक छक्के समेत 33 रन की पारी के दौरान दूसरे विकेट के लिए कर्टनी वेब (31) के साथ 68 रन की पार्टनरशिप कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

इसके बाद हालांकि सात रन के अंदर तीन विकेट गिरने से टीम परेशानी में आ गई, लेकिन हरमनप्रीत ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 19 गेंद में एक चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 24 रन बनाकर चार गेंद रहते हुए टीम को जीत दिला दी। हरमनप्रीत ने गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 20 रन खर्च कर एक विकेट लिया। उन्होंने भारतीय विकेटकीपर रिचा घोष को उस वक्त पवेलियन भेजा जब वे बड़े शॉट लगाने के बाद खतरनाक दिख रही थीं। रिचा ने 14 गेंद में एक छक्के और दो चौके की मदद से 21 रन बनाए। दिन के दूसरे मैच में स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा अपनी टीम सिडनी थंडर्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहीं। उनकी टीम को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने 30 रन से हराया। एडिलेड स्ट्राकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तहलिया मैकग्रा (42) और मेडेलिन पेन्ना (35) की शानदार बल्लेबाजी से सात विकेट पर 140 रन बनाए। दीप्ति इस दौरान सिडनी की सबसे महंगी गेंदबाज साबित हुईं। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते समय मंधाना (चार रन) और दीप्ति (चार रन) प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और उनकी पूरी टीम 110 रन पर आउट हो गई। कोविड-19 के खतरे के कारण दोनों मैचों को दर्शकों के बिना खेला गया था।

## बिजनेस

# अब और कितना मारेगी महंगाई; प्याज ने रुलाया, टमाटर ने भी तरेरी आंखें

**नई दिल्ली।** त्योहारों के इस सीजन में आम आदमी को महंगाई ने बुरी तरह से पस्त कर दिया है। पेट्रोल, डीजल और गैस के साथ-साथ अब टमाटर और प्याज की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार आज (16/10/2021) टमाटर की रिटेल प्राइस 110.05 रुपये किलोग्राम है। जबकि पांच दिन पहले एक किलो टमाटर की कीमत महज 39 रुपये थी। वहीं, प्याज की कीमतों में पिछ्ले पांच दिनों में प्रति किलोग्राम पांच रुपये का इजाफा हुआ है। खुदरा बाजार में आज एक किलो प्याज की कीमत 40.15 रुपये है। आलू की कीमतों में भी मामूली ही वृद्धि हुई है। इस बार सितंबर के अंत



में कई राज्यों में बारिश हुई है। जिसकी वजह से सब्जी की खेती पर बुरा असर पड़ा है। वहीं, कीमतों में तेजी की दूसरी वजह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा होना भी है। तेल की कीमतें बढ़ने से ट्रांसपोर्ट का खर्चा बढ़ गया है। जिसका असर आपकी जेब पर अब पड़ रहा है।

**रसोई गैस से लेकर CNG-PNG तक हर जगह महंगाई की मार**

इस महीने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में भले ही इजाफा नहीं हुई हो लेकिन पिछले 10 महीनों में कंपनियों ने कई बार कीमतें बढ़ाई हैं। एक जनवरी को दिल्ली में को 14.2 किलोग्राम के गैस सिलेंडर की कीमत 694 रुपये थी। जोकि एक अक्टूबर को ताजा कीमतें 884.5 रुपये हो गई हैं। पिछले दिनों 10 दिन के भीतर इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने दूसरी बार सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में इजाफा किया था।

**पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पर नहीं लग रही है लगाम**

पिछले चार दिनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। रविवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल और डीजल 35-35 पैसा महंगा हो गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना सहित कई राज्यों में पेट्रोल के साथ-साथ 100 रुपये प्रति लीटर का पार बिक रहा है।

# रियलमी ने अपनी जीटी सीरीज़ में नया उत्पाद



**नई दिल्ली।** 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड और भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी जीटी सीरीज़ में नया सदस्य, रियलमी जीटी नियो 2 5जी प्रस्तुत किया। यह परफेक्ट बैलेंस प्रदान करने वाला प्रीमियम मिड-रेंज स्मार्टफोन है। जीटी परिवार में नियो के शामिल होने से रियलमी की एक नई शुरुआत हुई है, जिसमें जीटी अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी का प्रतीक है तथा नियो में रियलमी का भविष्य के लिए यूथफुल एवं आशान्वित दृष्टिकोण प्रदशिर्त होता है। इस ब्रांड ने एंटरटेनमेंट एवं गेमिंग की श्रेणियों में नए आकषर्क उत्पादों का अनावरण किया, जिनमें रियलमी 4के स्माट र्टीवी गूगल स्टिक, रियलमी ब्रिक ब्लूटूथ स्पीकर और रियलमी गेमिंग एक्सेसरीज़ शामिल हैं। लॉन्च के बारे में श्री माधव शेठ, वाईस प्रेसिडेंट, रियलमी एवं चीफ एक्जि़क्यूटिव ऑफिसर, रियलमी इंडिया, यूरोप और लेटिन अमेरिका ने कहा, ''रियलमी ने सदैव से आगे छलांग लगाने (डेयड र्टू लीप अहेड) का साहस किया है और दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड एवं 5जी लीडर के रूप में रियलमी का मानना है कि हमारे ग्राहकों को सवर्श्रेष्ठ 5जी अनुभव मिलना चाहिए। हमारा उद्देश्य उन्हें सवर्श्रेष्ठ स्मार्टफोन फीचस र्प्रस्तुत करना है। जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी नियो 2 5जी शामिल करने के साथ, हम अपने यूज़स र्को सवर्श्रेष्ठ प्रोसेसर और अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान कर रहे हैं।

## कीमती धातुओं की चमक बरकरार

**मुंबई।** विदेशी बाजारों की तेजी की बदौलत बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 1470 रुपये प्रति किलोग्राम चमक गई। वैश्विक बाजार में सोना हाजिर 10.59 डॉलर प्रति औंस की की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 1767.26 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 11.5 डॉलर प्रति औंस चढ़कर 1766.70 डॉलर प्रति औंस रहा। इसी तरह इस दौरान चांदी हाजिर 0.62 डॉलर चढ़कर 23.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बीते सप्ताह वैश्विक बाजार की मजबूती ने घरेलू बाजार की दिशा तय की। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 200 रुपये की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 47213 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 184 रुपये चमककर 47106 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी भी 1470 रुपये की उछाल के साथ 63271 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 1410 रुपये की छलांग लगाकर 63443 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।



## विदेशी मुद्रा भंडार 2.04 अरब डॉलर बढ़कर 639.51 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले चार सप्ताह की गिरावट से उबरते हुए 08 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.04 अरब डॉलर बढ़कर 639.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.2 अरब डॉलर घटकर 637.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 08 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 577 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार 46.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 38.02 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 19.27 अरब डॉलर रहा। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 30 लाख डॉलर कम होकर 5.23 अरब डॉलर रह गया।

## बॉलीवुड

# इस दिवाली अक्षय कुमार बॉक्स ऑफिस पर करेंगे बड़ा धमाका, 5 नवंबर को रिलीज होगी सूर्यवंशी

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सूर्यवंशी' दुनिया भर में पांच नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की राज्य के सिनेमा घरों को 22 अक्टूबर से खोले जाने की घोषणा के बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर बताया था कि 'सूर्यवंशी' दिवाली के दौरान रिलीज होगी। हालांकि, इसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई। कुमार ने सोशल मीडिया पर छोटा सा एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उनके साथ अजय देवगन और रणवीर सिंह भी दिख रहे हैं। 'सूर्यवंशी' में ये



दोनों अभिनेता मेहमान भूमिका में नजर आएंगे। एक सिनेमा हॉल के भीतर फिल्माए गए वीडियो में तीनों अभिनेता दर्शकों से दिवाली के दौरान सिनेमाघरों में फिल्म देखने की अपील कर रहे हैं।

कुमार ने कहा, ''क्या आपको यह जगह याद है, जहां आपने कितनी ही भावनाओं को पर्दे पर उमड़ते देखा है। किसी ने नहीं सोचा था कि फिल्मों की तरह हमारे जीवन में भी 'मध्यांतर' आ जाएगा। लेकिन हम लोग वापस आ गए हैं।'' यह फिल्म 24 मार्च, 2020 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसकी रिलीज की तारीख कई बार बढ़ाई गई।

महामारी के कारण देशभर में सिनेमाघरों को बंद करना पड़ा था। शेट्टी की पुलिस अधिकारी पर आधारित यह चौथी फिल्म है। इससे पहले इसी विषय पर वह अजय देवगन के साथ 'सिंघम', 'सिंघम रिटर्न्स' और रणवीर सिंह के साथ 'सिम्बा' बना चुके हैं। 'सूर्यवंशी' में कुमार के साथ कटरीना कैफ नजर आएंगी। आगामी फिल्म के प्रस्तोता रिलायंस एंटरटेनमेंट हैं और रोहित शेट्टी पिक्चर्स ने धर्मा प्रोडक्शंस एवं केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर इसका निर्माण किया है।

## अपने नाना की गोद में बैठी इस एक्ट्रेस को पहचान पाए क्या आप ?



**मुंबई।** सोशल मीडिया पर अधिकतर सेलेब्स काफी एक्टिव रहते हैं। ऐसे में ये सितारे फैंस के साख अपनी कई तस्वीरें भी शेयर करते रहते हैं। खासकर ऐसी तस्वीरें जो सोशल मीडिया यूजर्स या उनके फैंस ने अब तक ना देखी हैं। अब हाल ही में एक एक्ट्रेस ने अपने बचपन की एक अनदेखी तस्वीर शेयर की है। क्या आप इस एक्ट्रेस को पहचान पाए?

नहीं पहचान पाए! तो हम आपको बताते हैं कि ये प्यारी सी बच्ची कौन है... ये प्यारी सी बच्ची जो इस तस्वीर में अपने नाना की गोद में बैठी है वो कोई और नहीं बल्कि कपिल शर्मा की ऑनस्क्रीन पत्नी सुमोना चक्रवर्ती हैं। सुमोना चक्रवर्ती ने अपने नाना के जन्मदिन के मौके पर इस तस्वीर को शेयर किया है। सुमोना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी के जरिए इस तस्वीर को शेयर करते हुए अपने नाना को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। तस्वीर में सुमोना को देख उनके फैंस उन्हें पहचान नहीं पा रहे हैं। ये तस्वीर सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही है।

## दोस्तों के साथ नीना गुप्ता के कॉलेज के चक्कर काटते थे शक्ति कपूर

**नई दिल्ली।** नीना गुप्ता बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो हमेशा से खुलकर अपने फिल्मी करियर और निजी जिंदगी के बारे में बताती रहती हैं। नीना गुप्ता अपनी ऑटोबायोग्राफी 'सच कहूं तो' को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने अपनी इस किताब में निजी जिंदगी से जुड़े किए किस्से और कहानियां शेयर की है। नीना गुप्ता ने किताब 'सच कहूं तो' में अभिनेता शक्ति कपूर के बारे में रोचक खुलासा किया है।

शक्ति कपूर बॉलीवुड में अपने विलेन किरदारों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में अपना बेहतरीन अभिनय दिखाया है। अंग्रेजी वेबसाइट हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के अनुसार नीना गुप्ता ने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'सच कहूं तो' में बताया है कि शक्ति कपूर उनके कॉलेज के चक्कर काटा करते थे। शक्ति कपूर अपने दोस्तों के साथ मिलकर नीना गुप्ता के कॉलेज के चक्कर काटते थे और लड़कियां भी उन्हें देखने के लिए उतावली रहती थीं। नीना गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी के जानकी देवी महाविद्यालय (अब जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज) से पढ़ी हुई हैं। कॉलेज के दिनों में नीना गुप्ता अपने कॉलेज के बाहर दो बाइक वालों को अक्सर चक्कर मारते हुए देखती थी।



# भाजयुमो ने निकाली कांग्रेस सरकार की शवयात्रा, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला भी फूंका

## जशपुर जिले के पत्थलगांव की घटना को लेकर भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा व जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह की अगुवाई व उत्तर-दक्षिण मंडल भाजयुमो के संयुक्त तत्वाधान में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसनीत छत्तीसगढ़ सरकार की शव यात्रा निकाल प्रदर्शन किया। पत्थलगांव में मां दुर्गा के विसर्जन के दौरान गांजा तस्करों द्वारा श्रद्धालुओं को कुचले जाने के मामले में आक्रोशित युवाओं ने जयस्तंभ चौक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला दहन भी किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भाजयुमो कार्यकर्ताओं सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद थे।



भाजयुमो के उत्तर मंडल अध्यक्ष सज्जन ठाकुरव दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव व कार्यकर्ताओं ने जशपुर में हुई विभत्स घटना को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि जशपुर जिले में घटी घटना बेहद दुःखद होने के साथ ही सरकार की नाकामयाबी का बड़ा उदाहरण है। प्रदेश तस्करों का गढ़ बनता जा रहा है। छत्तीसगढ़ होते हुए पूरे देश में गांजा की खेप पहुंचाई जा रही है। यह समझाने के लिए काफी है कि कांग्रेस के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ तस्करों के लिए कितना फायदेमंद साबित हो रहा है। लगातार तस्करी को लेकर आगाह किए जाने के बावजूद सीमाओं पर बंदोबस्त की कमी के पीछे आखिर सरकार की मंशा क्या है यह स्पष्ट होना चाहिए। मोनू ने कहा कि, तस्करों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ अब शराब और गांजा तस्करी के लिए जाना जाने लगा है। इस स्थिति के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब लोगों को कुचलने से भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भाजपा उत्तर व दक्षिण मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, तरूण लहरवानी, प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य गोलू सूर्यवंशी, आलोक श्रोती, नरेंद्र हंसा, समीर श्रीवास्तव, अनुराग चौरसिया, गोलू गुप्ता, जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन, विवेक शर्मा, देवाशीष झा, मंत्री पिंटू वर्मा, उज्जवल कसेर, शिवम यादव, अशोक निर्मलकर, जय शर्मा, रोहित मलकानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष मिथलेश्वरी वैष्णव सरस्वती यादव, रेणू सूर्यवंशी, अनीता सोनवानीभाजयुमो उत्तर मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, भाजयुमोदक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव,अरूणेश झा, लक्ष्मीकांत साहू, अनिल शर्मा, सययम शर्मा, आशुतोष सिंह, जसमीत भाटिया, कमलेश प्रजापति, आदित्य पराते, अभिषेक पांडेय, सुमीत आजमानी, परमानंद सेन, इंद्रजीत मानिकपूरी, सूरज नायक, पेमन अग्रवाल, चंदन साहू, प्रहलाद सिन्हा, नितेश नायक, रवि साहू, संभव बैद, अभिषेक यादव, संस्कार झा, राहुल यादव, अंशुल कसेर, आशु कसेर, अनुराग श्रीवास्तव, सूरज गुप्ता, अभिषेक सेन, रवि राजपूत, गजेंद्र साहू, लोकश यदु सहित भारी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अपराध का ग्रीन कॉरिडोर बना छत्तीसगढ़ : सज्जन, प्रखर

भाजयुमो उत्तर व दक्षिण मंडल अध्यक्ष सज्जन व प्रखर ने कहा कि छत्तीसगढ में सरकार बनाने से पूर्व जिस कांग्रेस पार्टी ने शराबबंदी का वादा किया था उसी कांग्रेस पार्टी के संरक्षण में छत्तीसगढ अपराध का कॉरिडोर बना हुआ है। वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है। कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। शराब, गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थों के तस्करों के लिए छत्तीसगढ ग्रीन कॉरिडोर बना हुआ है। तस्करों के हौसले पुलिस के संरक्षण में इतने बुलंद है कि उन्हें पत्थलगांव जैसी घटना को अंजाम देने में भी संकोच नहीं होता है। भूपेश सरकार की लापरवाही एवं उत्पीड़न से छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त हो चुकी है।

## 26 प्रशिक्षु पटवारियों की तहसीलों में पदस्थापना


**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पटवारी विभागीय परीक्षा माह जुलाई 2021 के जारी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण 26 प्रशिक्षु पटवारियों को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जिले के तहसीलों में पदस्थ किया है। संबंधित अभ्यर्थी को पदस्थापना कार्यालय में आदेश जारी होने के तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति अनिवार्यत- देनी होगी। इस अवधि के उपरांत किसी भी परिस्थिति में उपस्थिति मान्य नहीं किया जाएगा और दस्तावेजों की मूलप्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षु पटवारियों को मानपुर तहसील में उपेन्द्र कुमार साहू, दिनेश कुमार साहू, रोपेश कुमार देवांगन, रचित कुमार गुप्ता, आकाश सिंह राजपूत, विजयंत चौरसिया, लवकुमार साहू, सिद्धार्थ खापर्डे, प्रवीण बाम्बेश्वर, मनोज खरे की पदस्थापना किया गया है। इसी तरह गण्डई तहसील मं सद्दाम खान, मेघा वाल्दे, श्यामलाल साहू, ग्रीसदास साहू की पदस्थापना की गई है। छुईखदान तहसील में ऋचा जंघेल, निखलेश कुमार शिवना, करण कुमार यादव, कुमारी सरिता तामस्कर, नवजोत सिंह भाटिया, छुरिया तहसील में पूजा सिन्हा, रीना देवांगन, कुमारी लवली ठाकुर, अंबागढ़ चौकी तहसील में रविकांत बघेल, उमेश कुमार की पदस्थापना की गई है।

## जांच में शिविर में 21 को प्रेस्बायोपिया, मोतियाबिंद के 4 मरीज मिले

**मानपुर।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड मानपुर में 22वां विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। ग्राम नवागांव में नेत्र साहयक अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर दुर्गेश वर्मा द्वारा नेत्र परीक्षण का कार्य किया गया। जिसमें गांव के लगभग 55 से 60 लोगों ने नेत्र परीक्षण करवाया। जांच में 21 लोगों को प्रेस्बायोपिया पाया गया जिसका चश्मा जांच किया गया और इन सभी लोगो को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया जाएगा। 4 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए जिसे ऑपरेशन की सलाह दिया गया। 4 दृष्टि दोष और अन्य लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस का थीम लव योर आई रखा गया था।

## भूमिपूजन में इल्लीयुक्त लड्डू वितरण से बिगड़ी सेहत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में मुख्यमार्ग पर नगर पंचायत के पुराना भवन समीप एक व्यापारी द्वारा भुमिपूजन कर इल्लीयुक्त मिठाई वितरण करने का मामला सामने आया है। यह वाकया रविवार दोपहर की बताई जाती है। इल्लीयुक्त लड्डू खाकर एक बच्चे को तत्काल उल्टियां होने की भी खबर है। वहीं कांग्रेस भवन समीप दर्जनभर व्यवसायी नागरिकों को उक्त इल्लियुक्त लड्डू वितरण की चर्चा नगरभर में वायरल होने से लड्डू खाने वालों में दहशत व्याप्त है।

दरअसल नगर स्थित कांग्रेस भवन समीप रिक्त सरकारी जमीन पर अनिल कुमार जैन नामक कोई व्यवसायी द्वारा दाल भात सेंटर निर्माण करने भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित राकेश साहू, सोहन सिंह राजपूत, राकेश साहू, अब्दूल रब्बानी, सोनू राजपूत, मदन मालेकर सहित अन्य दर्जनभर व्यवसायी सहित आम नागरिकों व बच्चों को व्यवसायी द्वारा लड्डू वितरण किया गया। इस वाकये के दरम्यान मौजूद व लड्डू खाने वाले नागरिकों ने मौके पर मीडिया को बताया कि सभी मौजूद लोग लड्डू खा रहे थे, इसी दरम्यान किसी को लड्डू में इल्ली नजर आया। तभी एक बच्चे ने उल्टियां भी शुरू कर दी, तो कुछ लोगो ने अपने लड्डू पर गौर किया। अधिकतर लोगों के लड्डू में इल्लियां थी, हालांकि अधिकतर नागरिक लड्डू खा चुके थे। ऐसे में घण्टे भर के लिए माहौल खराब हो गया था।

**मेरे घर का बना लड्डू-व्यवसायी** – लड्डू में इल्ली व बच्चे को उल्टियां होने के बाद मौजूद नागरिकों ने हल्ला मचा दिया, व्यवसायी भी सकते में आ गए। इस दरम्यान कुछ लोगों द्वारा व्यवसायी को गालीगलौज करने की भी खबर छनकर आई। हालांकि लड्डू वितरण करने वाले कथित व्यवसायी द्वारा गरीबों को खाना खिलाने दाल भात केन्द्र खोलने के लिए भूमिपूजन करने तथा उक्त इल्ली युक्त लड्डू को अपने घर मे एक दिन पूर्व ही बनाने की बातें कहते हुए माफी मांग ली।

## श्री सत्यनारायण मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव 19 को

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा संचालित संस्कारधानी नगरी के हृदय में विराजित श्री सत्यनारायण मंदिर में शरद पूर्णिमा का महोत्सव धूमधाम से मनाए जाने की परंपरा का निर्वहन करते हुए 19 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा । जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है । श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी राजेश शर्मा , पवन लोहिया , श्याम खंडेलवाल , लक्ष्मण लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष अश्विनी शुक्ल पूर्णिमा ( शरद पूर्णिमा ) महोत्सव 19 अक्तूबर मंगलवार को धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय समिति की बैठक में लिया गया है । श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सुरेश अग्रवाल , कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल , भवन व्यवस्थापक राजेश अग्रवाल द्वारा जानकारी दी गई है कि शरद पूर्णिमा पर मंदिर में परंपरा अनुसार रात्रि में अंचल के सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन द्वारा अपनी सुमधुर वाणी से भजनरूपि अमृत गंगा प्रवाहित की जाएगी । मध्य रात्रि में अमृतमयी खीर का भोग लगाकर आरती पश्चात भक्तो को खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा । श्री सत्यनारायण मंदिर आचार्य पंडित बद्री महाराज एवम पंडित कालू महाराज के अनुसार वर्ष में केवल एक दिन शरद पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर मंदिर के गर्भ गृह में विराजित श्री सत्यनारायण भगवान का दूध अभिषेक करने का अवसर प्राप्त होता है , इस दौरान कोई भी भक्त अभिषेक कर सकता है। इस वर्ष दुग्धाभिषेक 20 अक्तूबर को सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक संपन्न होगा।

## टेड़ेसरा में बलवा : दशहरा के दिन ग्रामीणों और कब्जाधारी परिवारों के बीच शुरु हुआ विवाद, तीन दिनों से रोज होती रही मारपीट

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम टेड़ेसरा में दो समुदायों के बीच दशहरे के दौरान छिड़े विवाद के चलते यहां शनिवार की रात यहां लाठी डंडे चल गए। बताया गया कि बाहर से आए समुदाय विशेष के 8 परिवारों ने यहां अवैध कब्जा कर रखा है। दशहरा के दिन साहू व यदु समुदाय बाहुल्य वाले टेड़ेसरा में इन कब्जाधारियों और ग्रामीणों के बीच हाथा पाई हो गई थी। तब से ही इनके बीच रार ठनी हुई है। इस दौरान शनिवार को कब्जाधारी परिवारों की ओर से दोबारा मारपीट किए जाने की शिकायत की गई। इस शिकायत को लेकर कब्जाधारी परिवार ने ग्रामीणों पर फंसाने का आरोप लगाते हुए रविवार की सुबह फिर मारपीट शुरु कर दी। बिगड़ती स्थिति के बीच सूचना सोमनी पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस दल-बल के साथ यहां पहुंची। बताया



गया कि अब तक हुई मारपीट की घटना में 3 ग्रामीण व 4 महिलाओं को चोटे आई हैं। इस पूरे मामले में पुलिस ने दोनों ही पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं ग्राम में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस अमले के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। यहां दोनो पक्षों ने अपने अपने तथ्य सामने रखे। पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि उक्त आठ परिवार यहां अवैध कब्जाकर निवासरत हैं और इसके अलावा वे ग्राम का माहौल भी खराब कर रहे हैं।

### हटाने की मांग, तहसीलदार से दिया आश्वासन

घटनाक्रम को समझने और ग्राम में शांति बहाली के लिए प्रशासनिक अमला भी टेड़ेसरा पहुंचा था। यहां ग्राम पंचायत भवन में बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उक्त आठ परिवार यहां अवैध कब्जा किए हुए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने मांग रखी है कि उन्हें यहां से हटाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त परिवार बाहर से यहां काम करने आए थे लेकिन अब वे कब्जा कर चुके हैं और ग्राम का माहौल भी बिगाड़ रहे हैं। इस पर पुलिस और तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों को समझाईस दी गई। तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया है, की सभी आदिवासियों को जो अवैध रूप से निवास कर रहे है, नियमानुसार नोटिस देकर बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

## रानीसागर-बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण की जांच के लिए कमेटी गठित

**राजनांदगांव।** विवादित रानीसागर-बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण की जांच के लिए आखिरकार कमेटी गठित कर ली गई। सौंदर्यीकरण कार्य की जांच कराने सामान्य सभा की बैठक 7 जुलाई 2021 के निर्णय अनुसार महपौर परिषद की बैठक 31 अगस्त 2021 में जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के परिपालन में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने निगम के तकनीकी अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों की जांच समिति गठित की।समिति में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, जल कार्य विभाग के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य विनय झा के अलावा नेता प्रतिपक्ष द्वारा नामित दो पार्षद को लिया गया है। इसके अलावा सौंदर्यीकरण कार्य की जांच किए जाने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, सहायक अभियंता दीपक अग्रवाल एवंसंदीप तिवारी को नामित किया गया है। उपरोक्त तकनीकी अधिकारी सौंदर्यीकरण कार्य की जांच कर प्रतिवेदन दस्तावेज सहित जांच समिति के जनप्रतिनिधियों को प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जांच समिति के जनप्रतिनिधि अपने अन्वेष उपरांत अभिमत महापौर परिषद को प्रस्तुत करेंगे।

## तेलीनबांधा में आयोजित हुई डांस प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

दशहरा के पावन पर्व पर सुमति दुर्गा उत्सव समिति रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, अध्यक्षता रविन्द्र वैष्णव मंडलअध्यक्ष भाजपा, विशेष अतिथि श्रीमती दुलेश्वरी चंद्रवंशी जनपद पंचायत सदस्य, धन्ना यादव वरिष्ठ भाजपा नेता, धर्मवीर चंद्रवंशी समाजसेवी, विजेंद्र वैष्णव ग्राम पटेल तेलिनबाधा, प्रभु राम यादव, हरिराम कँवर, ध्रुव कँवर, राजकुमार यादव, झाडू राम कँवर, कृष्णा साहू, रामानंद चंद्रवंशी, किशन मनगिरी, हरिराम निषाद मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि किरण वैष्णव ने कहा कि हमे भगवान श्रीरामचंद्र जी के आदर्शों को अपने जीवन मे उतारने की आवश्यकता है। साथ ही गांव के



विकास एव निर्माण कार्य मांग ग्रामवासियों द्वारा रखा गया जिसमें शीतला मंदिर प्रांगण चेकर टाईल्स लगाने बात कही गई। इस अवसर पर रविन्द्र वैष्णव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर के इस रिकॉर्डिंग डांस से वनांचल क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा अवसर इस मंच के माध्यम से मिलता है जिससे बच्चे आगे चलकर एक अच्छे कलाकार बन सके। कार्यकम को धर्मवीर चंद्रवंशी धन्नालाल यादव ने भी सम्बोधित किया। साथ ही आयोजन के अध्यक्ष डोमेश यादव, रूपेंद्र भंडारी, धनंजय गंधर्व, विमल दूधनाग, प्रदीप कँवर, भागवत यादव, मंगल दास साहू, हेमराज कँवर ,सुन्दर यादव, रामसिंग चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कोरोना काल में कांग्रेस की भूमिका अग्रणी : शाहिद भाई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने कोरोनाकाल में मृतक परिवार को मुआवजा देने के लिए छग सरकार की मजबूत पहल का स्वागत करते कहा कि पूरे कोरोनाकाल में कांग्रेस ने ही जनता को राहत से लेकर मुवावजा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। वहीं भाजपा ने जनता को महंगाई, किसानों को काले कानून की आग में झोंककर आपदा में अवसर ढूंढने का काम की है। महामंत्री शाहिद ने बताया कि जहां कांग्रेस की रीति और नीति जनता के हितों की लिए रहती है। वहीं भाजपा पूंजीवादी है, देश के युवा नेतृत्व राहुल गांधी ने कोरोना की आपदा को देखते सर्वप्रथम अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा एयरपोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ कड़ाई करने केंद्र सरकार से मांग की थी, पर केंद्र सरकार के



अडियल रवैया के चलते उनकी बातों को गौर न कर देश की जनता को कोरोना की आगोश में समाहित किया। जैसे-जैसे कोरोना महामारी बढ़ती गई वैसे-वैसे केंद्र में बैठी भाजपा सरकार अपना राजधर्म भूल सिर्फजुमलेबाजी में मस्त रही। जनता को राहत देने में पूरी तरह असफल रही। 20 हजार करोड़ की पैकेज को आज तक जनता ढूंढ रही है। वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने जहां गरीबों को मुफ्त चावल, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त शिक्षा किसानों एवं पशुपालकों के लिए न्याय योजना लागू कर राज्य ही नहीं विश्व में अपना जनहित हितैषी निर्णय का लोहा मनवाया है। वहीं भाजपा सरकार रसोई गैस पेट्रोल के दाम बढ़ाने सहित सरकारी संपत्तियों को जो बेचने का काम की है । जिसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ा है। उज्जवला योजना और तीन काले कृषि कानून घर की रसोई से लेकर देश को जलने पर विवश कर दिया है। कोरोनामें वैक्सीन रूपी बचाव के लिए देश की जनता आस लगाए बैठी थी, उस पर भी मोदी सरकार ने भेदभाव कर देश की जनता के साथ जब धोखे पर उतारू हो गई थी तो वहां भी राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह देश के युवा नेतृत्व राहुल गांधी ने जो मोदी सरकार को सुझाव दिए और उन मजबूत सुझावों को मोदी सरकार मानने पर विवश हुई। जिसके चलते ही देश के लोगों को युवाओं को वैक्सीन उपलब्ध हो पाई वैक्सीन नीति में भी छग सरकार ने निःशुल्क की घोषणा कर मोदी सरकार को जो आईना दिखाया।

## जिपं अध्यक्ष गीता साहू ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मातेखेड़ा एवं ग्राम पंचायत बैरागीभेड़ी के आश्रित ग्राम दीवान टोला में सीसी रोड भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू के अतिथि में विधिवत पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ कियागया। अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने ग्रामवासियों को दुर्गा अष्टमी एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाइयां शुभकामना देते हुए लोगों को सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर घासी राम साहू महामंत्री जिला किसान मोर्चा, द्रोपति मंडावी जनपद सदस्य, चंपा साहू सरपंच ग्राम पंचायत मातेखेड़ा, भग्गू राम चंद्रवंशी पूर्व सरपंच, शिवप्रसाद, कोमल साहू ,चित्रांगन साहू ग्राम जोशीलमती समाज सेवक, खिलेश्वर साहू महामंत्री भाजपा ग्राम साल्हेटोला, नरेश कुमार रोजगार सहायक, भुवन कुमार ग्राम पटेल,श्रीमती सुरजा बाई पंच ,मनीषा साहू पंच, कुंवारिया बाई पंच ,रैनी बाई पंच, राजेश साहू, मोहन साहू, युवराज, भूपेंद्र कतलाम, हेमा मानिकपुरी इसी तरह ग्राम पंचायत दीवानटोला में भूमिपूजन के दौरान संतोष कुंजाम सरपंच, यादो राम, बेदुराम, हस कुमार, घनश्याम, दसरू पुजारी, नवल, मदन ,भगोली, पंचू एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### इसी महिने आयोजित होनी हैं राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं

## अंतर्राष्ट्रीय मैदान में प्रतियोगिता की तैयारियां कर रहीं सीनियर, जूनियर टीम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हॉकी का सीनियर महिला व जूनियर बालिका हॉकी टीम का प्रशिक्षण शिविर विगत दिनांक 28 सितंबर से अंतरास्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में जारी है। छत्तीसगढ़ हॉकी के कार्यकरिणी निर्देशक कृष्णा यादव ने बताया कि आगामी दिनांक 20 से 29 अक्टूबर तक 11 वी हॉकी इंडिया जूनियर बालिका रास्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता सिमडेगा (झारखंड) में और 21 से 31 अक्टूबर तक 11वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला रास्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता झांसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होनी है। दोनों राष्टीय प्रतियोगिता में राज्य की टीमें भाग लेंगीजिसका प्रशिक्षण शिविर ,छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ,महासचिव मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में वरिष्ठ हॉकी कोच



भूषण साव एवं सुश्री आशा थामस के मार्गदर्शन में एनआईएस हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव द्वारा अंतरास्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में लिया जा रहा है।खिलाड़ियों के फीजिकल ट्रेनर शकील अहमद है।

उक्त प्रशिक्षण हेतु विगत माह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में दो दिवसीय चयनस्पर्धा का आयोजन किया गया था। जिसमे दोनों वर्ग के राज्य के विभिन्न जिलो से लगभग 85 महिला हॉकी खिलाड़ियो ने भाग लिया था।प्रशिक्षण शिविर में सीनियर वर्ग में 25 व जूनियर वर्ग में 22 महिला हॉकी खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिनके उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर दोनों ग्रुप में अंतिम 18 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जुनियर बालिका टीम 19को सिमडेगा तथा सीनियर महिला टीम 20 को झाँसी हेतु रवाना होगी। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सीनियर महिला खिलाड़ियों में भूमिका उपाध्याय, फातिमा खान, गीतांजलि निर्मलकर, धनेस्वरी कोर्राम, राजेश्वरी सिन्हा, पूजा सिंह, रुशाली कश्यप, अनिशा तिर्की, वैशाली आर्य, लछ्मी चंदेल, दीपा प्रजापति, अस्मिन खान, जया ध्रुव, नेमा निर्मलकर, वर्षा सोनकर, सुलोचना, पूजा यादव, गायत्री शिन्दे, नीलिमा तिरकी, खुशबू बाड़ा, शशि लकरा, बलविंदर कौर,यु ज्योति, आदि शामिल है।

उसी प्रकार जूनियर बालिका वर्ग में योगेस्वरी यादव, लीना कोसरे, संपदा निर्मलकर, कुसुम महतो, मोनिका तिरकी, लछ्मी प्रजापति, आँचल साहू, ईशा साहू, अनिशा साहू, मेघना साहू, हर्षिता कन्नोजे , मोलिसा वर्मा, अंजलि चौबे, सेवंती पोयम, शोबिता, अनिता खुसरो, संजनी, सिमरन, सीतल, वसुंधरा, स्यामली आदि शामिल है।

## डोले पर विराजमान होकर पहुंचे राम, भव्य आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

माई की नगरी डोंगरगढ़ में दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष हर्षोल्लास के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। जिसमें केवल 2 दिन की तैयारी में युवाओ के जोश ने उत्सव पर चार चांद लगा दिये। गोपाल शर्मा, अजय शर्मा के अगुवाई में सर्वप्रथम भगवान राम डोले में विराजमान होकर नरसिंह मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए राम लीला टोली के साथ हाईस्कूल मैदान पहुंचे। जहाँ विधिविधान के पूजा अर्चना सम्पन्न हुई व जनमानस को राम रावण की लीला व युद्ध देखने को मिला। इसके उपरान्त 30 फिट का रावण दहन किया गया। जिसमे भव्य आतिशबाजी का अद्भुत नजारा देखने को मिला जो मनमोहक था।




सभी की निगाहें एकटक दृष्टि से आसमान की ओर टिकी रही तथा उक्त कार्यक्रम का एलईडीस्क्रीन में लाइव टेलीकास्ट किया भी गया। आयोजन के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक भुवनेश्वर बघेल, अध्यक्षता सुदेश मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका डोंगरगढ़, थानेश्वर पाटिला, श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल, अनिल मेश्राम,हरीश भंडारी, श्रीमती संध्या देशपांडे, रिम्मी भाटिया, महेंद्र भाई पटेल, आयोजन में दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रघुवर अग्रवाल, रितेश पचेरीवाला, पिंटू भाटिया, सुनील तिवारी आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण वर्मा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कृष्ण कुमार पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, शिव कुमार चन्द्रा थाना प्रभारी, यमन देवांगन नगर पालिका डोंगरगढ़, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, श्री हनुमान भक्त युवा समिति, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, चंद्रगिरि ट्रस्ट समिति, दुर्गा अल्टीमेटम कलेक्शन, साहू बोरवेल्स, राजकुमार नरेडी, पत्रकार साथियों का विशेष सहयोग रहा।

# दुर्गा विसर्जन, हजारों की भीड़ सड़कों पर उतर आई

- डीजे और पटाखों की तेज आवाज, सड़को पर जाम
- गनीमत कि कोई अप्रिय वारदात या लड़ाई झगड़ा नहीं हुआ
- पुलिस करती रही निगरानी अब समितियों को नोटिस की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com



दुर्गा विसर्जन को लेकर पुलिस के सख्त निर्देश का कल रात उत्साही नागरिकों ने ध्यान ही नही दिया और बारिश के बाद भी हजारों की संख्या में लोग सड़क पर आकर जुलूस की शक्ल में नाचते गाते दिखे । इस भीड़ में कांग्रेस भाजपा के पदाधिकारी भी नजर आए ।

यह तो गनीमत रही कि लोगो ने बिलासपुर शहर की शांत फिजा को बरकरार रखा और कोई भी दुर्घटना या झगड़ा झांसा नही हुआ । हजारों की भीड़ के आगे पुलिस भी लाचार रही या यों कहें कि स्थिति को देखते हुए पुलिस ने समझदारी से काम लिया और अनावश्यक जोर जबरदस्ती नहीं की । दुर्गा विसर्जन के दिन नियमों का जाने अंजाने में या फिर धर्मभीरू जनता द्वारा किए उल्लघन पर पुलिस ने कहा उलंघन करने वालों को नोटिस भेजा जाएगा, कल दुर्गा विसर्जन में साउंड और भीड़ को लेकर निर्देश जारी किया गया था, लेकिन नियमो की खूब धज्जियां उड़ी, वही आज भी कई जगह पर विसर्जन है।

जिसे लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने कहा कि रात 10 बजे के बाद कही भी डीजे बजने पर डीजे जप्ती कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, वही पूरी रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप ड्रोन कैमरे के जरिये नियमो की उलंघन करने वालो पर नर रखे हुए थे। आज पूरे शहर में जहां भी डीजे साउंड का उपयोग मानक डेसिबल से अधिक पाया जाएगा। पुलिस उन पर चलानी कार्रवाई भी करती नजर आ रही है। कुछ आला अधिकारियों के बंगलों के आसपास डीजे साउंड का उपयोग किया जा रहा था जिसकी सूचना पुलिस को दी गई उस पर पुलिस द्वारा कार्यवाई जारी है। रविवार को प्रशासन को जो साउंड कानफोडू लग रहा था , वही कानफोडू ध्वनि कल रात प्रशासन के अधिकारियों को क्यों सुनाई नही दे रहा था? पूरे शहर कान के परदे फाड़ देने वाला और गंभीर मरीजों के लिए खतरनाक डी जे साउंड जोर शोर से बजाया जा रहा था ।सड़के अलग जाम हो रही थी वही तेज आवाज वाली पटाखों की गूंज से लोग अलग परेशान हो रहे थे । पुलिस विभाग अब उन दुर्गा समितियों पर भी कार्यवाई करने जा रही है। जिन्होंने कल रात ध्वनिविस्तारक यंत्रो का उपयोग मानक मापदंड से अधिक डेसिबल पर ध्वनि का उपयोग किया है।

बिलासपुर पुलिस का कार्य विगत वर्षो की तुलना में इस वर्ष सराहनीय रहा, कुछ एक छोटी घटनाओ को छोड़ कर कार्यक्रम शांति से गुजरा। इस पर एसएसपी दीपक झा, एवं एएसपी शहर उमेश कश्यप, सीएसपी स्नेहिल साहू व टीआई सीतल सिदार ने काफी होमवर्क भी किया था। विवादित समिति सदस्यों बात कर सीसीटीव के कैमरों के माध्यम से निगरानी में लगी हुई थी।

## नए चीफ जस्टिस गोस्वामी आज पदभार ग्रहण करेंगे



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के नए चीफ जस्टिस अरूप गोस्वामी कल 18 अक्टूबर को पदभार ग्रहण करेंगे । वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। कानून में महारत होने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं।

9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट में तबादला आदेश जारी होने के बाद 12 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के राजभवन में शपथ लेने वाले जस्टिस गोस्वामी 17 अक्टूबर को दशहरा अवकाश के बाद 18 अक्टूबर को बिलासपुर हाइकोर्ट में पदभार सम्हालेंगे। जस्टिस गोस्वामी ने क्रिकेट में रुझान के कारण क्रिकेट के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए असम की रणजी टीम में अपनी जगह बनाई और असम क्रिकेट टीम की तरफ से रणजी खेला। इसके अलावा गुवाहाटी बार एसोसिएशन के महासचिव रहते हुए उन्होंने हाइकोर्ट की द्विवार्षिक समाचार पत्रिका आत्मन का संपादन कार्य भी किया है।

असम के जोरहट में 11 मार्च 1961 को जन्मे अरूप कुमार गोस्वामी ने साल 1981 में गुवाहाटी के कॉटन कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने 1985 में वकालत की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद असम, नागालैंड, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश की बार काउंसिल में वकील के रूप में नामित हुए। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से सिविल, आपराधिक, संवैधानिक और सेवा मामलों पर पैरवी की। वकालत की लंबी पारी खेलने के बाद उन्हें 2004 में गुवाहाटी हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता मनोनीत किया गया। फिर वर्ष 2011 में उन्हें गुवाहाटी हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 2012 में स्थाई जज बन गए। जस्टिस गोस्वामी ने गुवाहाटी हाईकोर्ट में 24 जनवरी 2011 को न्यायाधीश के रूप में कार्यभार सम्हाला और 14 अक्टूबर 2019 तक वहां कार्यरत रहे। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार सम्हाला।इसके अलावा वो 15 अक्टूबर 19 से 5 जनवरी 21 तक सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। 6 जनवरी 2021 को उन्होंने आंध्रप्रदेश के उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश का पदभार सम्हाला था।

### आज होगा ओवेशन

नए चीफ जस्टिस के स्वागत के लिए हाईकोर्ट में तैयारियां कर ली गई हैं। सोमवार को उनका ओवेशन रखा गया है। बुधवार को सीजे गोस्वामी ने हाईकोर्ट के जस्टिस के साथ ही न्यायिक अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। गुरुवार को भी जस्टिस व अफसरों से मुलाकात का दौर चलता रहा। साथ ही, हाईकोर्ट के सीनियर अधिवक्ताओं ने भी उनसे भेंट की। हाईकोर्ट में 17 अक्टूबर को दशहरा अवकाश खत्म हो रहा है। हाईकोर्ट में कामकाज शुरू होने के पहले ही दिन चीफ जस्टिस गोस्वामी के सम्मान में ओवेशन का आयोजन होगा। इसके बाद सीजे के रूप में कामकाज शुरू करेंगे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान चाकूबाजी इलाज के लिए सिम्स में भटकता रहा

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com



दुर्गा विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच हुआ विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गई। घायल युवक को परिजन सिम्स लेकर पहुंचे लेकिन इलाज में हो रही देरी और अब्यवस्था के कारण उसे लेकर वापस चले गए। घायल युवक को परिजन कहां लेकर गए है इसकी जानकारी रविवार दोपहर तक किसी को नहीं थी।

घटना शनिवार और रविवार दरमियानी रात की है। आधी रात के बाद मगरपारा के बजरंग युवा मंच और त्रिदेव युवा मंच दो दुर्गोत्सव समितियां अपनी-अपनी दुर्गा प्रतिमा को लेकर विसर्जन करने निकले। दोनों समितियों के लोग अपनी-अपनी टोली के साथ नाचने में ब्यस्त थे। इसी दौरान दोनों समितियों के कुछ युवक आपस मे भीड़ गए। पहले गली-गलौच हुआ, फिर देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक ने चाकू निकालकर दूसरे पर हमला कर दिया। इस हमले में देव गुप्ता नामक युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि चाकू से हमला करने वाले युवक का नाम राहुल गेमटे है। चाकू से हमला होने के बाद दोनों समितियों के बीच भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। आनन फानन में चाकूबाज़ी से घायल पक्ष युवक को लेकर सिविल लाइन थाने पहुंचे। लेकिन कोई भी ज़रूरी लिखा पढ़ी किए बिना ही उन्हें सिम्स अस्पताल जाने को कह दिया गया। थाने से परिजन पहले उस घायल युवक को सिम्स लेकर गए।

## तालाब में डूबने से 2 मासूमों की मौत

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com

बिल्हा क्षेत्र के बिटकुली में दो बच्चियां नहाने के दौरान तालाब के गहरे पानी में चली गईं। इस बीच उनके साथ नहा रही सहेलियों ने शोर मचाया। आसपास कोई नहीं होने से बच्चियों ने बस्ती में आकर इसकी जानकारी दी। लोग गहरे पानी में डूबी बच्चियों को जब तक निकालते तब तक उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

बिल्हा क्षेत्र के बिटकुली निवासी सुहाना कुर्रे(11) व गुंजल पात्रे(10) शुक्रवार की सुबह तालाब में नहाने के लिए गई थी। उनके साथ सात-आठ अन्य बालिकाएं भी थीं। सभी एक साथ तालाब में नहा रही थीं। इसी बीच सुहाना और गुंजल गहरे पानी में चली गईं। तालाब के गहरे पानी में दोनों डूबने लगी। इसे देख उनकी सहेलियों ने शोर मचाया। इस दौरान आसपास कोई मौजूद नहीं था। इसके कारण बच्चियां भागकर बस्ती की ओर आई।

उन्होंने सुहाना और गुंजल के घर में इसकी जानकारी दी। साथ ही गांव वालों को भी इस संबंध में बताया। दो बच्चियों के गहरे पानी में डूबने की जानकारी पर गांव के लोग तालाब की ओर भागे। तालाब में उतरकर गांव वालों ने बच्चियों की तलाश शुरू कर दीं।

## डिप्टी रेंजर की संदिग्ध मौत, पत्नी के साथ अन्य महिला का विवाद

**बिलासपुर।** शनिवार रात मिली डिप्टी रेंजर की लाश की जांच करने पहुंची पुलिस को नए विवाद का सामना करना पड़ा। वहां पहुंची एक महिला ने डिप्टी रेंजर की मौत का कारण उनकी पत्नी और घरवालों को बताया, जबकि घरवालों ने उस महिला को जिम्मेदार बताया। पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत करा महिला को वहां से भेजा। चकरभाठा स्थित राम मंदिर के पीछे रहने वाले देवेंद्र पाठक (61 साल) डिप्टी रेंजर थे। पिछले कुछ समय से वे ड्यूटी पर नहीं जा रहे थे। वे चकरभाठा में अकेले रहते थे। सरकंडा में भी उनका मकान है, जहां पत्नी अंजना पाठक रहती थीं। यहां उनकी दो बेटियां भी रहती हैं । बताया जा रहा है कि दूसरी महिला के साथ उनका प्रेम संबंध हो गया था। इसके चलते उनकी पत्नी के साथ आए दिन विवाद होता था। महिला भी उनके साथ कभी-कभी रुक जाती थी।

बुधवार को सरकंडा से उनकी पत्नी और बेटियां चकरभाठा आए थे। इस दौरान वह महिला भी वहीं थी। इन लोगों में आपस में जमकर विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी-बच्चे घर लौट गए और महिला भी अपने घर चली गई।

देवेंद्र पाठक शराब पीने के आदी हो गए थे। चार दिनों तक रेंजर का कुछ पता नहीं चला। परिवार वालों ने भी उनकी खोज खबर नहीं ली। शनिवार की रात आसपास के लोगों को उनके घर से बदबू आने का आभास हुआ। तब उनके साले को बुलाया गया। उनके आने के बाद घर में जाकर देखे तब पता चला कि कमरे के अंदर बिस्तर में डिप्टी रेंजर मृत हालत में पडे थे। उनके शव से बदबू भी आने लगी थी। इस घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने कमरे को सील कर दिया।


## रग्बी फुटबॉल मैच में बिलासपुर की टीम ने राजधानी की टीम को हराकर जीता स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर की रग्बी फुटबॉल टीम ने राजधानी की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता है ।बिलासपुर की टीम ने इसके पहले 10 अक्टूबर को बिलासपुर में आयोजित स्पर्धा में बसना की टीम को फाइनल मैच में हराया था । रग्बी फुटबॉल स्टेट चैंपियनशिप स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में संपन्न हुआ जिसमे विभिन्न जिलों की टीम उपस्थित हुई न्यायधानी की टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में धमतरी के विरुद्ध

20–0 से बढ़त हासिल किया और फाइनल में अपनी जगह बनाई फाइनल मुकाबला रायपुर विरुद्ध बिलासपुर हुआ जिसमे पहले हाफ में दोनो ही टीमों के अंक बराबर थे लेकिन दूसरे हाफ में बिलासपुर के खिलाडियों ने अपना दमःखम दिखाया और 17–0 से मैच जीता। बिलासपुर रग्बी टीम का मुख्य अतिथियो द्वारा तारीफ जताया गया ।टीम के कप्तान मोहन तिवारी और उपकप्तान श्रीजन धर दीवान ने अपनी बेहतरीन कप्तानी के दम पर पूरी टीम जॉन्टी एक्का, मार्क थॉमस, शुभम माणिक, दीपक रजक, ऋतिक श्रीवास्तव, अभिनव यादव, ओम प्रकाश यादव, अंकेश पाण्डेय ,रोहित गुप्ता, राकेश तिवारी, को फाइनल मुकाबले तक लेकर गया व स्वर्ण पदक जीता टीम मैनेजर प्रकाश केवट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नए रोस्टर के साथ हाईकोर्ट में आज से होगी सुनवाई



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस के आते ही हाईकोर्ट के रोस्टर में बदलाव किया गया है। दशहरा की छुट्टी के बाद कल यानी सोमवार से हाईकोर्ट में नए रोस्टर के साथ नियमित सुनवाई होगी। नए रोस्टर के तहत 3 डीबी और 10 सिंगल बेंच में सुनवाई होगी। इसमें चीफ जस्टिस ए के गोस्वामी और जस्टिस गौतम भादुड़ी की अलग-अलग दो स्पेशल बेंच भी शामिल है।

हाईकोर्ट द्वारा जारी नए रोस्टर में फर्स्ट डिविजन बेंच चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी और जस्टिस गौतम भादुड़ी की होगी। इस बेंच में सभी रिट मैटर, रिट अपील, जनहित याचिका, रिट पिटीशन, बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका, टैक्स के मामलों की सुनवाई होगी। वहीं दूसरी डीबी जस्टिस संजय के.अग्रवाल व जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की है इसमें सभी आपराधिक मामले और व्यवसायिक केस सुने जाएंगे। तीसरी डीबी जस्टिस पी. सैम कोशी व जस्टिस रजनी दुबे की है। तीसरे डीबी में सभी सिविल मैटर, कंपनी अपील की सुनवाई होगी। वहीं विशेष बेंच में चीफ जस्टिस और जस्टिस गौतम भादुड़ी डीबी के बाद दोपहर 2.15 बजे से सुनवाई करेंगे।

## युवक की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंकी लाश

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com



बिलासपुर के दगौरी रेलवे स्टेशन के पास युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने के मामले की गुत्थी पुलिस सुलझा ली है। पता चला है अवैध संबंध के चलते दो युवकों ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो युवकों को पकड़ पूछताछ कर रही है। पुलिस इस पूरे मामले में जल्द खुलासा कर सकती है।

शनिवार की सुबह जीआरपी थाना प्रभारी जीआर राठिया को सूचना मिली कि दगौरी स्टेशन से कुछ दूर में रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश पड़ी है। खबर मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। शव को देखकर ही पहली नजर में हत्या की आशंका जताई गई। दरअसल, जिस पटरी पर शव को मिला, उस ट्रैक से कोई गाड़ी ही नहीं गुजरी थी। शव की जांच करने पर पता चला कि युवक के सिर में कई जगह गंभीर चोंटों के निशान हैं। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की और युवक की पहचान करने की कोशिश की। तब कुछ ग्रामीणों ने युवक की पहचान मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र के मोहभट्ड़ठा निवासी राजू उर्फ विभीषण वर्मा (30 साल) के रूप में की थी।

### गले पर कसा हुआ था फंदा, पास में खून लगे पत्थर मिले थे

इस बीच पुलिस ने उसके परिजन को सूचना दी। पूछताछ में पता चला कि राजू गांव में जूता-चप्पल की दुकान चलाता था। उसका भाई हेमंत वर्मा की भी कपड़े की दुकान है। पुलिस को आशंका है कि घटना शुक्रवार की देर रात की है। वहीं पुलिस को जांच में मौके से खून लगे पत्थर और युवक के शरीर पर खून के निशान मिले थे। इसी वजह से पुलिस को पहले से ही युवक की हत्या का शक था। मामले में यह भी पता चला था कि शुक्रवार रात को जब राजू के भाई ने उसे फोन किया था। तब उसने बताया था कि वह दोस्त के साथ है। राजू शुक्रवार की देर शाम 7 बजे दुकान बंद कर अपने दोस्तों के साथ बाहर जाने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा था।

**शिक्षक की पत्नी की आंसुओं पर भी नहीं पसीजा अफसरों का दिल, नहीं हुआ संविलयन**

## 22 महीने से नहीं मिला जीवन निर्वाह भत्ता




**बिलासपुर।** पंचायत विभाग का हाल प्रदेश में किसी से छिपा नहीं है चाहे शिक्षाकर्मियों को एरियर्स देने का मामला हो या उनके एनपीएस राशि की भुगतान का। उनकी समस्या जस की तस रहती है। सरगुजा जिले के सीतापुर विकासखंड के अफसरों ने तो हद ही पार कर दी है। यहां एक निलंबित शिक्षक को 22 महीने से न तो जीवन निर्वाह भत्ता दिया जा रहा है और न ही उनका संविलयन किया गया है। शिक्षक के साथ उनकी पत्नी भी फरियाद लेकर कार्यालयों का चक्कर काट रही हैं। मामला सीतापुर ब्लाक के माध्यमिक विद्यालय राधापुर का है। यहां पदस्थ शिक्षक बरतराम नायक को जिला पंचायत ने एक प्रकरण में दोषी मानकर नवंबर 2017 में निलंबित कर दिया और उनकी पदस्थापना मैनपाट विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कर दी। विभाग के नियमानुसार निलंबन के दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता थी। निलंबन आदेश में भी इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया था। लेकिन इसके बावजूद विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने उनका वेतन भुगतान रोक दिया। उन्हें सीतापुर ब्लाक मुख्यालय से वेतन दिया जाना था। स्थिति यह है कि उन्हें जनवरी 2019 से लेकर दिसंबर 2020 तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

पीड़ित शिक्षक ने कई बार आफिस में आवेदनपदत्र प्रस्तुत कर जीवन निर्वाह भत्ता देने की मांग की। इस बीच आर्थिक तंगी होने पर उनकी पत्नी ने भी अफसरों को आवेदनपत्र देकर गुहार लगाई। लेकिन कार्यालय में बैठे अधिकारी और कर्मचारियों का दिल नहीं पसीजा। अफसर व कर्मचारियों के इस अ?रियल रवैए से परेशान होकर उन्होंने सर्व शिक्षक संघ के अधिकारियों को अपनी व्यथा सुनाई है। इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश सेंगर का कहना है कि यह मामला मेरे कार्यकाल के पूर्व का है। अब मामला मेरे संज्ञान में आया है। शिक्षक के भुगतान के संबंध में उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ से चर्चा की है। शीघ्र ही शिक्षक को जीवन निर्वाह भत्ता की राशि उनके खाते में जमा करा दी जाएगी। सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक दुबे ने बताया कि शिक्षक की शिकायत पर अंबिकापुर कलेक्टर के साथ ही जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की गई है। इस मामले में लापरवाही बरतने व शिक्षक को परेशान करने वाले दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। अफसरों ने प्रकरण को संज्ञान में लिया है और पी?त शिक्षक को शीघ्र ही जीवन निर्वाह भत्ता देने की बात कही है।

### नियमों की अनदेखी कर संविलियन से भी कर दिया गया वंचित

शासन द्वारा शिक्षा कर्मियों का संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में किया गया है। इसके तहत निलंबित कर्मचारियों के संबंध में भी स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी कर्मचारी को निलंबित किया गया है और उसकी विभागीय जांच हो रही है तो भी उसका संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में किया जाना है। ऐसे प्रकरणों की जांच जांच स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाना है। वहीं मामले का प्रस्तुतकर्ता जिला पंचायत होगा। लेकिन, इस निर्देश की भी अनदेखी करते हुए शिक्षक को संविलियन का लाभ नहीं दिया गया है।

## नींद इतनी गहरी कि कोतवाली थाना स्टाफ ने चोरी की रिपोर्ट नही लिखी

**बिलासपुर।** नींद की आगोश में कोतवाली पुलिस स्टाफ ने देर रात टिकरापारा में हुई एक चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने गई युवती को उल्टे पांव वापस लौटा दिया। पीड़िता का आरोप है कि रात में ड्यूटी पर बैठे पुलिस कर्मी ने उसकी एक न सुनी और नींद से पुलिस कर्मी एने चोरी की रिपोर्ट लिखाने सिविल लाइन भेज दिया। इधर सिविल लाइन पुलिस ने जब टिकरापारा क्षेत्र का नाम सुना तो उसे समझा कर वापस कोतवाली थाने जाने को कहा, अब देर रात से पीड़िता थाने का चक्कर लगा रही है।

टिकरापारा मन्नू चौक पोस्ट ऑफिस के बाजू शंकर बाड़ा निवासी रानू मौर्य का परिवार बीते शनिवार की रात इमलीपारा में स्थित एक भवन में पार्टी में गई थी । घर के सुने पन का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उसके बेडरूम के दरवाजे का ताला तोड़ा और अलमारी में रखें सोने चांदी के करीब तीन लाख के जेवरातो पर हाथ साफ कर दिया घटना की जानकारी घर लौटते ही लगभग 2.30 से 3.00 के बीच रानू मौर्य को लगी। उसने देखा कि कमरे में रखी अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। यह नजारा देख हड़बड़ाई युवती तत्काल कोतवाली थाने पहुंची और ड्यूटी अफसर को अपनी व्यथा से अवगत कराया। रानू मौर्य ने बताया कि पहले उसने 112 को कॉल किया था। पुलिसकर्मी आए और घटनास्थल की फोटो लेकर चोरी के रिपोर्ट लिखाने सिटी कोतवाली थाने की जाने की सलाह दी, इधर थाने में नाइट अफसर ने पहले तो घटना की जानकारी ली और बाद में नींद में होने का बहाना कर उसे चोरी की रिपोर्ट लिखाने सिविल लाइन थाने जाने कहा पीड़िता जब सिविल लाइन थाने पहुंची तो उसने वहां भी सारे घटनाक्रम की जानकारी पुलिसकर्मी को दी जैसे ही सिविल लाइन थाना स्टाफ ने घटनास्थल टिकरापारा सुना तो युवती को एक बार फिर कोतवाली थाने जाने को कहा

इधर देर रात से रविवार की सुबह तक रिपोर्ट दर्ज तो दूर कोतवाली थाने की पुलिस एक बार भी घटनास्थल स्थल झांकने नही गई है जबकि पीड़िता सुबह से थाने में डटी हुई है ताकि उसकी रिपोर्ट दर्ज हो सके।

### नशेड़ी युवकों पर शक

पीड़िता ने बताया कि उसके कमरे के ठीक पीछे खाली मैदान है जहां हर रोज नशेड़ी युवकों का जमावड़ा लगता है और तरह-तरह का नशा युवक करते हैं। उसे शक है कि घर के सूनेपन का फायदा उन्ही युवको ने उठाया होगा।

## कृषि मंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ टी कॉफी बोर्ड का किया जाएगा गठन

# जशपुरिया चाय ने बढ़ाया प्रदेश का मान, भूपेश बघेल ने चाय-काफी की खेती को बढ़ावा देने टी काफी बोर्ड के गठन का लिया निर्णय





पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में चाय और काफी की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि मंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ टी काफी बोर्ड का गठन किए जाने का निर्णय लिया है। उद्योग मंत्री छत्तीसगढ़ टी काफी बोर्ड के उपाध्यक्ष होंगे। बोर्ड में अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, कृषि उत्पादन आयुक्त, प्रबंध संचालक सीएसआईडीसी, कृषि,उद्यानिकी एवं वन विभाग के एक-एक अधिकारी सहित दो विशेष सदस्य भी शामिल किए जाएंगे।

### अधिकतम आय के लिए निर्णय

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि स्थानीय कृषकों एवं प्रसंस्करणकर्ता लोगो को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए और राज्य में चाय-कॉफी की खेती को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ टी काफी बोर्ड का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 वर्षों में कम से कम दस-दस हजार एकड़ में चाय एवं काफी की खेती करने का लक्ष्य अर्जित किया जाएगा।

चाय एवं कॉफी की खेती करने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं कृषि विभाग की अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

### जशपुर में विशेष पैदावार

उल्लेखनीय है कि राज्य के उत्तरी भाग, विशेषकर जशपुर जिले में चाय तथा दक्षिणी भाग, विशेषकर बस्तर जिले में कॉफी की खेती एवं उनके प्रसंस्करण की व्यापक संभावनाएं हैं। इसमें उद्यानिकी एवं उद्योग विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों से तकनीकी मार्ग दर्शन लेने के साथ ही निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, निवेशकों एवं कन्सल्टेंट्स की सहायता भी ली जाएगी।

### मध्य भारत में अकेला जशपुर अनुकूल

जशपुर जिले के पठारी क्षेत्र की जलवायु चाय की खेती के लिए अनुकूल है। मध्य भारत में जशपुर जिला ही ऐसा है जहां पर चाय की सफल खेती की जा रही है। शासन के जिला खनिज न्यास मद योजना, वन विभाग के संयुक्त वन प्रबंधन सुदृढ़ीकरण, डेयरी विकास योजना एवं मनरेगा योजना से चाय खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शासन के सहयोग से लगभग 50 कृषकों के 80 एकड़ कृषि भूमि पर चाय की खेती का कार्य प्रगति पर है। चाय बगान लगाने के 5 साल के बाद ही चाय का उत्पादन पूरी क्षमता से होता है।

## पत्थलगांव हादसा को लेकर भाजयुमो ने सीएम बघेल का पुतला दहन किया, पुलिस के बीच हुई झूमाझटकी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पत्थलगांव में माँ दुर्गा विसर्जन के दौरान हुई दुखद घटना के विरोध में जिला भाजपा के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया गया। भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतले को बनाकर पहले शव यात्रा निकाली और फिर बस स्टैंड में पुतला दहन का प्रयास किया। शव यात्रा व पुतला दहन की प्रक्रिया में दो स्थानों पर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। भाजपा कार्यालय से शव यात्रा के निकलते ही पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतले को छिनने में सारी ताकत झोंक दी। वहीं भाजपाइयों ने भी पुतला को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस प्रक्रिया में पुतले के चिथड़े चिथड़े हो गए। भाजपाइयों ने इसके बाद बिना पुतले के पैदल मार्च करते हुए एवं नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचे, जहां दूसरा पुतला लाया गया। लेकिन यहां भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी और पुलिस ने पुतला छिनने की कोशिश की। यहां दूसरी बार जमकर कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हुई, जिसमें कई लोग गिरे और कई लोग पुलिस के द्वारा फेंके गए पानी में भीग भी गए। इस दौरान यह भी देखने को मिला कि कई बार पुलिस ने कार्यकर्ताओं को उठाकर भीड़ से अलग करने की कोशिश की लेकिन कई बार यह भी देखने को मिली कि कार्यकर्ताओं ने पुलिस जवानों को उठाकर भीड़ से बाहर कर पुतला दहन करने का प्रयास किया गया। इस प्रक्रिया में यहां भी पुतले के चिथड़े चिथड़े हो गए और अंततः नारेबाजी करते हुए पुतला दहन का कार्यक्रम समाप्त हुआ। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता ओम प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पत्थलगांव में हमला हुआ है। और इस घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि जशपुर जिले में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति हिंदुओं के ऊपर षड्यंत्र के तहत हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि घटना के विरोध में हर जगह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया जा रहा है।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

# आपसी भाईचारा के साथ मनाया जायेगा ईद-मिलादुन्नबी त्यौहार

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार जिले में आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। कलेक्टर चन्दन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा की विशेष उपस्थिति में जिला कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमे मुस्लिम समाज सहित अन्य समाज के पदाधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे। शांति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ईद-मिलादुन्नबी त्यौहार के अवसर पर 19 अक्टूबर को संजय नगर मस्जिद से गिट्ठी चौक स्थित बड़े मस्जिद तक शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है। जुलूस में डीजे साऊण्ड सर्विस का उपयोग नही किया जायेगा और न ही बाईक रैली निकालने की अनुमति होगी, राष्ट्रीय राजमार्ग पर जुलूस की अनुमति भी नहीं होगी। जुलूस में सीमित संख्या में लोगों को शामिल करने की समझाईश भी दिया गया। कलेक्टर चन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने जिले के नागरिकों से अपील किया है कि ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जावे। बैठक में नगर पालिका परिषद कांकेर के उपाध्यक्ष मकबूल खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.एन. बघेल, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव, एसडीओपी चित्रा वर्मा, अंजुमन इस्लामिया कमेटी कांकेर के अध्यक्ष अमजद वारसी, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मो. आवेश मेमन, छत्तीसगढ़ मुस्लिम संगठन के अध्यक्ष मो. जुनेद मेमन, अध्यक्ष हुजूर अमीने शरीयत, मो. लतीफ मेमन, हनीफ मेमन, ऐल्डरमेन यासिन कराणी, सोमेश सोनी, मनोज ठाकुर, सुरेश तिवारी, राकेश तिवारी, अखिलेश चंदेल, देवेश श्रीवास्तव, मनोज साहू, पत्रकार विजय पाण्डेय, योगेश सिन्हा, अनुराग उपाध्याय, गौरव श्रीवास्तव, तामेश्वर सिन्हा, अमित चौबे, विरेन्द्र यादव, देवेन्द्र साहू, आशीष परिहार, शाहरूख खान, हबीबराज, टोकेश्वर साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त सरकार और विपक्ष को जनसरोकार से कोई वास्ता नहीं : सांखला

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com

विगत दो साल कोरोना महामारी के चलते आम जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा है चाहे वह मजदूर हो किसान हो सभी भयवाह स्थिति से अपना जीवन निर्वहन किया है। कोरोना काल में कालाबाजारी, जमाखोरी सहित जमकर लुट मची थी इस आपदा मे भी पीडित वर्ग को कोई राहत नहीं मिला जमाखोरी कालाबाजारी तो प्रशासन के नाक के नीचे चलता रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने पूरे देश वासियों का बजट बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड रहे है! लगातार महंगाई चरम पर है, पेट्रोल-डीजल के दाम भी लगातार कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं।सभी चीजों की कीमत दोगुनी हो चुकी है, किसी भी चीज पर दाम कम होते हुए नजर नहीं आते हैं। इस बार लोगों के त्योहारों पर महंगाई की मार पड़ रही है।महंगाई से लोगों के घर का पूरा बजट भी बिगड़ चुका है। मंहगाई सारी सीमा लांघ चुका है चाहे वह पेट्रोलियम पदार्थ हो चाहे खाने पीने का वस्तु हो चाहे मकान निर्माण समाग्री क्यों ना हो किसी भी वस्तु मे आम जनता को कोई राहत सरकार नहीं दे रही है। आज मकान निर्माण साम्रगी के दाम बढ़ने से घर बनवाना भी महंगा हो गया है। सीमेंट और सरिया से लेकर रेत व ईंट तक के दामों में काफी उछाल आया है।सरिया के दाम 5500 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 6000 रुपये पहुंच गए हैं। इतना ही नहीं गिट्टी के दाम 30 रुपये फिट मे बेचा जा रहा है।सबसे खास बात यह है कि सीमेंट बनाने के सभी समाग्री छत्तीसग? में ही उपलब्ध है बिजली पानी गॅ मटेरियल प्रचूर मात्रा मे प्रदेश में है बावजूद यहाँ सीमेंट की बोरी के दाम भी सवा तीन रुपये तक हो गए है।

जबकि सीमेंट का दाम छत्तीसगढ़ राज्य में दो से ढाई सौ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए बावजूद सरकारी तंत्र के सामने सीमेंट कारखाने वाले लुट मचा रखे है और इस लुट मे सरकार तथा विपक्ष दोनों मौन साधे चुपचाप बैठे हुये है।क्या छत्तीसगढ़ सरकार और विपक्ष दोनो मिलकर लुट की खुली छुट दे रखे है?

आज मकान बनाने के तकरीबन सभी सामान के दाम बढ़ने से गरीब मध्य वर्ग किसान को अपनी छत का सपना भी महंगा हो गया है। सीमेंट और स्टील इंडस्ट्री बढ़ते रेट पर लगाम लगाने की जरूरत है।सीमेंट और स्टील इंडस्ट्री का रवैया जनता को लुटकर एक छत्र राज करने जैसा है। बढ़ते महंगाई पर लगाम लगाने की जरूरत है। हर स्टील कंपनी के पास अपनी लोहे की खदान है श्रम और उर्जा में कोई इजाफा नहीं हो रहा है। लेकिन दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। सीमेंट फैक्ट्रियां अपने मनमानी पर उतर है बावजूद राज्य सरकार व्दारा ध्यान नहीं दिया जाना समझ से परे है।

# प्रयास के दो विद्यार्थी जेईई एडवांस में सफल : आईआईटी में मिलेगा प्रवेश

**अम्बिकापुर।** देश के सर्वोच्च इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई एडवांस परीक्षा 2021 में जिले के प्रयास आवासीय विद्यालय के दो विद्यार्थी सफल हुए है। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। आयुक्त आदिवासी विकास जेआर नागवंशी ने बताया कि इस परीक्षा में प्रयास एवं एकलव्य विद्यालय के कुल 18 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिनमें से प्रयास विद्यालय के नीलकमल राम और कु सोमा सफल हुए। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के बाद आईआईटी में इनका दाखिला होगा। उल्लेखनीय है कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के अध्ययन एवं सर्वांगीण विकास के लिए यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। वर्तमान में इस योजना के तीन घटक- आस्था, प्रयास एवं सहयोग है। 'प्रयास' योजना मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के महत्वाकांक्षी घटकों में से एक है। इसके अंतर्गत प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों के मेधावी छात्र-छात्राओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्यापन के साथ-साथ जेईई (मेन्स एवं एडवांस), नीट, पीईटी, क्लेट, सीए, सीएस आदि की कोचिंग दिया जा रहा है।

# वन्य प्राणी तेंदुआ खाल की तस्करी करते हुए 2 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले के रूद्री थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तेंदुआ खाल की बिक्री के लिए ग्राहक तलाशते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तेंदुआ की खाल सहित बाइक जब्त किया है।

बता दे कि पकड़े गए आरोपी का नाम रघुनाथ निषाद 22 वर्ष निवासी खिलौली उड़ीसा व विमल यादव 26 वर्ष निवासी मैनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरारी-कुकरेल मार्ग स्थित मां लोलरदाई मंदिर तिराहा के पास घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति को आते दिखे जिन्हें रोका गया। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर नाम-पता पूछकर विधिवत तलाशी ली गई। मोटरसाइकिल में पीछे बैठे व्यक्ति के प्लास्टिक बोरी रखा था, जिसकी तलाशी लेने पर बोरी में वन्य प्राणी तेंदुआ की 1 नग खाल बरामद हुआ, जिसके संबंध में पूछताछ करने पर संतुष्टिप्रद जवाब नहीं दिया। जिसकी कीमत 10 लाख रूपए के आसपास बताई जा रही है।

### स्वर्णिम विजय मशाल यात्रा 19 अक्टूबर को पहुंचेगी कांकेर

**कांकेर।** सन 1971 के युद्ध में भारत की पाकिस्तान पर पूर्ण विजय की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वर्णिम विजय वर्ष मनाया जा रहा है। स्वर्णिम विजय मशाल 19 अक्टूबर को कांकेर पहुंच रही है। मशाल यात्रा में 06 अफसर एवं 50 जवान रहेंगे। स्वागत सम्मान शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से किया जायेगा। उक्त मशाल यात्रा का प्रचार -प्रसार रथ के माध्यम से आज से शुरू हो गया है।

# मेडिकल कॉलेज में 4 घंटे में 4 नवजात बच्चों की मौत



**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर के राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज में शनिवार को 4 नवजात बच्चों की मौत के बाद मचे हड़कंप के बीच प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव रविवार को अपने दिल्ली प्रवास के सारे कार्यक्रमों को स्थगित कर दिये। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए सिंहदेव ने बिलासपुर और रायपुर से स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम को अंबिकापुर पहुँचने के लिए निर्देशित भी किया है। बता दे कि शनिवार सुबह 3:30 से 6:45 बजे के बीच अस्पताल भवन के एसएनसीयू में भर्ती 4 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी जिससे परिजन आक्रोशित हो गए। नवजात बच्चों की मौत से भड़के परिजनों ने अस्पताल की बिल्डिंग के सामने की सड़क पर चक्काजाम करते हुए घंटो तक प्रदर्शन किया और स्वास्थ्य मंत्री को बुलाने की मांग की थी। हालांकि इस मामले में स्वास्थ्य अमले का कहना है कि नवजात बच्चे प्रीमेच्योर थे जिस वजह से उनकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि जिले के बैजनाथपुर के उदय सिंह ने 12 अक्टूबर, राजपुर के महेश ने 13 अक्टूबर, दरिमा के देवानंद 19 अक्टूबर और उदयपुर के बालकेश्वर ने को 15 अक्टूबर को अपने नवजात बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया था जिनकी मौत हो गई।

# भूमिहीन कृषि मजदूरों को अनुदान सहायता : छोटी छोटी जरूरतें पूरी होने से मिलेगी बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता देने की पहल करते हुए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पंजीकृत ग्रामीण क्षेत्र के भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 6 हजार रुपये मिलेंगे। इस राशि से ग्रामीण मजदूरों की रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरते पूरी होगी जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। जिले में अब तक 5172 भूमिहीन मजदूरों ने पंजीयन कराया है।

भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर तहसील में 1158,दरिमा तहसील में 596,लुंड्रा तहसील में 466,सीतापुर तहसील में 703, मैनपाट तहसील में 414, बतौली तहसील में 1077, लखनपुर तहसील में 422 तथा उदयपुर तहसील में 336 ग्रामीण मजदूरों ने पंजीयन कराया है।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतो में ग्रामीण भूमिहीन किसानों से आवेदन लेकर पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन 30 नवंबर 2021 तक होगा। योजना अंतर्गत पात्रता केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को होगी। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे सभी निवासी भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे जिस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे- पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। अम्बिकापुर जनपद के ग्राम पंचायत कतकालो के भूमिहीन मजदूर मोहन राम ने अपना आवेदन ग्राम पंचायत में जमा किया।

उन्होंने कहा कि सरकार के इस योजना से भूमिहीन मजदूरों को सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छाया प्रति लेकर जाना है।

SHRI BALAJI
Institute of Nursing
SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब : www.balajinursingcollege.com

# 30 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी लवन को रविवार 17 अक्टूबर को मुखबीर केमाध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सरखोर मैं दरशु चेलक ने अवैध बिक्री के लिए अपने घर के बाड़ी में अवैध बिक्री हेतु शराब छुपा कर रखा है की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर अवैध कारोबार करने वालों पर शिकंजा कटने की निर्देश पर हमराह स्टाफ के मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी दरशु चेलक के कब्जे से 30 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती ?6000 समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2 )आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया जंहा से आरोपी को उपजेल बलौदाबाजार भेज दिया गया । सम्पूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बीके सोम, हमराह सहायक उपनिरीक्षक एसके कुरेशी ,सहायक उपनिरीक्षक संजीव राजपूत ,आरक्षक गुमान सिंह जायसवाल ,जितेंद्र साहू, विजय साहू ,का विशेष योगदान रहा।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching,
Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403